आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 07:06 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 315, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज 14

जोड़ी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति 13

## एक नजर

### सीजेआई ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमाला में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने वैकुंठ क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में प्रार्थना की। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकुला मंडपम में सीजेआई और उनके परिवार को वेदसेवाचनम अर्पित किया। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुला मंडपम में वैदिक आशीर्वाद दिया।

### हेरोइन और हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** बीएसएफ ने रविवार को पंजाब के फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जवानों ने गांव अमर सिंह, ढाणी फतूवाला, जिला फाजिल्का से दो तस्करों को पकड़कर एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा राउंड और दो आई-फोन बरामद किए।

### भाजपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर दी जान

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के 22 वर्षीय पुत्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अरावली विहार थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने रविवार को बताया कि सुबह साढ़े सात बजे अरावली विहार थाने पर सूचना मिली कि सौनावा डूंगरी निवासी भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के पुत्र गौरव ने आत्महत्या कर ली।

# लगातार भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़, खेत-खलिहान जलमग्न

## पूर्वी उप्र. में भारी बारिश का अलर्ट, वज्रपात की भी आशंका

- मुख्यमंत्री योगी ने की 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बीते तीन दिनों से भारी बरसात हो रही है। लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। 11 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। अलग-अलग जिलों में अब तक डेढ़ दर्जन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में वज्रपात की भी आशंका है तो एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश व पहाड़ों से छोड़े गए पानी से राज्य के 11 जिलों में बाढ़ के हालात की रविवार को समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित जिलों कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर में युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्रभावित जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीमों को तैनात किया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। लखीमपुर खीरी की 4 तहसील के 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें से 7 गांवों में कटान हो रहा है। इससे 19,500 लोग प्रभावित हैं। बलिया में 3 तहसील के 18 गांव प्रभावित हैं।



संत कबीरनगर जिले के धनघटा तहसील क्षेत्र में उफनाई घाघरा नदी। ● अमृत विचार

### पीड़ितों को तत्काल राहत राशि देने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारी बारिश और बाढ़ के कारण जिलाधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता सौंपने के भी निर्देश दिए हैं।

### बिहार में कई स्थानों पर तटबंध टूटे, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पानी घुसा

**पटना।** बिहार में बाढ़ की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कई स्थानों पर नदियों के तटबंध टूट गए हैं और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बाढ़ का पानी घुस गया है। बाढ़ का असर भारत-नेपाल सीमा से लगते जिलों पर सबसे अधिक पड़ा है। सीतामढ़ी जिले के मधकौल गांव में बागमती नदी के तटबंध में रविवार को दरार की खबर आई, वहीं पश्चिमी चंपारण में गंडक नदी पर पानी के अत्यधिक दबाव के कारण बगहा-1 प्रखंड में नदी के बाएं किनारे पर स्थित तटबंध शाम 4.50 बजे क्षतिग्रस्त हो गया।

## करात होंगे माकपा पोलित ब्यूरो के अंतरिम समन्वयक

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात अगले साल अप्रैल में पार्टी का 24वां सम्मेलन होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पार्टी के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। यह निर्णय माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 12 सितंबर को निधन हो जाने के मद्देनजर लिया गया है।



## केरल : फोन टैपिंग में विधायक के खिलाफ दर्ज किया मामला

**कोट्टायम।** निर्दलीय विधायक पीवी अनवर के खिलाफ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की फोन कॉल टैप करने का मामला दर्ज किया गया है। निलांबुर से विधायक अनवर के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उन्होंने अवैध रूप से दूरसंचार प्रणाली को हैक किया और राज्य में वरिष्ठ अधिकारियों के फोन टैप किए, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाला तथा मीडिया के माध्यम से गलत सूचना फैलाई। इसका उद्देश्य लोगों को भड़काना और नफरत पैदा करना था।

# जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधी व उनके आका परेशान : योगी



गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल में ही निवेश आता है। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उसकी पूंजी कैसे सुरक्षित रह पाएगी। सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से उन लोगों और उनके आकाओं को परेशानी होती है जिनके लिए अपराध ही पेशा था।

योगी रविवार को गोरखपुर में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1170 करोड़ के निवेश से लगी यूनिट (शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र) का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में भव्य सभागार, प्रशासनिक भवन और कक्षाओं का भी लोकार्पण किया। योगी ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इससे ही वर्तमान सुरक्षित रहेगा और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक है।

### मन की बात में उप्र को सराहा योगी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'मन की बात' में वृक्षारोपण की उपलब्धियों से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए उप्र की तारीफ की। योगी ने एक्स पर पोस्ट कर बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के योगदान को मन की बात में स्थान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

# बरेली के अधीक्षण अभियंता निलंबित

- वाराणसी, अलीगढ़ के अधीक्षण अभियंताओं पर भी कार्रवाई
- उप्र पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष की समीक्षा में नहीं दे पाए सही जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने राजस्व वसूली समेत विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान उचित जवाब न देने पर बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के बिजली अधीक्षण अभियंताओं (एसई) को निलंबित कर दिया।

अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन अभियंताओं के निलंबन के लिए संबंधित वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए। अध्यक्ष रविवार को शक्ति भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। निलंबित अभियंताओं में बरेली शहर के अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद, वाराणसी शहर के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया व अलीगढ़ शहर के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा शामिल हैं। इन अधिकारियों को वाणिज्य व तकनीकी आदि विषयों के संबंध में जानकारियां मांगी गई थीं। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने राजस्व वसूली में बढ़ोतरी के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हम जितनी बिजली दें, उतना बिजली बिल वसूल करें।



अम्बा प्रसाद

### 1912 पर दी जाए बिजली आपूर्ति बंद होने की जानकारी

पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने कहा कि विभाग के नियंत्रण कक्ष 1912 पर बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने की जानकारी अवश्य की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के दौरान उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। निवेश मित्र व झटपट पोर्टल पर दर्ज हो रहे नए बिजली कनेक्शन के प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कम हों, इसके लिए लगातार रखरखाव कार्य किया जाए।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट से रविवार को एक अधिकारी समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पांच जवान घायल हो गए। घटना सुबह करीब सात बजे तारेम थाना क्षेत्र के तहत तब हुई जब सीआरपीएफ की 153 बटालियन विस्फोटकों को हटाने के काम पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक से जुड़ा एक तार देखा और वे तार से जुड़े बम की तलाश कर रहे थे तभी विस्फोट हो गया। जवानों को चेहरे, आंखों और पेट के ऊपरी हिस्से में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवानों को राजधानी रायपुर ले जाया गया।

# मप्र में ट्रक से भिड़ी बस, 9 की मौत

## मृतकों में 7 उप्र के जिनमें चार जौनपुर और तीन प्रतापगढ़ के निवासी

मैहर (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक निजी यात्री बस की ट्रक से टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हैं।

मृतकों में सात लोग उत्तर प्रदेश के हैं। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे मैहर में हुआ जब बस पत्थर से लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर हुई। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी, तभी नादन देहात थाने के पास हादसे का शिकार हो गई। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन तीन और लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनमें चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। अग्रवाल ने बताया कि सात शवों की पहचान हो चुकी है। जिनमें चार मृतक उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के और तीन प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। घायलों को रीवा सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर जौनपुर और प्रतापगढ़ के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस की गति बहुत तेज थी। क्षतिग्रस्त बस में से यात्रियों को निकालने के लिए गैस कटर और जेसीबी का इस्तेमाल करना पड़ा।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त की संवेदना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैहर में हुए हादसे में लोगों की जान जाना दुखद है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क किया है।

## कठुआ में एक आतंकी ढेर, राजौरी में मुठभेड़ शुरू

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया जिसके पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का संदेह है, जबकि राजौरी जिले में भी रविवार शाम को आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ स्थल से एक आतंकवादी का शव बरामद हुआ। राजौरी जिले के थानामंडी इलाके में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद घेराबंदी की तो आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

# पीड़िता की पहचान उजागर करने पर पूर्व मंत्री को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे नरेंद्र वर्मा समेत छह लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजा है। एसपी चक्रेश के मुताबिक, इन सभी लोगों ने छेड़छाड़ पीड़िता की पहचान उजागर कर दिया था। नोटिस में कहा गया है कि पूर्व मंत्री समेत सभी छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। बीते 24 सितंबर को महमूदाबाद क्षेत्र के कक्षा छह की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस संबंध में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। एसपी के मुताबिक सपा सरकार में मंत्री रहे नरेंद्र वर्मा समेत 6 लोगों ने पीड़िता की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिससे पीड़िता की पहचान उजागर हुई है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर सभी पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### कार्रवाई का खाका

- महमूदाबाद क्षेत्र में नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला
- मंत्री के अलावा पांच अन्य लोगों से भी पुलिस ने मांगा जवाब

"पीड़िता के साथ घटित घटना अमानवीय है। दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नोटिस का विधि सम्मत जवाब दिया जाएगा। - **नरेन्द्र वर्मा**, पूर्व मंत्री।

## सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ।** चार दिन पहले मठ, मंदिर और कुंभ को लेकर विवादित बयान देने वाले सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गाजीपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद के अनुसार गोराबाजार चौकी प्रभारी राजकुमार की तहरीर पर बीएनएस की धारा 353 (3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। अफजाल अंसारी ने कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और भगवान का प्रसाद और बूटी कहकर पीते हैं।



# मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं

- जम्मू कश्मीर में भाषण के दौरान बेसुध हुए खरगे इलाज के बाद पीएम को घेरा



जसरोटा (जम्मू), एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेसुध हो गए। भाषण देते हुए खरगे की आवाज धीमी होती चली गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया।

तबीयत ठीक होने के बाद खरगे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। खरगे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने तक वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। खरगे की टिप्पणी केंद्र की भाजपा नेतृत्व की सरकार की केंद्र शासित प्रदेश के मामले में कार्यप्रणाली, विशेषकर चुनावों में देरी को लेकर आलोचना के बीच आई है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने खरगे को फोन कर उनका हाल जाना।

## जल सहेलियां : मृतप्राय नदी को दिया जीवन, मोदी ने की तारीफ



**नई दिल्ली।** पानी की किल्लत से जूझने वाले बुंदेलखंड में अगर यह नदी आज जिंदा है तो इन जल सहेलियों की वजह से। इन्होंने स्वयं सहायता समूह 'जल सहेली' बनाकर झांसी की मृतप्राय घुरारी नदी में जान डाल दी। इन्होंने मिसाल पेश करते हुए बालू भरकर चेकडैम तैयार किया। बारिश का पानी बर्बाद होने से रोका। नदी अब बारहो मास पानी से लबालब रहती है। यही नहीं, इन महिलाओं ने सैकड़ों जलाशयों के निर्माण और उनके पुनर्जीवन में भी बढ़-चढ़कर हाथ बंटाया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के अपने मासिक संबोधन में रविवार को 'जल सहेली' के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मृतप्राय हो चुकी घुरारी नदी को जिस तरह से जल सहेली ने बचाया है, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।

(प्रधानमंत्री की मन की बात पढ़ें ...पेज-14)

# किसानों को उपलब्ध होगा प्रदेश में उत्पादित हाइब्रिड बीज

## अब दूसरे राज्यों पर नहीं होगी निर्भरता, सरकार के बचेंगे 3000 करोड़, पीपीपी मॉडल पर बनेंगे पांच बीज पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के किसान आने वाले दिनों में अपनी फसलों के बीज हासिल करने को दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं होंगे। राज्य सरकार ने उप्र. में ही हाइब्रिड और अच्छे किस्म के बीज उत्पादन की एक व्यापक योजना तैयार की है। ऐसे में राज्य सरकार को हर साल करीब 3000 करोड़ रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। कार्य योजना के तहत उप्र. के नौ कृषि जलवायु क्षेत्रों में होने वाली फसलों के मद्देनजर पांच बीज पार्क (वेस्टर्न जोन, तराई जोन, सेंट्रल जोन, बुंदेलखंड और ईस्टर्न जोन) पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। हर पार्क का रकबा न्यूनतम 200 हेक्टेयर का होगा।



दरअसल, वर्तमान में प्रदेश की प्रमुख फसलों के लिए लगभग 50 फीसद बीज दक्षिण भारत के राज्यों से आता है। इनमें तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश प्रमुख हैं। किसानों को राज्य के कृषि जलवायु के अनुकूल गुणवत्ता के बीज मिले, इसके लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में ही बीज उत्पादन की रणनीति तैयार की है। इससे किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता के बीज तैयार होने से उनकी उपज और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार गेहूं के 22% धान के 51 प्रति. मक्का के 74 प्रति., जौ के 95 प्रति., दलहन के 50 प्रति. और तिलहन के 52 प्रति. बीज गैर राज्यों से आते हैं। कृषि विभाग के पास बुनियादी सुविधाओं के साथ ऐसे छह फार्म उपलब्ध हैं। सरकार जिनको इच्छुक पार्टियों को लीज पर दे सकती है।

### गुणवत्ता वाले बीजों से कम होगा उत्पादन का अंतर

विभागीय आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गेहूं का प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन 26.75 कुंतल है। जबकि पंजाब का सर्वोच्च 40.35 कुंतल है। इसी तरह धान का उत्पादन 37.35 कुंतल है, जबकि हरियाणा का 45.33 कुंतल। अन्य राज्यों की तुलना में इसी तरह का अंतर चना और सरसों के उत्पादन में भी है। गुणवत्ता के बीज से इस अंतर को 15 से 20 फीसद तक कम किया जा सकता है।

"फसल के लिए बीज, सबसे महत्वपूर्ण कृषि निवेश है। बीज की गुणवत्ता पर ही फसल की उपज और गुणवत्ता निर्भर करती है। अगर बीज खराब है तो खेत की तैयारी से लेकर बीज और बोआई के समय डाली जाने वाली खाद की लागत बर्बाद हो जाती है। दुबारा बोआई में देर होने से उपज प्रभावित होती है। बीज का जर्मिनेशन अगर कम है तो भी इसका उपज पर प्रभाव पड़ता है। - **डॉ. अवधेश मिश्र**, कृषि विशेषज्ञ

## फर्जी डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 196 फर्जी डिग्रियां, 53 मोहरें, 16 पासपोर्ट, छह लैपटॉप, तीन प्रिंटर, एक मोहर बनाने वाली मशीन और आठ मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य समेत कई कोर्स के लिए फर्जी डिग्रियां जारी की थीं। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य समेत कई राज्यों में सक्रिय है। शर्मा ने बताया कि जांच में फर्जी डिग्री आपूर्तिकर्ताओं के देशव्यापी नेटवर्क का पता चला है। मामले की जांच जारी है।

# कार से सिपाही को टक्कर मारी, 10 मीटर तक घसीटा

- अस्पताल में मौत, कार सवार को गति कम करने को कहा था

नई दिल्ली, एजेंसी

बाहरी दिल्ली में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी और वह उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल ने लापरवाही से वाहन चलाने के लिए कार चालक को डांट लगाई थी, लेकिन इसके बाद उसने कांस्टेबल को टक्कर मार दी।

यह घटना शनिवार देर रात करीब सवा दो बजे वीणा एन्क्लेव के पास उस समय हुई, जब कांस्टेबल संदीप (30) ड्यूटी के दौरान सादे कपड़ों में नांगलोई पुलिस थाने से रेलवे रोड की ओर जा रहे थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिराम ने बताया कि जब संदीप ने देखा कि एक व्यक्ति कार को लापरवाही से चला रहा है तो उन्होंने चालक को ऐसा न करने के लिए कहा। इसके बाद अचानक चालक ने कार की गति बढ़ा दी और उसने कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी तथा उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, उसके बाद एक खड़ी कार से जा टकराया। कांस्टेबल संदीप को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

**आज का मौसम**

धूप खिलेगी और बादल छाए रहेंगे।

32.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- श्रीरानी महालक्ष्मी बाई रामलीला कमेटी की ओर चौधरी तालाब में रामलीला शाम 7 बजे।
- जोगी नवादा बनखंडी नाथ में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 बजे।
- ठेला रेहड़ी पटरी समिति की ओर से स्ट्रीट वेंडर की समस्याओं के समाधान के लिए डूडा परियोजना अधिकारी से मुलाकात सुबह 11 बजे।
- सुभाष नगर श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में सुभाष नगर में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।

# मध्य वर्ग की हैसियत को फिर चुनौती देने लगीं सब्जियां

## बारिश से प्रभावित हुआ उत्पादन, बाहर से आवक भी घटी, एकाएक ऊपर चढ़े भाव, तोरई जैसी सीजनल सब्जी भी 70 रुपये किलो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पिछले कुछ दिनों में तेजी से दाम बढ़ने के बाद सब्जियां न सिर्फ गरीबों की पहुंच से पूरी तरह बाहर हो गई हैं बल्कि मध्यवर्ग की हैसियत को भी चुनौती देने लगी हैं। हालत यह है कि एक-दो सब्जियों को छोड़कर किसी भी सब्जी का भाव 50 रुपये किलो से नीचे नहीं रह गया है। तोरई जैसी सीजनल सब्जी 70 रुपये और लौकी 50 से 60 रुपये तक बिक रही है। सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला टमाटर फिर 80 रुपये तक पहुंच गया है।



शहामतगंज मंडी : सब्जियों के भाव सुनकर परेशान हो रहे हैं लोग। ● अमृत विचार

पिछले 15 दिन में सब्जियों के भाव 50 से सौ फीसदी तक बढ़ गए हैं। टमाटर का भाव लगभग दुगना हो गया है। सब्जी कारोबारियों के मुताबिक अगस्त में टमाटर का अधिकतम फुटकर भाव 40 रुपये था जो लगातार बढ़ते हुए अब 80 से 85 रुपये किलो तक पहुंच गया है। खराब गुणवत्ता का टमाटर भी 60 रुपये से कम नहीं मिल पा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि एक बारिश से टमाटर की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है, दूसरे मांग के अनुरूप बाहर से भी उसकी आवक नहीं हो रही है।

टमार की तरह प्याज का भाव भी लोगों को सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है। फिलहाल प्याज 70 रुपये किलो तक बिक रहा है, कुछ समय पहले तक इसका भाव 30 से 40 रुपये के ही बीच था। शिमला भी सौ रुपये किलो से नीचे उतरने का नाम नहीं ले रही है। इसके अलावा गोभी जैसी गैरमौसमी सब्जी का भाव 120 रुपये है। बींस पर भी 30 रुपये तक चढ़ गए हैं। हरे धनिये के रेट चार सौ से पांच सौ के बीच चल रहे हैं। नया आलू 50 और पुराना 30 रुपये किलो बिक रहा है।

### अब दिवाली तक काबू में आने वाली नहीं महंगाई

**● बारिश के बाद मुनाफाखोरी भी करेगी हाल खराब**

सब्जी कारोबारियों का कहना है कि बारिश से सब्जी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, इसके अलावा बाहर से आने वाली सब्जियों की आवक भी एकाएक घटी है। इनमें ऐसी सब्जियां भी हैं जो इस मौसम की नहीं हैं और कोल्ड स्टोरेज से मार्केट में सप्लाई होती हैं। डेलापीर मंडी के व्यापारी शुजा उर रहमान ने बताया कि सितंबर में हुई बारिश से सड़कों को भी नुकसान पहुंचा है, इससे सप्लाई चेन बाधित हुई है। मंडियों में सब्जियां समय पर नहीं पहुंच रही हैं। कुतुबखाना मंडी के व्यापारी रमेश मौर्य ने बताया कि जुलाई और अगस्त में तो बारिश सब्जियों के लिए फायदेमंद थी लेकिन सितंबर में तेज बारिश से काफी सब्जी खराब हो गई। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि कुछ ही दिन बाद नवरात्र शुरू होने जा रहे है, इसी के साथ शादियों का भी सीजन शुरू हो जाएगा। इसके बाद दिवाली जैसा बड़ा त्योहार है, इस कारण सब्जियों पर महंगाई घटने के बजाय और बढ़ने की आशंका है। सब्जी व्यापारियों का यह भी कहना है कि बारिश के बाद जिले में प्रभावित हुआ उत्पादन सामान्य होने में समय लगेगा। त्योहारों में मांग बढ़ेगी तो बाहर की सब्जियों के दाम भी बढ़ेंगे।

### जाते-जाते महंगाई बरसा गई बारिश



अगस्त में सब्जियों के दाम लगभग स्थिर थे। सितंबर का पहला सप्ताह भी बहुत ज्यादा खराब नहीं था। पिछले सप्ताह बारिश के बाद एकाएक दाम बढ़े हैं। - **मोहम्मद शारिफ**, सब्जी कारोबारी श्यामगंज मंडी



सब्जियां खरीदने वालों को लग रहा है कि मंडी वालों ने ही दाम बढ़ा दिए हैं लेकिन महंगाई की वजह ऊपर से सप्लाई न होना है। हरी सब्जियों पर ज्यादा असर पड़ा है। -**इकबाल**, सब्जी कारोबारी श्यामगंज मंडी

## तापमान पांच डिग्री लुढ़का, आज से साफ रहेगा मौसम

**बरेली, अमृत विचार:** जिले के मौसम में एक बार फिर बदलाव होगा। सोमवार को बादल छाए रहेंगे और धूप भी खिलेगी और इसके बाद तीन दिन तक धूप खिलेगी और मौसम शुष्क रहेगा और उसके बाद दो दिन हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। रविवार सुबह हल्की बारिश और बादल छाए रहे और दोपहर बाद तेज धूप खिलेगी।

पिछले तीन दिनों से बारिश और बूंदाबांदी की वजह से तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम 25 डिग्री के आसपास रहेगा।

# सुनने में तो अच्छा लगता है... प्रदूषण कम करने को शहर में ई बाइक शेयरिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**● नगरीय परिवहन निदेशालय के निर्देश पर खाका तैयार करने में जुटे नगर निगम के अधिकारी**

**अमृत विचार :** वायु प्रदूषण को कम करने के लिए शहर में ई बाइक शेयरिंग सिस्टम लागू करने की कवायद हो रही है। दरअसल, नगरीय परिवहन निदेशालय ने इस बारे में बरेली समेत 15 शहरों से प्रस्ताव मांगा है।नगर नगर के अधिकारियों की ओर से प्रस्ताव तैयार करने ने के बाद उसे विचार करने के लिए निधि प्रबंधक समिति में रखा जाएगा।

जिन शहरों में सिटी बसें चलाई जा रही हैं, उनमें लोगों को शहर के अंतिम छोर तक नगरीय परिवहन सेवा उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। इसी के तहत आने वाले समय में विकल्प के तौर पर प्रदूषण रहित ई बाइक शेयरिंग लागू करे का खाका खींचा जा रहा है। इसी क्रम में नगरीय परिवहन निदेशालय के निदेशक डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने नगर निगम को ई बाइक शुरू करने के लिए पत्र भेजा है जिसमं अलग-अलग जगह ई-बाइक सेवा शुरू कराने को कहा गया है।

परिवहन निदेशक ने कहा है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित निधि प्रबंधन समिति के इस प्रस्ताव को अगली बैठक में पूरी रिपोर्ट के साथ रखा जाना है। मंजूरी मिलने के बाद इसे धरातल पर उतारा जाएगा। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त से ई बाइक चलाने की योजना पर रिपोर्ट तैयार करने को कहा है।

### डब्ल्यूआरआई करेगा नगर निगम की रिपोर्ट का परीक्षण

शहर में ई बाइक चलाने की नगर निगम की रिपोर्ट का परीक्षण पहले नगर विकास विभाग का वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) करेगा। इसके बाद डब्ल्यूआरआई के सुझावों पर आगे की दिशा तय की जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि शहर ई मोबिलिटी के लिए कितना सक्षम है। इससे लोगों को कितना फायदा होगा और आवागमन की सुलभता क्या होगी। इतना नहीं डाटाबेस के आधार पर अध्ययन किया जाएगा कि इससे पर्यावरण स्तर में कितना सुधार होगा।

# ...पर, होगा या नहीं कहना मुश्किल

## ...क्योंकि प्रदूषण की इतनी चिंता होती तो कबाड़ न बन रहे होते करोड़ों के ई रिक्शा



गांधी उद्यान में कई महीने से कबाड़ की तरह पड़े हैं ई रिक्शा और ठेले। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने गलियों से कूड़ा उठाने के लिए करोड़ों से तीन सौ ई रिक्शा खरीदकर उन्हें गांधी उद्यान में डलवा दिया है। कई महीनों से ये ई रिक्शा कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं और बारिश गुजरने के बाद उन पर घास उग आई है। मेयर उमेश गौतम के नाराजगी जताने पर कुछ ई रिक्शा हटा लिए गए लेकिन फिर भी तमाम यहीं पड़े हुए हैं। फरवरी में गलियों से कूड़ा उठाने के लिए दो सौ ई-रिक्शा और करीब तीन सौ ठेले खरीदे गए थे लेकिन उन्हें वार्डों में इस्तेमाल करने के बजाय गांधी उद्यान में डाल दिया गया।

> गांधी उद्यान से ठेलों को हटाकर कूड़ा उठाने में लगाने के निर्देश दिए थे। सभी वार्डों में दो-दो ठेले भिजवाए गए थे। अगर अभी ठेले गांधी उद्यान में ही हैं तो वार्डों में भेजने का निर्देश दिया जाएगा।
> **-उमेश गौतम**, मेयर

# शुरू ही नहीं हो पाया सड़कें गड्ढामुक्त करने का अभियान

**बरेली, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 अक्टूबर तक सड़कों को अभियान चलाकर गड्ढामुक्त करने का आदेश जारी किया था लेकिन बरेली में न नगर निगम ने यह काम शुरू किया, न ही पीडब्ल्यूडी ने।

बारिश के मौसम में शहर की तमाम सड़कें उखड़ गई हैं और उन पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनमें कई सड़कें ऐसी हैं, जिनका निर्माण साल या डेढ़ साल पहले ही किया गया था। कुछ सड़कें स्मार्ट सिटी की भी हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने 10 अक्टूबर तक सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का आदेश जारी किया था लेकिन शहर में अभी यह अभियान शुरू ही नहीं हुआ है। कई सड़कों की हालत काफी खराब है लेकिन उन पर नगर निगम और पीडब्ल्यूडी ने न स्थाई रूप से गड्ढे भरे हैं न ही अस्थाई रूप से। इससे इन सड़कों पर हादसों की आशंका बनी हुई है।

# ट्रांसमिशन सब स्टेशन पर रिपेयरिंग के दौरान कई उपकेंद्रों की सप्लाई बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**● कुतुबखाना, शाहदाना और सिविल लाइंस समेत कई इलाके तीन घंटे तक रहे प्रभावित**

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस में 132 ट्रांसमिशन सब स्टेशन में काम की वजह से रविवार को शहर के कई उपकेंद्रों की करीब साढ़े तीन घंटे सप्लाई बंद रही। इसकी वजह से सिविल लाइंस, कुतुबखाना और शाहदाना उपकेंद्र से जुड़े इलाके प्रभावित हुए।

सिविल लाइंस के 132 केवी ट्रांसमिशन सब स्टेशन पर रविवार को काम की वजह से सिविल लाइंस प्रथम, द्वितीय, तृतीय, जगतपुर, मिशन कंपाउंड, डीडीपुरम, शाहदाना, कुतुबखाना, दूरदर्शन, जिला न्यायलय, रामपुर गार्डन समेत अन्य जगह पर सुबह 6:30 से 10 बजे तक सप्लाई बंद रही। इसके अलावा सुभाषनगर के बदायूं रोड, मढ़ीनाथ, बीडीए कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, शांतिविहार, गणेशनगर और अन्य जगह पर लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।

किला के भी कई मोहल्लों में रिपेयरिंग की वजह से करीब दो घंटे बिजली सप्लाई बंद रही। बाकरगंज, हुसैन बाग, साहूकारा, फूटा दरवाजा और खन्नू मोहल्ले समेत और जगहों पर भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग हुई। दुर्गानगर, सुरेश शर्मा नगर, आजाद नगर, सेटेलाइट और हरुनगला क्षेत्र में भी शनिवार रात और रविवार को दिन में कई बार कटौती की गई। बिजली संकट से पानी की सप्लाई भी प्रभावित रही।

NAVRATRI FESTIVAL OFFER



शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं



44 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर

JYOTI An ISO 9001:2015 Certified Company

SINCE : 1979 UP KA No. 1 BRAND JYOTI

ज्योति एलईडी टीवी परिवार नवरात्रि पर आपके लिए लेकर आए हैं

43 inch led tv

केवल 1500/- प्रति माह किटी योजना

स्कीम का पहला ड्रा 06 अक्टूबर 2024 को होगा।

- इस किट्टी में 200 सदस्य होंगे जिसका 1500 रुपये प्रति माह 12 महीने तक देना होगा जिसमें प्रतिमाह 200 टोकन में से एक टोकन निकाला जाएगा।
- जिस भी भाग्य शाली ग्राहक का टोकन निकलेगा उसे भाग्यशाली को 20500 रुपये वाली 43 इंच ज्योति वेबोस स्मार्ट एलईडी टीवी उपहार में दी जाएगी। जिसकी 2+2 साल की वारंटी होगी।
- जिस ग्राहक का टोकन निकल जाएगा उसे उसका उपहार/ ज्योति एलईडी टीवी देकर किट्टी से हटा दिया जाएगा उसकी अगामी शेष किटी में कोई भागीदारी नहीं होगी।
- इसी प्रकार 12 माह तक लगातार किट्टी का आयोजन होगा जिसमें 11 सदस्य को 1-1 पीस एलईडी टीवी दिया जाएगा।
- जिसका तीसरा एवं छठवां ड्रा में बम्पर लकी ड्रा में 50 इंच ज्योति वेबोस की एलईडी निकाली जाएगी और 9वीं ड्रॉ में 65 इंच ज्योति की एलईडी निकलेगी।
- इसी प्रकार 12 वीं ड्रॉ में शेष 189 ग्रहको/सदस्यो को 43 इंच ज्योति वेबोस स्मार्ट एलईडी + एक उपहार भी दिया जाएगा।

नियम व शर्तें :- 1. किसी को भी नकद भुगतान नहीं दिया जाएगा। केवल और केवल 43 इंच ज्योति की स्मार्ट एलईडी टीवी दी जाएगी 2. बंपर ड्रा में 50 इंच और 65 इंच ज्योति की एलईडी टीवी दी जाएगी। 3. किटी के बारे में जो बताया गया है वही दिया जाएगा। 4. किटी में शामिल व्यक्ति किश्त जमा नहीं करेगा उसका टोकन नहीं डाला जाएगा। 5. बीच में किट्टी छोड़ने वाले सदस्य को उसकी जमा धन राशि किट्टी समापत होने पर ही दी जाएगी। 6. किट्टी के बीच में किसी भी सदस्य को कोई भी आइटम /एलईडी टीवी नहीं दी जाएगी। 7. टोकन निकलने पर ही टोकन वाले सदस्यो को 43 इंच एलईडी टीवी दी जाएगी। 8. सभी सदस्यों की भुगतान क्यूआर कोड पर ही मान्य होगी। स्क्रीन शॉट के साथ वो भी किट्टी की डेट से 3-4 दिन पहले मान्य होगी। 9. एक दिन पहले या ड्रा वाले दिन कोई भी पेमेंट स्वीकार नही की जाएगी। 10. जिस किसी को इस किटी का सदस्य बनाना है वह अपना नाम पता मोबाइल नंबर लिख कर हमें डीएम डायरेक्ट संदेश भेज सकता है।

KHURANA RADIO SERVICE STATION ROAD NEAR VISHAL MEGA MART (JYOTI LED TV ) CHANDAUSI

पेमेन्ट इस नम्बर पर डाल सकते हैं। 9719644486

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें मो. 7017733923

## एक नजर

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर पेंशनरों की समस्याओं का कल होगा समाधान

बरेली, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन किया जाएगा। शासन के निर्देश पर होने वाले आयोजन में पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं। मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि 1 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम होगा। कोषागार से करीब 26 हजार सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी पेंशन ले रहे हैं। इन सभी की जो समस्या होगी, उसका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेंशनर कार्यक्रम में पहुंचें।

### दर्जी चौक पर तीन मंजिला अवैध निर्माण की शिकायत

बरेली, अमृत विचार : बड़ा बाजार में दर्जी चौक पर बीडीए से बिना मानचित्र पास कराए तीन मंजिला भवन के अवैध निर्माण की शिकायत राष्ट्रपति को भेजी गई। अवर सचिव राष्ट्रपति सचिवालय पीसी मीणा ने प्रदेश के मुख्य सचिव को मामले की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

साहूकारा निवासी आशीष अग्रवाल ने शिकायत की थी कि बड़ा बाजार में तीन मंजिला भवन में 28 से 30 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। इस भवन का मानचित्र बरेली विकास प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं है और भवन निर्माण में सुरक्षा मानकों का ख्याल नहीं किया जा रहा है। इससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। अगर कोई विरोध करता है तो उससे विवाद किया जाता है। इस मामले की शिकायत बरेली विकास प्राधिकरण के एक्स अकाउंट पर की गई तो उपाध्यक्ष मणिकंडन ए ने बताया कि शिकायत जांच के लिए प्राधिकरण के सचिव को दी गई है।

### मकान पर कब्जा करने की कोशिश, तोड़फोड़

बरेली, अमृत विचार : सूफीटोला में दबंगों ने महिला के मकान में घुसकर कब्जे की कोशिश और तोड़फोड़ की। महिला की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस ने चार नामजद, छह अज्ञात पुरुष और 12 महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सूफीटोला निवासी सीमा ने बताया कि उनका पड़ोसी जफर, जावेद, फरजाना से मकान के विवाद का मुकदमा वर्ष 1974 से चल रहा है। इसी मकान का बैनामा जावेद और जफर ने फरजाना के पति नौशाद उर्फ कय्या को करा दिया। अब आरोपी लगातार मकान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। आरोप है कि शनिवार शाम 7 बजे नौशाद, सरताज उर्फ भाई, जावेद, जफर 5-6 पुरुषों और 12 अज्ञात महिलाओं के साथ आए और उनके मकान में दरवाजा तोड़कर घुस गए और विरोध करने पर घर में रखा सामान तोड़ दिया। आरोपियों ने बेटे का मोबाइल भी तोड़ दिया। पड़ोसी के लड़के ने यूपी 112 पर सूचना दी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### रोडवेज बसों की वजह से लगा जाम, पुलिसकर्मी खड़े होकर देखते रहे

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट तिराहा पर पुलिस चौकी के सामने दो रोडवेज बसें सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरने लगीं। इसी दौरान पीछे से एक और बस आ गई, इसकी वजह से कैंट की तरफ से आने वालों का रास्ता बंद हो गया। पीछे की बस वाला लगातार हॉर्न बजा रहा था लेकिन आगे खड़ी बस के ड्राइवर ने अनसुना कर दिया। वहीं पर ट्रैफिक पुलिस में तैनात तीन होमगार्ड भी आपस में बात कर रहे थे लेकिन उन्होंने ने भी बस को हटवाने की जहमत नहीं उठाई, जिसकी वजह से काफी देर तक वाहन फंसे रहे और जाम की स्थिति बनी रही।

# विवादित मस्जिद से अब छेड़छाड़ हुई तो होगी सख्त कार्रवाई

## केला डांडी पहुंचे डीएम और एसएसपी ने फोर्स के साथ गांव में मार्च के बाद थाने में दोनों पक्षों से की बातचीत

संवाददाता, क्योलड़िया (बरेली)

- **मुस्लिम पक्ष ने किया लिखित वादा, न नमाज पढ़ेंगे, न कोई निर्माण कराएंगे**
- **मुख्य गेट का ताला नहीं खुला तो पड़ोस की छत पर चढ़कर किया मुआयना**


केला डांडी गांव में दौरा करते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य। ● अमृत विचार


विवादित स्थल का ताला खोलती पुलिस।

**अमृत विचार :** विवादित मस्जिद की दीवार गिराए जाने के बाद केला डांडी गांव में पुलिस की तैनाती के बीच अब तनाव भरी शांति है। रविवार को जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस-प्रशासन के तमाम अधिकारियों ने चार थानों के फोर्स के साथ पूरे गांव का दौरा किया। इसके बाद थाने में दोनों पक्षों से भी बात की। जिलाधिकारी ने उन्हें आगाह किया कि विवादित इमारत से किसी भी छेड़छाड़ पर कठोर कार्रवाई होगी। मुस्लिम पक्ष ने यह भी लिखकर दिया कि वे वहां न नमाज पढ़ेंगे न कोई नया निर्माण कराएंगे।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, पुलिस अधीक्षक देहात उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा समेत गांव पहुंचे तमाम अधिकारियों ने फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। फिर विवादित मस्जिद का निरीक्षण करने पहुंचे। पहले ताला खोलकर अंदर जाने की कोशिश की गई लेकिन जंग होने की वजह से ताला नहीं खुला। इसके बाद अफसर पड़ोस के घर की छत पर चढ़े तो पाया कि विवादित भवन के अंदर घास उगी हुई है। यहां से अधिकारियों का काफिला थाने पहुंचा तो पीछे-पीछे हिंदू पक्ष के सैकड़ों लोग भी पहुंच गए।

जिलाधिकारी के निर्देश पर तीन लोगों को ही अंदर आने दिया गया। इस पर जिला पंचायत सदस्य सुमित वर्मा, कालीचरन गंगवार और परमिंदर गंगवार ने पहुंचकर अपनी बात रखी। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि विवादित धर्मस्थल से अब अगर किसी ने छेड़छाड़ की तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अफसरों के बात करने के बाद मुस्लिम समाज की ओर से मौलाना फिदा हसैन, अल्ताफ, शमशाद हुसैन, मोहम्मद शाह, मुन्ने ने एसडीएम और सीओ को लिखित दिया कि प्रशासन के आदेश के बगैर वे विवादित मस्जिद में नमाज नहीं पढ़ेंगे, कोई निर्माण कार्य भी नहीं कराएंगे।

बता दें कि केला डांडी में विवादित मस्जिद की दीवार शुक्रवार दोपहर कुछ लोगों ने तोड़ दी थी। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और सांप्रदायिक टकराव की नौबत आ गई। पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे एसडीएम और सीओ ने मजदूर लगाकर दोबारा दीवार का निर्माण कराया तो हिंदू पक्ष के लोग इसके पक्ष में हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गए। विधायक डॉ. एमपी आर्य भी ढाई घंटे धरने पर बैठे थे। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। प्रशासन ने गांव में चार थानों के पुलिस फोर्स के साथ पीएसी तैनात कर रखी है।

## बैंक की नीलामी के बाद बेच दी जमीन

**बरेली, अमृत विचार :** बैंक की ओर से नीलाम की गई जमीन को भी ठगों ने पूरनपुर के एक व्यक्ति को बेच दिया। अब आरोपी जबरन कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। थाना बारादरी पुलिस ने सात नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नवादा शेखान निवासी नासिर हुसैन अंसारी के मुताबिक एजाजनगर गौंटिया निवासी अब्दुल वहीद ने वर्ष 2009 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा सीबीगंज से जगतपुर के 234.10 वर्ग मीटर प्लॉट को बंधक बनाकर कर्ज लिया था। कर्ज वापस न करने पर बैंक ने प्लॉट को नीलाम करते हुए अगस्त में उनके हक में बैनामा कर दिया। अगस्त में अब्दुल वहीद की पत्नी रेशमा, बेटी सिम्मी, बेटा शादाब व शोएब ने पीलीभीत के पूरनपुर निवासी महताब मियां के हक में इकरारनामा कर दिया। 18 अगस्त को रेशमा, सिम्मी, शादाब, शोएब, माहताब मियां, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद बंटी 10-12 लोगों के साथ प्लॉट पर कब्जा करने पहुंचे।

# बाबू को जांच में मिली क्लीनचिट फिर भी चेयरमैन ने किया सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **फरीदपुर नगर पालिका के लिपिक के निलंबन के बाद चेयरमैन पर उठे सवाल, अब एसडीएम करेंगे जांच**
- **अधिशासी अधिकारी को भी नहीं दी कोई जानकारी, न ही कोई रिपोर्ट मांगी**

**अमृत विचार :** फरीदपुर नगर पालिका के लिपिक आदेश कुमार शुक्ला को निलंबित कर चेयरमैन शराफत जरीवाला खुद सवालों में घिर गए हैं। दिलचस्प यह है कि तथ्यों को छिपाकर नौकरी करने के जिस आरोप में आदेश को निलंबित किया गया है, उसकी जांच में उन्हें क्लीनचिट दी जा चुकी है। नगर निकायों के नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन दिनेश ने इस निलंबन की एसडीएम से जांच कराने की बात कही है।

आदेश की मृतक आश्रित कोटे में लिपिक पद पर 26 साल पहले 1 अगस्त 1998 को नियुक्ति हुई थी। उनके पिता कृष्णगोपाल मिश्रा नगर पालिका के नियमित कर्मचारी थे। सेवाकाल के दौरान उन्हें गबन के मामले में बर्खास्त किया गया था। इसके विरुद्ध उन्होंने हाईकोर्ट में रिट दाखिल की थी। चेयरमैन शराफत जरीवाला ने अपने आदेश में लिखा है कि कृष्ण गोपाल की रिट 8 नवंबर 2011 को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी थी। इसके बाद भी आदेश तथ्यों को छिपाकर मृतक आश्रित कर्मचारी के रूप में विधि विरुद्ध नौकरी कर रहे हैं।

आदेश में उल्लेख है कि भूरे खां गौंटिया निवासी जान मोहम्मद की शिकायती पर अधिष्ठान लिपिक से आदेश की सेवा पत्रावली तलब की गई। पत्र जारी होने के बाद आदेश ने अपनी सेवा पत्रावली अधिशासी अधिकारी के पास होना बताया। चेयरमैन ने आदेश में लिखा है कि पत्रावली अधिशासी अधिकारी के पास संरक्षित होना बताया जाना मामले को संदिग्ध बनाता है। इसी आधार पर पालिका हित में निष्पक्ष जांच और कार्यवाही के लिए आदेश कुमार शुक्ला को निलंबित किया जाना उचित है।

### जांच रिपोर्ट का निष्कर्ष- आदेश की मृतक आश्रित कोटे में हुई नियुक्ति में कोई अनियमितता नहीं

मामले की जांच कर चुके सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुरजीत सिंह की ओर से अधिशासी अधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक आदेश के पिता कृष्ण गोपाल शुक्ला 2 सितंबर 1993 में गबन के आरोप में बर्खास्त हुए थे लेकिन गबन का आरोप सिद्ध नहीं हो पाया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने कृष्ण गोपाल की रिट याचिका 35277/1993 पर बर्खास्तगी स्थगित कर दी थी। उन्हें निलंबित माना गया था। कृष्ण गोपाल ने 1994 में एक और रिट दायर की। इसमें उच्च न्यायालय ने निरंतर सेवा मानते हुए उन्हें पूरा वेतन देने का आदेश दिया था। इसके बाद 7 सितंबर 1994 में कृष्ण गोपाल को पूर्ववत कार्यभार ग्रहण करने के लिए योगदान आख्या प्रस्तुत करने के लिए पत्र जारी किया गया था। 24 जून 1998 को कृष्ण गोपाल की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने के बाद उनकी ओर से पैरवी न होने पर उच्च न्यायालय में दायर रिट खारिज हो गई जो स्वाभाविक था। जांच रिपोर्ट में कहा गया था कि आदेश शुक्ला की नियुक्ति में कोई अनियमितता नहीं पाई गई है।

#### लिपिक को नहीं दिया आदेश, जांच रिपोर्ट भी नजरंदाज

आदेश का कहना है कि उन्हें निलंबन संबंधी कोई आदेश नहीं मिला है। उनसे कोई स्पष्टीकरण भी नहीं मांगा गया। जिस शिकायत पर अध्यक्ष ने निलंबन किया है, उसी शिकायत की मुख्य सफाई निरीक्षक की ओर से की गई जांच की रिपोर्ट को उनकी व्यक्तिगत पत्रावली के साथ अधिशासी अधिकारी ने विधिक मंतव्य के लिए निदेशक स्थानीय निधि लेखा, इलाहाबाद को भेजा है। इसकी प्रति अध्यक्ष को भी प्राप्त कराई गई लेकिन उसे नजरअंदाज कर उन्होंने अपने आवास के रजिस्टर पर आदेश डिस्पैच कर उसे व्हाट्सएप ग्रुप में डाला है।

#### ईओ बोले- मुझे कुछ पता नहीं

अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा का कहना है कि आदेश कुमार के निलंबन के बारे में नगर पालिका में अब तक कोई सूचना नहीं है। उनके हस्ताक्षर से कोई रिपोर्ट भी जारी नहीं हुई है। अध्यक्ष ने जो किया है, उसकी उन्हें कोई जानकारी भी नहीं है।

## मृतक की फर्जी पत्नी बनकर बेच दिया प्लॉट

**बरेली, अमृत विचार :** महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर मृतक की फर्जी पत्नी बनकर प्लॉट बेच दिया। गुजरात में रह रही असली पत्नी ने थाना बारादरी में पांच नामजद समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुजरात के गांधी ग्राम कच्छ निवासी मीना देवी ने शिकायत की कि उनके पति शील किशोर ने वर्ष 2002 में बिहारमान नगला में 212.50 वर्ग मीटर का प्लॉट अशोक कुमार संगवानी से खरीदा था। उनके पति की मौत 2 अप्रैल 2012 को हो गई थी। उनके दो बेटे शुभम और नवनीत हैं। पति की मौत के बाद वे गुजरात में रहने लगे। मॉडल टाउन निवासी शिवम कुमार समदर्शी, रेलवे कॉलोनी सिटी स्टेशन निवासी प्रकाश चंद्र, नबावगंज के अहलादिया निवासी राजेंद्र सिंह, क्योलड़िया के नवादा इमामबाद निवासी सुभाषचंद्र और अन्य लोगों ने 24 मार्च 2021 को फर्जी महिला को मीना बताकर प्लॉट बेच दिया।

# डॉक्टर को धमकी देने पर आशा और कोटेदार समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, सीबीगंज

- **डिलीवरी केस न मिलने पर नाराज आशा व उसके पति ने दी थी धमकी**
- **एसएसपी के निर्देश पर सीबीगंज पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** डिलीवरी केस मिलने बंद होने से नाराज आशा कार्यकर्ता और उसके कोटेदार पति ने महिला डॉक्टर से गालीगलौज कर क्लिनिक बंद करने की धमकी दी और विरोध पर मारपीट की। डॉक्टर ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की तो थाना सीबीगंज पुलिस ने आशा कार्यकर्ता और, उसके पति और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीबीगंज के गांव बल्लाकोठा निवासी डॉ. दीपमाला ने बताया कि वह गांव में ही एक किराए के मकान में क्लिनिक चलाती हैं। वह गांव की महिलाओं की सामान्य डिलीवरी कराती हैं। इसकी वजह से गांव की आशा कार्यकर्ता खुशबू और उसका पति कोटेदार उदयवीर रंजिश मानने लगे। 24 सितंबर को खुशबू और उदयवीर तीन अज्ञात साथियों के साथ उनके क्लिनिक पर आए। एक व्यक्ति ने खुद को पत्रकार बताते हुए शैक्षिक प्रमाण पत्र दिखाने को कहा, जिस पर उन्होंने प्रमाण पत्र दिखा दिए, तब आरोपियों ने असली प्रमाण पत्र मांगे। जब उन्होंने मना किया तो गालीगलौज की और क्लिनिक बंद कराने की धमकी दी। आरोपियों ने मकान मालिक पर भी दुकान खाली कराने का दबाव बनाया। दीपमाला ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर थाना सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मिनी बाईपास पर बस अड्डा तैयार, जल्द चलेंगी बसें

## मुख्य भवन का निर्माण पूरा, अब फिनिशिंग बाकी, सेटेलाइट अड्डे का भी होना है कायापलट

कार्यालय संवाददाता, बरेली


मिनी बाईपास पर बस अड्डे का भवन बनकर हुआ तैयार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मिनी बाईपास पर बस अड्डे का भवन बनकर तैयार हो गया और फिनिशिंग की जा रही है। जल्द ही निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा और यहां से बच्चों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। यहां से बसें चलने से पुराने बस अड्डे पर लोड कम होगा और जाम की समस्या भी दूर हो जाएगी।

मिनी बाईपास पर इज्जतनगर में वर्ष 2021 से बस अड्डे का निर्माण कराया जा रहा है। बजट के अभाव में समय पर बस अड्डा बनकर तैयार नहीं हुआ है। बस अड्डे के लिए 16.72 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। शासन ने पहले किस्त तीन करोड़ जारी की लेकिन उसके बाद दूसरी किस्त जारी होने में एक साल लग गया। अब रकम जारी होने के बाद काम तेजी से चल रहा है। निर्माणाधीन बस अड्डे में दो भवन बनाए गए हैं, जिसमें लिंटर डल गया है। भवनों पर प्लास्टर कराने के साथ ही अन्य काम कराए जा रहे हैं। उम्मीद है कि इसी साल काम पूरा होने के बाद नए बस अड्डे से बसों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

सेटेलाइट बस अड्डे के निर्माण के दौरान भी संचालन करने की तैयारी

> मिनी बाईपास पर बस अड्डे का काम तेजी से कराया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद वहां से बसों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा। इससे सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर लोड कम हो जाएगा।
> –**दीपक चौधरी**, आरएम बरेली रीजन

सेटेलाइट बस अड्डे पर पीपीपी मॉडल के तहत निर्माण जल्द ही शुरू होना है। इसके बाद यहां से चलने वाली बसों को भी मिनी बाईपास बस अड्डे से चलाने का विचार किया जा रहा है। मिनी बाईपास बस अड्डे से लखनऊ, देहरादून, टनकपुर, पीलीभीत, दिल्ली और अन्य रूट की बसों का भी संचालन किया जाएगा।

## एक और बाबू के खिलाफ मुख्यमंत्री से शिकायत

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका में लिपिक आदेश शुक्ला के विवादित निलंबन का मामला सुलझने से पहले ही एक और मामला सामने आ गया।

एक और बाबू की नियुक्ति अवैध बताते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत कर जांच कराने की मांग की गई है। बिथरी चैनपुर की रुख्साना ने इस शिकायत में कहा कि वर्ष 1993-94 में जब इस बाबू की नियुक्ति हुई थी, तब वह सिर्फ हाईस्कूल पास था जबकि इस पद के लिए इंटरमीडिएट की अहर्ता नियत थी।

बाबू ने नियुक्ति के बाद इंटरमीडिएट पास किया था। बाद में कार्रवाई शुरू हुई तो बाबू हाईकोर्ट से स्टे ले आया जो 10-12 साल वैकेट हो चुका है। रुख्साना ने बाबू को जांच कराकर तत्काल पदमुक्त कराने और उसे दिए गए वेतन की वसूली करने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि जिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी को भी भेजी गई है।

# आकाश टॉवर के पीछे झाड़ियों में मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कैमरे में ई रिक्शा में बैठकर आता दिखा, कुछ देर बाद झाड़ियों में तड़पते हुए तोड़ दिया दम**

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर आकाश टॉवर के पास मैदान में झाड़ियों में रविवार शाम एक बुजुर्ग का शव मिला। थाना बारादरी पुलिस ने शव की शिनाख्त की कोशिश की लेकिन नहीं हो सकी।

थाना कैंट क्षेत्र के गांव क्यारा निवासी राममूर्ति आकाश टॉवर में गार्ड हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे लोग टॉवर के पास मैदान में टहल रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों के बीच उन्हें शव दिखाई दिया। लोगों ने इसकी सूचना थाना बारादरी पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के कपड़े चेक किए, जिनमें कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने सीसीटीवी चेक किए तो पता चला कि बुजुर्ग व्यक्ति ई-रिक्शा से बैठकर वहां तक आया था। इसके बाद ई-रिक्शा चालक ने उसे उतार दिया।

वहां से वह झाड़ियों के बीच गया और कुछ देर तक तड़पने के बाद उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। शिनाख्त कराई जा रही है।

# बीसलपुर-शाहजहांपुर हाईवे चौड़ीकरण प्रोजेक्ट के ज्यादा मूल्यांकन वाले मामले चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अब आर्बिट्रेशन दायर करने की तैयारी कर रहा है एनएचएआई**
- **अधिग्रहीत भूमि का दोबारा मूल्यांकन कराने के लिए भी पैरवी**

**अमृत विचार :** बीसलपुर-शाहजहांपुर हाईवे के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना से पहले कौड़ियों के भाव जमीन खरीदकर करोड़ों का खेल करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है एनएचएआई ने जमीनों के ज्यादा मूल्यांकन वाले मामलों को चिह्नित करने के बाद आर्बिट्रेशन दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है।

बीसलपुर-शाहजहांपुर हाईवे के चौड़ीकरण के प्रोजेक्ट में अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर धांधली किए जाने के स्पष्ट प्रमाण मिले हैं। अब तक की छानबीन में सामने आया है कि हाईवे चौड़ीकरण का एलाइनमेंट लीक होने के बाद बाहरी लोगों ने यहां कौड़ियों के भाव जमीनों को खरीदा। तीन गांवों में जमीनें खरीदने के बाद ज्यादा मुआवजा झटकने के लिए वहां कई ढांचे भी खड़े करा दिए गए थे। इसके बाद मुआवजा हड़पने की तैयारी थी, लेकिन जांच में मामला पकड़ में आने के बाद सारी प्रक्रिया जहां के तहां रोक दी गई। एनएचएआई ने अब उन सभी मामलों को चिह्नित कर लिया है जिनमें जमीन का ज्यादा मूल्यांकन किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब इन मामलों पर आर्बिट्रेशन दायर करने की तैयारी की जा रही है। दोबारा मूल्यांकन कराने के लिए भी आग्रह किया गया है।

बताया जाता है कि एसडीएम बीसलपुर ने इन मामलों पर पीलीभीत के जिलाधिकारी को पहले ही रिपोर्ट भेज दी थी, जिस पर हुई जांच में मिले तथ्यों के साथ एनएचएआई और बीसलपुर तहसील प्रशासन की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई बढ़ेगी।

# रिश्वत लेने वाले कर्मचारी नेताओं के चहेते

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मंत्री की सिफारिश पर अमीन का निलंबन खत्म, तैनाती भी पुरानी जगह**
- **दूसरे अमीन की लखनऊ के नेता ने कराई तैनाती, रिश्वत लेते पकड़ा गया**

**अमृत विचार :** जनप्रतिनिधि अक्सर बैठकों में शिकायत करते हैं कि अफसर उनकी सुनते नहीं लेकिन अफसर उनकी किस कदर सुनते हैं, इसका उदाहरण यह है कि रिश्वत लेने के लिए बदनाम कर्मचारियों की तैनाती तक उनकी सिफारिश पर मनचाही जगह हो जा रही है। सदर तहसील में हाल ही में दो ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें भाजपा नेता ही रिश्वत लेते पकड़े गए गए अमीनों के मददगार साबित हुए हैं।

पिछले साल अक्टूबर में अमीन संघ के चुनाव में कई अमीनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद एक अमीन को बिजली के बिल की वसूली की तारीख आगे बढ़ाने के लिए पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने पकड़ा था। कई महीने यह अमीन जेल में रहा। जमानत पर छूटने के बाद कुछ महीने मीरगंज तहसील में गुजारने पड़े लेकिन इसके बाद एक मंत्री के करीबी अमीन ने पहले उसका निलंबन खत्म कराया। फिर मंत्री की सिफारिश पर फिर उसकी पोस्टिंग तहसील सदर में ही करा दी। आजकल यह अमीन फिर काफी चर्चा में है। उसके खिलाफ रिश्वतखोरी मामले की जांच भ्रष्टाचार निवारण संगठन की मेरठ इकाई जांच कर रही है।

शनिवार को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए कुलदीप नाम के जिस अमीन का वीडियो वायरल हुआ, उसकी पीठ पर भी एक भाजपा नेता का हाथ होने का पता चला है। वीडियो उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद देर रात एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने अमीन को निलंबित कर दिया था। पता चला कि कुलदीप की पहले पोस्टिंग जिले की दूसरी तहसील में थी। कुछ महीने पहले उसने लखनऊ के एक वरिष्ठ भाजपा नेता से सिफारिश कराई और तहसील सदर में पोस्टिंग करा ली, लेकिन कुछ ही समय बाद एक बकायादार की आरसी दबाने के लिए में 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हो गया।

# अब निजी कंपनी जारी करेंगी फिटनेस सर्टिफिकेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का काम निजी हाथों को देने की तैयारी**
- **बड़ा बाईपास पर चल रहा है दो दोनों ऑटो टेस्टिंग स्टेशनों का निर्माण**

**अमृत विचार :** ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टेस्ट की जिम्मेदारी के बाद अब गाड़ियों की फिटनेस चेक सर्टिफिकेट जारी करने का काम भी निजी एजेंसियों को सौंपने की तैयारी है। अफसरों के मुताबिक बड़ा बाईपास जल्द ही दो ऑटो टेस्टिंग स्टेशन शुरू होने जा रहे हैं जहां दो निजी कंपनियां गाड़ियों की फिटनेस चेक कर सर्टिफिकेट जारी करेंगी।

अब तक परिवहन विभाग खुद गाड़ियों को फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर रहा है और इसके लिए उसने ट्रांसपोर्टनगर में सेंटर बना रखा है जहां आरआई रैंक के अधिकारी तकनीकी कर्मचारियों के साथ वाहन की जांच करते हैं लेकिन अब शासन के निर्देश पर इसमें बदलाव करने की तैयारी है। बड़ा बाईपास पर फिनिक्स और मनाली इंटरप्राइजेज नाम की दो निजी कंपनियों के दो ऑटो टेस्टिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद इन्हीं स्टेशनों पर कंपनियों की ओर से गाड़ियों की फिटनेस चेक की जाएगी।

> गाड़ियों की फिटनेस चेक करने के लिए दो कंपनियों का चयन हुआ है। उनके स्टेशन बनने के बाद विभाग की ओर से निरीक्षण होगा। उम्मीद है कि जल्द ही निजी स्टेशनों पर गाड़ियों की फिटनेस चेक होनी शुरू हो जाएगी।
> – **मनोज सिंह**, एआरटीओ प्रशासन

अधिकारियों के मुताबिक दोनों ऑटो टेस्टिंग स्टेशन अत्याधुनिक मशीनों से लैस होंगे। ट्रांसपोर्टनगर में मैनुअली वाहनों की जांच की जाती थी लेकिन ऑटो टेस्टिंग स्टेशन पर मशीनों से जांच कर प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। बता दें कि व्यावसायिक वाहनों को हर साल फिटनेस सर्टिफिकेट का नवीनीकरण कराना पड़ता है। इस प्रक्रिया में गाड़ी के भौतिक सत्यापन के साथ टैक्स, इंश्योरेंस, बीमा जैसे दस्तावेज भी चेक किए जाते हैं। तभी उसे सड़क पर चलने योग्य माना जाता है।

## सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशु से टकराई बाइक, दंपती घायल

**मानपुर (शीशगढ़) अमृत विचार:** छुट्टा पशु से बाइक टकराने दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को मानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव परेवा के पूरनलाल पत्नी राजो देवी के साथ रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। मानपुर में सड़क पर अचानक छुट्टा पशु से बाइक टकरा गई और दोनों गंभीर घायल हो गए। छुट्टा पशुओं से हादसे होने की कई घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं लेकिन प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया।

## कार्यवाहक प्रधान ने किया फर्जीवाड़ा वसूली के आदेश

**बरेली, अमृत विचार :** मीरगंज ब्लॉक क्षेत्र में ग्राम पंचायत मसीहाबाद की बिना बैठक बुलाए ही कार्यवाहक प्रधान पर भुगतान निकालने का आरोप लगा है। डीपीआरओ ने वसूली का आदेश जारी कर चेतावनी भी दी है कि पैसे नहीं जमा कराने पर एफआईआर कराई जाएगी।

ग्राम पंचायत मसीहाबाद के कार्यवाहक प्रधान पंकज पर आरोप कि वेतन और सफाई के नाम पर 10,220 रुपये अपने व्यक्तिगत खाते में भेज दिए। जब ग्राम पंचायत सदस्य विनय बाबू को मामले की जानकारी हुई तो उसने शिकायत की। मामला संज्ञान में आने पर डीपीआरओ ने जांच कराई तो मामला सही पाया गया। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि एडीओ पंचायत को पंचायत निधि में रकम जमा कराने के आदेश दिए हैं। अगर कार्यवाहक प्रधान रुपये जमा नहीं करते हैं तो मामले में एफआईआर कराई जाएगी।

# साल भर में न खुद पटरी पर आए अंबा प्रसाद, न बिजली

## बिजली संकट के साथ राजस्व वसूली भी नहीं संभाल पाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चेयरमैन की बैठक में अधूरी तैयारी पड़ी भारी, जनप्रतिनिधियों ने भी की थीं शिकायतें

**अमृत विचार :** साल भर शहर में तैनात रहे अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद न बिजली संभाल पाए, न ही राजस्व वसूली को पटरी पर ला पाए। इसके बावजूद पिछले दिनों पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल की समीक्षा बैठक में अधूरी तैयारी के साथ पहुंचे और उनके ज्यादातर सवालों के जवाब नहीं दे पाए। रही-सही कसर हाल ही में प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर की समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों की उनके खिलाफ नाराजगी ने पूरी कर दी। रविवार दोपहर वीडियो कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष ने उन्हें निलंबित करने का आदेश सुना दिया।

अंबा प्रसाद वशिष्ठ शहर में एक साल भी पूरा नहीं कर सके। बिजली व्यवस्था संभालने में नाकामी के साथ राजस्व की कम वसूली उनके निलंबन की मुख्य वजह बन गई। कहा जा रहा है कि ट्रांसमिशन से आए अंबा प्रसाद को वितरण की ज्यादा जानकारी नहीं थी। जून, जुलाई और अगस्त में सुभाषनगर में कई दिन ब्रेक डाउन होने के बाद भारी हंगामा हुआ था और इसकी शिकायतें भी मुख्यालय तक पहुंचीं। ऊपर से करोड़ों जारी होने के बाद भी सुदृढ़ीकरण के काम पूरे नहीं हो सके। इस कारण कई बिजली अधिकारियों का सितंबर का वेतन रोका गया जो अब तक जारी नहीं किया गया है। मुख्यालय स्तर से अधीक्षण अभियंता को लगातार शहर में बिजली संकट दुरुस्त करने के साथ वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए जा रहे थे लेकिन न बिजली आपूर्ति में कोई सुधार हो पाया, न ही वसूली तेजी पकड़ पाई। आखिरकार अधीक्षण अभियंता के निलंबन के साथ यह सिलसिला खत्म हुआ।

### फिर गुरुजी की शरण में पहुंचे कई अधिकारी

अधीक्षण अभियंता पर कार्रवाई के बाद विभाग में हलचल बढ़ गई। विभाग में सुगबुगाहट शुरू हो गई कि अधीक्षण अभियंता पर कार्रवाई होने के बाद कई अधिकारी किला इलाके में रहने वाले एक गुरुजी के पास पहुंच गए हैं। ये अधिकारी देर रात तक निलंबन रद्द कराने के लिए गुरुजी को मनाने में जुटे रहे।

## खाद्यान्न कम देने पर कोटेदार पर एफआईआर

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** एसडीएम के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक भुता ने एक कोटेदार के खिलाफ खाद्यान्न कम देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम पंचायत खाता के निवासी कलट्टर सिंह ने एसडीएम फरीदपुर को दिए प्रार्थना पत्र में गांव के कोटेदार रामपाल सिंह पर आरोप लगाते हुए बताया था कि कोटेदार ग्रामीणों को कम खाद्यान्न देता है और चीनी का वितरण नहीं किया जाता है। एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक भुता को मामले की जांच सौंपी थी। पूर्ति निरीक्षक सलिल भटनागर ने गांव में जाकर जांच की तो आरोप सही साबित पाए गए। पूर्ति निरीक्षक ने इसकी रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी, 18 सितंबर को एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक को कोटेदार रामपाल के खिलाफ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश जारी। रविवार को पूर्ति निरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# एग्रीमेंट के मुताबिक ई-कॉमर्स सेंटर न चलाने वाली एजेंसियों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सात एजेंसियों को परफारमेंस गारंटी जब्त कर अनुबंध खत्म करने की चेतावनी


**अमृत विचार :** जरी और बेंत कारीगरों के लिए फरीदापुर इनायतखां में करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ई-कामर्स सेंटर में अनुबंध के तहत न करने पर संस्थाओं को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है और परफारमेंस गारंटी जब्त कर अनुबंध खत्म करने की चेतावनी दी गई है।

फरीदापुर इनायत खां में 1.19 करोड़ की लागत से ई-कामर्स सेंटर पिछले साल बनकर तैयार हो गया था। करीब 80 लाख रुपये की मशीनें यहां लगी हैं। सेंटर का संचालन कराने की जिम्मेदारी जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को दी गई है। ई-कामर्स सेंटर में जरी-जरदोजी की डिजाइन बनवाने और उसके लिए कटिंग की मशीनें लगी हैं। संचालन होने से क्षेत्र के पदारथपुर, नरियावल, बिथरी चैनपुर, फरीदापुर इनायत खां, उड़ला जागीर, आलमपुर गजरौला, भिंडोलिया, उदयपुर, जसरथपुर, सिमरा अजूबा बेगम, पुरनापुर, परसोंना, पदातसपुर के कारीगरों को रोजगार की संभावनाएं बढ़ी हैं।

परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत एक साल पहले 10 साल तक सेंटर के संचालन के लिए अलग-अलग तारीखों में संस्थाओं के साथ अनुबंध हुआ था। परियोजना निदेशक ने कहा कि करार के अनुसार संस्थाओं को कार्य करना है।


अनुबंध के 12 बिंदुओं को शामिल करते हुए मुख्य विकास अधिकारी की ओर से कोल्ड स्टोरेज परियोजना चलाने वाली मेसर्स रीवल फाइन प्राइवेट लिमिटेड सेंट एन्ड्रूज, गांव पुरनापुर और बिथरी चैनपुर में स्थापित पाली हाउस परियोजना का संचालन करने वाली संस्था शुभ कीर्ति प्रोड्यूसर नवादा शेखान, फरीदापुर इनायत खां में स्थापित रूर्बन मार्ट (छोटी मंडी) परियोजना का संचालन करने वाली संस्था शुभ कीर्ति प्रोड्यूसर, बिथरीचैनपुर में स्थापित नान बायोडिग्रेविल गारबेज वेस्ट रिसाइकिलिंग प्लाट विद शेड इकाई परियोजना का संचालन करने वाली संस्था शगुन इंटरप्राइजेज, आलमगिरीगंज शिवाजी मार्ग को नोटिस जारी की गई है। नोटिस में कहा गया है कि अनुबंध के मुताबिक शर्तों को पूरा करते हुए संचालन कराएं।


अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं













अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दि कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि0, नैनीताल

दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि0 उत्तराखण्ड राज्य का एक प्रमुख नगरीय सहकारी बैंक (Urban Cooperative Bank) विगत 42 वर्षों से उत्तराखण्ड राज्य की सम्मानित जनता की सेवा में समर्पित।

हमारी विशेषताएं :-

1. बचत खाते में प्रतिमाह ब्याज भुगतान I (Monthly payment of interest in Saving Bank A/c)
2. इंटरनेट बैंकिंग सुविधा युक्त उत्तराखण्ड का प्रथम नगरीय सहकारी बैंक।
3. सी०बी०एस० (CBS), आर०टी०जी०एस० (RTGS), एन०ई०एफ०टी० (NEFT), लॉकर, ए०टी०एम० व क्यूआर कोड (QR Code) सुविधा।
4. जमा योजनाओं में अन्य बैंकों से अधिक एवं आकर्षक ब्याज दरें।
5. व्यापारियों, स्वनियोजित/ पेशेवर व्यक्तियों, वेतनभोगियों व अन्य के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर यातायात, वाहन, भवन, उपभोग ऋण, बैंक की सावधि जमा व अन्य तरल अमानतों एवं स्वर्ण आभूषणों के विरुद्ध तत्काल प्रोसेसिंग एवं शीघ्र ऋण/अग्रिम।
6. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, वीर चन्द्र सिंह गढवाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं अन्य सरकारी योजनाओं में बैंक की भागीदारी।


विशेष आकर्षण :-

- 1 वर्ष से 2 वर्ष तक के मियादी जमा खाते में 7.25% (वरिष्ठ नागरिकों हेतु 7.75%) ब्याज दर।
- विशेष योजना सावधि जमा एकल निवेश में रु. 25 लाख व अधिक की धनराशि पर 8% ब्याज दर।

अधिक जानकारी के लिये कृपया हमारी वेब साईट www.kurmanchalbank.com देखें।

कृपया बैंक की निकटतम शाखा में संपर्क कर खाता खुलवाएं एवं आकर्षक ब्याज दरों के साथ इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाएं।

(अक्षय कुमार साह)
सचिव/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी



## सार-संक्षेप

### विधि-विधान के साथ 83 वां वार्षिकोत्सव शुरू



बरेली, अमृत विचार: श्रीरामलीला सभा की ओर से सुभाषनगर रामलीला मैदान में 83वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से शुरू हो गया। इस अवसर पर गणेश पूजन और सुंदरकांड पाठ और हवन किया गया। पं. प्रदीप चौबे, तपेश्वरनाथ मंदिर के महंत रामलखन दास, नरसिंह दास ने विधिविधान से पूजा कराई। इस मौके पर नमन सक्सेना, सभा के अध्यक्ष अशोक शर्मा, मंत्री आलोक तायल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, जगदीश सक्सेना, राज कुमार तिवारी, अमित भारद्वाज,अजय शर्मा, अखिलेश सिंह, उदय वीर सिंह, अनिल अग्रवाल, मनोज सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सुदामा चरित्र कथा के साथ भागवत को मिला विश्राम



बरेली, अमृत विचार: कर्मचारी नगर स्थित कृष्णा होम्स कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन रविवार को कथा व्यास आचार्य दिव्य कृष्ण शास्त्री ने मानव जीवन की विशिष्टता और भक्ति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कहा कि अनेक योनियों में जन्म लेने, कष्ट भोगने के बाद मानव जन्म मिलता है और हमें इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। प्राणी को सद्गति तभी प्राप्त होती है जब भगवत कृपा हो। यह तभी संभव है जब निर्मल मन से प्रभु को भजते हुए सद्कर्मों में मन लगा रहता है। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन कर बताया कि जब प्रेम में निश्चलता होती है तो बिना याचना के भी प्रभु भंडार भर देते हैं। आगे बताया कि शुकदेव ने परीक्षित को सात दिवसीय कथा का रसपान कराया, जिसके बाद उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। नत्थू लाल शर्मा, सचिन शंखधार, विनय कुमार, संजय सिंह, घनश्याम जायसवाल, पूर्णप्रकाश शर्मा, कुलभूषण शर्मा, अंकित, मुदित, सत्यदेव शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### शिविर में डेंगू और मलेरिया से बचाव की दी जानकारी



बरेली, अमृत विचार: रोटरी क्लब ऑफ बरेली ग्लोरी ने सुभाषनगर में एक निजी स्कूल में रविवार को स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया, जिसमें मलेरिया, डेंगू, वायरल आदि मौसमी बीमारियों के बारे से बचाव और उपचार की जानकारी दी गई। क्लब की ओर से स्कूल को दो पंखे और 10 कुर्सियां भेंट की गईं। रोटरी क्लब बरेली ग्लोरी अध्यक्ष अशोक अवस्थी, सचिव शैलेंद्र सक्सेना, उपाध्यक्ष अजय अरोड़ा, सह सचिव अशोक श्रीवास्तव, राजीव कोहली आदि लोग उपस्थित रहे।

### सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने खाने के पैकेट बांटे



बरेली, अमृत विचार: सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को जिला अस्पताल में जरूरतमंद लोगों को खाने के पैकेट बांटे। सोसाइटी अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया कि अस्पताल में दिलीप अग्रवाल प्रतिदिन खाना वितरण करते हैं। रविवार को उन्होंने हमारे प्रयास में योगदान दिया। संतोष सक्सेना ने कहा कि यहां खाना बांटकर अच्छा लगा। उपाध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, दिलीप अग्रवाल, राजीव सक्सेना, रविन्द्र शर्मा, दिलीप पाठक, हरीश गंगवार, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### वाल्मीकि सद्भावना मेला कमेटी का गठन



बरेली, अमृत विचार: वाल्मीकि सद्भावना मेला कमेटी की ओर से रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में बैठक में 16 से 18 अक्टूबर से होने वाले 44वें वाल्मीकि सद्भावना मेला के लिए समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोज थपलियाल, संरक्षक दक्ष शर्मा पाराशर और राजेंद्र गुप्ता , मेला निदेशक आशीष जौहरी ,मेला प्रभारी सुनील दत्त, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश पुष्कर, उपाध्यक्ष अरविंद वाल्मीकि, महामंत्री कवंल विग, उपाध्यक्ष योगेश बंटी और बंटी सिंह, सहसंयोजक तरुण गंगवार और अंशु आर्य, सह मंत्री नईम शास्त्री और हरमीत सिंह, युवा अध्यक्ष अतुल वाल्मीकि, यश चौधरी सहित 51 सदस्यीय कमेटी की घोषणा की गई।

# सरकार के नियंत्रण से मुक्त किए जाएं मंदिर

## प्रसाद में मिलावट के खिलाफ विहिप ने निकाली आक्रोश रैली, कमिश्नरी में हनुमान चालीसा का पाठ

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कमिश्नरी में विरोध-प्रदर्शन करते विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- रैली से पहले नेहरू युवा केंद्र पर सभा हिंदुओं से एकजुट होने की अपील
- मंडलायुक्त को ही ज्ञापन देने को धरना, बाद में अपर आयुक्त को सौंपा

**अमृत विचार :** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट के विरोध में रविवार को विश्व हिंदू परिषद ने नेहरू युवा केंद्र पर सभा करने के बाद आक्रोश रैली निकाली और मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचकर अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल को ज्ञापन दिया। विहिप नेता और कार्यकर्ता यहां कुछ देर धरने पर भी बैठे और हनुमान चालीसा का पाठ किया।

नेहरू युवा केंद्र में सुबह 11 बजे विहिप की सभा में हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल के मिलावट पर गुस्सा जताया। विहिप के प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार ने कहा कि अंग्रेजों के समय से ही मंदिरों की संपत्ति लूटने के उद्देश्य से उनका नियंत्रण सरकारों के अधीन रखा गया, दुनिया के और किसी धर्म में ये व्यवस्था नहीं है। हिंदू मंदिर भी सरकार के नियंत्रण से बाहर होने चाहिए। बोले, तिरुपति मंदिर की घटना से धार्मिक भावनाओं को गहरी चोट पहुंची है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकारों की मनमानी इस कदर है कि मंदिरों में आने वाले दान को भी प्रशासनिक और गैर धार्मिक कार्यों में खर्च किया जाता है। धार्मिक परंपराओं को क्षति पहुंचाने का यह एक उदाहरण है। आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह राजपाल ने कहा कि हिंदू समाज को भेदभाव भुलाकर और समाज हित में एकजुट होकर ऐसे कुकृत्यों का विरोध करना चाहिए। सभा के बाद भगवा पताकाएं लहराते हुए रैली शुरू हुई और विहिप कार्यकर्ता नारे लगाते हुए कमिश्नरी पहुंचे।

रविवार होने के कारण मंडलायुक्त कमिश्नरी में नहीं थी। विहिप कार्यकर्ता उन्हीं को ज्ञापन देने की जिद पर अड़ गए और धरने पर बैठ गए। काफी देर नारेबाजी भी की। बाद



नेहरू युवा केंद्र में सभा को संबोधित करते विहिप के पदाधिकारी।

में विहिप नेताओं ने अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि तिरुपति बालाजी मंदिर के भोग महाप्रसाद प्रकरण की सीबीआई जांच कराकर दोषियों को शीघ्र कठोरतम दंड दिलाना सुनिश्चित कराया जाए। इस मौके पर महानगर संघ चालक डॉ. सत्यपाल गंगवार, महानगर प्रचारक मयंक साधु, मानवेंद्र सिंह राणा, देवेंद्र सोम, मनीष, नीरज रस्तोगी, सरोज नाथ, अज्ञानंद महाराज, साध्वी तितिझा सरस्वती, मौनी बाबा, शिवानंद महाराज, पंडित केके शंखधार, संजय शुक्ला, डॉ. बृजेश यादव, पवन अरोरा, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ. रुचिन अग्रवाल, उज्जवल गुप्ता, आशू अग्रवाल, नीरु, दिव्य चतुर्वेदी, अविनाश मिश्र, राजेश पाठक, कृष्ण गंगवार आदि उपस्थित रहे ।

# बाल सखा सुदामा का हाल देखकर रो पड़े द्वारिकाधीश

कार्यालय संवाददाता, बरेली


- बन्नूवाल नगर में रासलीला महोत्सव में किया मंचन

**अमृत विचार:** श्री राधा कृष्ण रासलीला महोत्सव आयोजन समिति की ओर से श्री मनकामेश्वर नाथ मंदिर पार्क बन्नूवाल नगर में श्री राधाकृष्ण रासलीला महोत्सव के आठवें दिन रविवार रात बांके बिहारी का तिलक और माल्यार्पण कर लीला की शुरुआत की गई।

वृंदावन धाम के कलाकारों के साथ पंडित मोहन लाल शर्मा ने श्रीकृष्ण-बाल सखा सुदामा की परम मित्रता और द्वारिकापुरी में श्रीकृष्ण सुदामा संवाद की लीला का मंचन किया। रासलीला में यह संदेश दिया गया कि मित्रता में कोई छोटा बड़ा, नीचा-ऊंचा, अमीर-गरीब नहीं होता है। मित्रता परस्पर विश्वास, प्रेम-भाव पर आधारित होती है।

भगवान श्री कृष्ण गोकुल नंदबाबा के लाल होते हुए भी साधारण परिवार के सुदामा के परम मित्र रहे हैं और सुदामा ने संकट के समय अपने बाल सखा श्री कृष्ण को ही याद किया और पूर्ण विश्वास के साथ द्वारिकापुरी पहुंचे। वहां श्रीकृष्ण ने गले लगाकर विलाप किया। श्रीकृष्ण ने सुदामा के चरणों को धोकर आसन ग्रहण कराया।

इस मौके पर शीलव्रत जौहरी, विजय मूलचंदानी, शैलेन्द्र मूलचंदानी, छोटेलाल, दिनेश शुक्ला, मोहित सक्सेना, राजेन्द्र तिवारी, अमन तिवारी, प्रवेश उपाध्याय, भरत मूलचंदानी, अतुल मिश्रा, राजकुमार शर्मा, राजीव कुमार मौजूद रहे। सोमवार को रासलीला के अंतिम दिन श्रीकृष्ण द्वारा कंस वध और मथुरा में 20 किलो फूलों की भव्य होली का आयोजन किया जाएगा।



कृष्ण-सुदामा की मित्रता की लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# विश्वामित्र ने राक्षसों के विनाश के लिए राम-लक्ष्मण को मांगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वनखंडीनाथ रामलीला समिति की ओर से जोगीनवादा में आयोजित रामलीला में चौथे दिन रविवार को विश्वामित्र का राजा दशरथ से राम -लक्ष्मण को मांगने और रासलीला में सुदामा चरित्र का मंचन किया गया।

सुबह रासलीला में कलाकारों ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का नृत्य के माध्यम से चित्रण किया।कलाकारों ने दिखाया कि बाल्यकाल में सुदामा गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के लिए जाते हैं। रास्ते में उनके पैर में कांटा लग जाता है। दर्द से परेशान सुदामा को देख उसी रास्ते से गुजर रहे कृष्ण उनका कांटा निकालते हैं और जड़ी-बूटी लगाते हैं। गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के दौरान सुदामा अपना पाठ भूल जाते हैं। इस पर गुरु ने उन्हें जंगल जाकर लकड़ी लाने का आदेश देते हैं। मित्र को मुसीबत में देखकर कृष्ण भी पाठ भूलने का नाटक करते हैं और उन्हें भी सुदामा के साथ लकड़ी लाने



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

- जोगीनवादा की रासलीला में कृष्ण सुदामा की मित्रता का मंचन

का आदेश मिलता है।

शाम को रामलीला में मंचन किया गया कि यज्ञ और अनुष्ठानों में विघ्न डालने वाले राक्षसा के विनाश के लिए विश्वामित्र दशरथ से राम और लक्ष्मण को मांगते हैं। रामकथा के इस प्रसंग को देख दर्शक भाव विभोर हो उठे और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पांडाल गूंज हो उठा। समिति अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर, विशाल राठौर और भक्त मौजूद रहे।

# विभीषण को लंका सौंपकर लौटे राम का राजतिलक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राधामाधव संकीर्तन मंडल की ओर से त्रिवटीनाथ मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय रामलीला का रविवार को भरत मिलाप और राम के राजतिलक का मंचन किया गया। शाम को रासलीला में फूलों की होली खेली गई।

रासाचार्य देवकी नंदन की मंडली के कलाकारों ने मंचन कर दिखाया कि रावण की मृत्यु के बाद राम ने विभीषण को लंका का राज्य दिया। अंगद माता सीता को लेकर आए और अग्नि परीक्षा हुई। अग्नि देव ने कहा प्रभु पंचवटी में जो सीता आपने मुझे दी थी वही हैं और पवित्र हैं। इसके बाद पुष्पक विमान से राम, लक्ष्मण, सीता, विभीषण, सुग्रीव सभी अयोध्या को चल देते हैं। रास्ते में निषाद राज केवट को भी साथ ले लिया। हनुमान ब्राह्मण के रूप में भरत के पास नंदीग्राम में सूचना देने गए कि श्री राम आ रहे हैं। सूचना पाकर भरत की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। भरत के पूछने पर हनुमान अपने असली रूप में आते हैं और राम के सेवक




त्रिवटीनाथ मंदिर में रासलीला में फूलों की होली खेलते कलाकार और भक्त। ● अमृत विचार

- राधामाधव संकीर्तन मंडल की ओर से त्रिवटीनाथ मंदिर में आयोजित की गई नौ दिवसीय रामलीला

तौर पर अपना परिचय देते हैं। अयोध्या वासी भी खुशी से झूम उठे। गुरु वशिष्ठ ने राम को तिलक कर विधिवत राजगद्दी पर बैठाया। इसके बाद त्रेता युग के बाद द्वापर युग आया।

वहीं देर शाम रासलीला के मंचन में श्री कृष्ण ने राधा को होली खेलने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर जमकर फूलों की होली खेली गई। राकेश कुमार अग्रवाल, आरएस



श्रीकृष्ण-राधा स्वरूप कलाकारों पर फूल बरसाते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गोयल, संतोष अग्रवाल, जुगल किशोर साबू ,मोहन गुप्ता,रिंकू, आशीष मालू, प्रेम शंकर अग्रवाल, नवीन गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

# छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था सख्त की जाएगी, बढ़ाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे



छात्रावास परिसर में सुरक्षा व्यवस्था देखते प्रभारी सुधांशु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीनियर और जूनियर छात्रों में मारपीट के बाद सुरक्षा प्रभारी ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के छात्रावास में छात्रों में मारपीट की घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था सख्त की जाएगी। इसके लिए सुरक्षा कर्मियों की दिन-रात ड्यूटी लगाई जाएगी और सीसीटीवी कैमरों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। वार्डन के निर्देश पर रविवार को सुरक्षा प्रभारी सुधांशु शर्मा ने छात्रावास का निरीक्षण किया।

मुख्य छात्रावास में शुक्रवार रात सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्र के साथ मारपीट की थी। इसके बाद जूनियर छात्र ने सीनियर की पिटाई की थी। इस घटना के बाद वार्डन ने सभी सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि वह दिन-रात निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें। सुरक्षा प्रभारी ने छात्रावास के चारों ओर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने का आश्वासन दिया। सुरक्षा प्रभारी ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों से कहा कि वे किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचित करें। छात्रावास में प्रवेश और निकासी के समय छात्रों की पहचान की जांच की जा रही है। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को भी प्रतिबंधित किया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिए कई सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एक विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी।

# पुत्र प्राप्ति के लिए दशरथ ने कराया यज्ञ

**बरेली, अमृत विचार :** श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की ओर से चौधरी तालाब मोहल्ला में रामलीला में रविवार को पुत्र-प्राप्ति के लिए दशरथ यज्ञ और श्री राम जन्म लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने मंचन कर दिखाया कि पूर्व जन्म में राजा मनु और शतरूपा का जन्म राजा दशरथ और कौशल्या के रूप में होता है।

राजा दशरथ के कोई संतान न थी। इस पर राजा चिंतित हो जाते हैं। वह गुरु वशिष्ठ के पास गए और अपनी चिंता बताते हैं। दशरथ श्रृंगी ऋषि के पास गए। वह पुत्र कामेष्टि यज्ञ का आयोजन करने को कहते हैं। यज्ञ की पूर्ण आहुति होने पर अग्नि देव प्रसन्न होकर प्रकट होते हैं और राजा को खीर



चौधरी तालाब में रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

भेंटकर तीनों रानियों को भी सेवन कराने को कहते हैं। तीनों रानियां खीर ग्रहण करती हैं और कुछ माह में ही गर्भधारण कर चैत्र मास की शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि को राम सहित चारों पुत्रों का जन्म होता है। राम जन्म होने पर अयोध्या में उत्सव मनाया जाता है। समिति अध्यक्ष रामगोपाल मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र शुक्ला, घनश्याम मिश्रा, प्रदीप वाजपेई, विजय मिश्रा, प्रभु नारायण तिवारी, महामंत्री शिव नारायण दीक्षित, धीरेंद्र शुक्ला, श्रेयांश बाजपेई, बृजेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### गिरिराज गोवर्धन पूजन के साथ सुनाई कथा

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज स्थित शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को गिरिराज गोवर्धन का विधिविधान से पूजन किया गया। कथाव्यास आचार्य राजेंद्र तिवारी ने बताया कि गिरिराज गोवर्धन का



पूजन कर कन्हैया ने प्रकृति का पूजन करना सिखाया। जब तक प्रकृति सुरक्षित नहीं रहेगी तब तक हम सुरक्षित नहीं हो सकते। समाज में अनेक बीमारियों की उत्पत्ति हो रही है तो इसका मुख्य कारण यही है कि प्रकृति के साथ खेलना प्रारंभ कर दिया है। हरिओम शर्मा, मुन्नी शर्मा, आलोक शर्मा, अनिल चौधरी, संतोष बाबू गंगवार , रामौतार मम्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रभु को पुकारने में देर होती है, उनके आने में नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्रीहरि मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को कथा व्यास मधुर कृष्ण महाराज ने प्रभु की भक्ति का महत्व विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा



कि जीव को पुकारने में देर होती है मगर प्रभु को आने में देर नहीं होती। प्रभु मनुष्य के लिए ही नहीं बल्कि पशुओं के पुकारने पर भी उनकी रक्षा के लिए अपना बैकुंठ छोड़ कर चले आते हैं। भागवत में गजेंद्र मोक्ष भी इसी बात का प्रमाण है। प्रभु ने ग्राह का सिर काट कर गजराज की रक्षा की। श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, सुशील कुमार, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, कीर्ति कपूर, अनुभव कपूर, रघुनाथ कपूर उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए जीआईसी में बनेगा मिनी स्टेडियम

**बरेली, अमृत विचार:** शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेंद्र देव ने रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज में 68वीं अंडर-17 बालक-बालिका राष्ट्रीय विद्यालयी प्रतियोगिता की तैयारियों का निरीक्षण किया। शिक्षा निदेशक ने शिक्षकों और छात्रों की मांग पर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मिनी स्टेडियम बनाने की स्वीकृति दी और जल्द प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए।

निदेशक ने प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले खिलाड़ी अनमोल कुमार, गौतम तोमर, कृष्णा वर्मा और मक्खन को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का



जीआईसी में निरीक्षण करते शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेंद्र देव। ● अमृत विचार

- शिक्षा निदेशक ने राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता की तैयारी के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

आयोजन सभी के लिए गौरव की बात है। राजकीय इंटर कॉलेज में 6 से 10 नवंबर तक प्रतियोगिता होगी। उन्होंने कहा कि सभी जरूरी तैयारियों को समय से पहले पूरा कर लिया जाएगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, उप मंडलीय शिक्षा निदेशक अजीत सिंह, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश राय, निशान्त शर्मा, शाहिद रजा, कमल तिवारी, मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद, अर्चना राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने फुटबॉल चैंपियनशिप में पहली बार जीता कांस्य पदक



कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नागपुर में आयोजित नॉकआउट प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे को हराया

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने 23 से 28 सितंबर तक नागपुर में आयोजित 79वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप के नॉकआउट राउंड में पहली बार कांस्य पदक जीता।

चैंपियनशिप के लीग मैच 24 अगस्त से 2 सितंबर तक चितरंजन में खेले गए। पूर्वोत्तर रेलवे का पहला मैच पश्चिम रेलवे से ड्रा रहा, जबकि दूसरे मैच में पूर्व मध्य रेलवे को 6-0, तीसरे मैच में उत्तर पश्चिम रेलवे को 3-0, चौथे मैच में रेलवे सुरक्षा बल को 2-1 और पांचवें और अंतिम लीग मैच में चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स को 1-0 से पराजित कर नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। नागपुर में खेले गए नॉकआउट राउंड में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम ने पूर्व रेलवे को 1-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम मेट्रो रेलवे से 1-3 से पराजित हुई। तीसरे स्थान के लिए खेले गये अंतिम मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पश्चिम रेलवे को 1-0 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। फुटबॉल टीम के बेहतर प्रदर्शन में कोच अरविंद प्रताप सिंह एवं सहायक कोच मिथुन विश्वास का विशेष योगदान रहा है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, अपर महाप्रबन्धक दिनेश कुमार सिंह, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के अध्यक्ष अभय कुमार गुप्ता, महासचिव पंकज कुमार सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बधाई दी।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

शिखर नर्सिंग होम
SHIKHAR NURSING HOME
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्सः-
Dr. R.K. Verma
M.D., P.D.C.C. Critical Care
Fellowship in Diabetes
(General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya
M.S.
(Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta
M.S.
(General Surgeon)
Dr. T. Singh
M.S.
(Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशूल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम.
(A.N.M.) For Females only
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

# एमईएस के रिटायर्ड माली की गला दबाकर की गई थी हत्या

## गले पर मिले नाखून के निशान, पुलिस को करीबी पर शक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में एमईएस क्वार्टर के सामने कुटिया में रहने वाले सेवानिवृत्त माली द्वारिका प्रसाद की हत्या गला दबाकर की गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम में उनके गले की हड्डी भी टूटी पाई गई और गले पर नाखून के दो निशान भी मिले हैं। पुलिस को शक है कि उनकी हत्या किसी करीबी ने की होगी।

एमईएस क्वार्टर में रहने वाले द्वारिका प्रसाद का शव शनिवार देर रात एमईएस क्वार्टर से कुछ दूर गड्ढे में मिला था। बेटे सत्यपाल ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट थाना कैंट में दर्ज कराई है। रविवार को पोस्टमार्टम के अनुसार द्वारिका प्रसाद के गले पर सामने की ओर दो और पीछे की ओर कुछ अंगुलियों के निशान दिख रहे हैं। गले पर आगे दो जगह नाखून की खुरचन भी दिखाई दे रही है। पुलिस का अनुमान है कि द्वारिका प्रसाद की हत्या किसी अकेले व्यक्ति ने की होगी और शव को खींचकर गड्ढे में फेंक दिया होगा। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### प्रशांत और महिलाओं के बयान में अंतर

पुलिस के अनुसार द्वारिका प्रसाद के पौत्र प्रशांत ने बताया कि वह शाम को 7 :40 बजे जब कुटिया के पास पहुंचा था, तब उसके बाबा नहीं वहां नहीं थे, जबकि आसपास की महिलाओं ने बताया कि वे शाम को 7 :30 बजे पीपल के पेड़ के पास दीपक जलाने आईं थीं, तब द्वारिका प्रसाद थे। महिलाएं करीब 5 से 10 मिनट तक रुकी थीं इसके बाद चलीं गईं। पुलिस को प्रशांत ने बताया कि उसने मांस को 15 मिनट में पका लिया था। पुलिस के मुताबिक इतनी जल्दी मांस नहीं पक सकता है, क्योंकि गैस सिलेंडर और भगौना छोटा है।

### 20 फुट दूर मिली थी चप्पलें

पुलिस के मुताबिक द्वारिका प्रसाद की एक चप्पल दूसरी चप्पल से करीब 20 फुट दूर पड़ी थी। जमीन पर पैर की एड़ी की रगड़ दिखाई दे रही थी। ऐसा लग रहा था कि किसी ने द्वारिका प्रसाद को पकड़कर खींचा हो, जिस जगह पर शव मिला उस जगह को वहां आने-जाने वाला ही जान सकता है।

• एमईएस क्वार्टर के सामने कुटिया के पास गड्ढे में मिला था शव

"पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल चुकी है। हत्या के खुलासे के लिए पुलिस जुटी है। कई लोगों से पूछताछ की गई है।
–राजेश कुमार, थाना प्रभारी कैंट"

# उधार दी रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी

**सीबीगंज, अमृत विचार :** व्यापार के लिए उधार लिए 15 लाख रुपये आठ साल बाद भी आरोपियों ने वापस नहीं किए। जब पीड़ित ने रुपये मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर थाना सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर की जनकपुरी कॉलोनी निवासी अंकुर गुप्ता के मुताबिक उनकी सीबीगंज के गांव बाकरनगर सुनरासी निवासी इलियास और मिशयार खां से जान-पहचान थी। उन्होंने उन्हें वर्ष 2015 में एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट के लिए अलग-अलग तिथियों में 15 लाख रुपये दिए थे। एक साल में मुनाफे के साथ सारी रकम लौटाने की बात तय हुई थी मगर साल भर बाद जब उन्होंने रकम मांगी, तब आरोपी टालमटोल करने लगे। 25 अगस्त को शाम 6.30 बजे जब रुपये मांगे तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

# ट्रेन में सेना के कैप्टन की सूझबूझ से वापस मिले चोरी हुए मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गोरखपुर अमरनाथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में गोरखा रेजिमेंट के एक कैप्टन की सजगता से कई यात्रियों को चोरी हुए मोबाइल वापस मिल गए। फोन चोरी करने वालों में एक ट्रेन का कोच अटेंडेंट भी शामिल था। जीआरपी के मुताबिक घटना से संबंधित कोई तहरीर नहीं मिली है और ट्रेन के अंदर ही मामला सुलझा लिया गया था।

रविवार सुबह 12588 गोरखपुर अमरनाथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस के द्वितीय एसी कोच ए-1 में रोहित और मुनाफ के मोबाइल गायब हो गए। ट्रेन में जीआरपी के स्टाफ इकरार सिद्दीकी को इसकी जानकारी दी गई तो उन्होंने अगले स्टेशन पर उतरकर शिकायत दर्ज करने की बात कही। गोरखा राइफल्स के कैप्टन गुरप्रकाश छुट्टी पर अपने घर बरेली आ रहे थे। उन्होंने बताया कि सुबह 4 बजे कोच अटेंडेंट को कंबल लेने के लिए बुलाया तो वह कंबल ढूंढने के लिए सामने वाले केबिन में टॉर्च की रोशनी डाल रहा था तो उन्हें उस पर शक हुआ।

उन्होंने जीआरपी स्टाफ से कोच अटेंडेंट की तलाशी लेने को कहा। तलाशी में कोच अटेंडेंट समेत दो अन्य युवकों के पास से कई मोबाइल बरामद हुए। जो अलग-अलग कोच से चोरी किए गए थे। बरेली कैंट निवासी कैप्टन गुर प्रकाश ने बताया कि मुरादाबाद स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो एक आरोपी भागने में कामयाब रहा, जबकि अन्य को जीआरपी के हवाले कर दिया गया। वहीं जीआरपी कार्यवाहक प्रभारी उपनिरीक्षक राजकुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। यात्रियों की तरफ से इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है, जिनके मोबाइल फोन थे उन्हें ट्रेन में ही दे दिए गए थे।


यात्रियों के साथ बीच में बैठे कैप्टन गुरुप्रकाश।

• कोच अटेंडेंट ने अपने साथियों के साथ कई यात्रियों के चोरी किए थे मोबाइल

# एक्सिस बैंक के बिजनेस अफसर की रोडवेज बस की टक्कर से मौत

**बरेली, अमृत विचार :** विकास भवन रोड पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पास शनिवार देर रात रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक्सिस बैंक के बिजनेस ऑफिसर की मौत हो गई।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक थाना कैंट क्षेत्र के बंगला नंबर-14 में रहने वाले अनुराग सिंह एक्सिस बैंक में बिजनेस अधिकारी थे। वह शनिवार रात करीब 11 बजे डीडीपुरम कार्यालय से अपने घर के लिए आ रहे थे। उनकी बाइक डीआईओएस कार्यालय के पास पहुंची कि तभी दिल्ली से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी और उनका सिर पहिये के नीचे आने से कुचल गया और मौके पर ही मौत हो गई। अनुराग के पिता राजेश सिंह का आवास विकास कॉलोनी के सामने जनरल स्टोर है। पिता, भाई अनुपम सिंह और मां का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक अनुराग सिंह।

• डीडीपुरम ऑफिस से लौटते वक्त विकास भवन रोड पर शनिवार देर रात हादसा

### घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश

**भुता, अमृत विचार :** रात में दबंग ने घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर दादी और चचेरी बहन जाग गईं तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। किशोरी की मां ने आरोपी के खिलाफ थाना भुता में रिपोर्ट दर्ज कराई है। किशोरी की मां ने बताया कि वह पति के साथ किसी काम से बाहर गई थीं। उसकी बेटी दादी और चचेरी बहन के साथ घर में सो रही थीं। इसी दौरान गांव का उमाशंकर घर में घुस गया और किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया।

# रात को उठकर गुटखा नहीं दिया तो दुकान में आग लगा दी

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** परचून की दुकान में शनिवार रात आग लगने से हजारों का सामान जल गया। दुकानदार की पत्नी ने सुबह शटर के ऊपरी हिस्से में धुंआ उठता देखा तो आनन-फानन शटर खोलकर पानी डालकर आग बुझाई।

दुकानदार ने रविवार सुबह गांव के ही दो दबंगों पर गुटखा देने से मना करने पर रात में बंद दुकान में आग लगाने का आरोप लगाते हुए कैंट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कैंट थाना क्षेत्र के झील गौटिया निवासी नन्हे लाल ने बताया कि घर के बाहर उनकी परचूनी की दुकान है। शनिवार रात 9:30 बजे गांव के ही दो युवक उनकी दुकान पर आए और गुटखा मांगा, जब उसने बताया कि नहीं है तो आरोपी गाली देने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए कहकर गए कि तेरी दुकान में सुबह तक आग लगा देंगे।

रविवार सुबह 5 बजे दुकानदार की पत्नी घर के बाहर झाड़ू लगाने गई तो देखा शटर के ऊपरी हिस्से से धुआं निकल रहा था। और वह दोनों आरोपी वहां से कुछ दूर खड़े थे। उसे देखकर आरोपी वहां से जाने लगे। दुकानदार ने आशंका जताई है कि उन लोगों ने कोई ज्वलनशील पदार्थ शटर के नीचे से डालकर आग लगाई है। दुकानदार ने यूपी 112 पर फोन करके पुलिस बुलाई।


आग से जला सामान।

• पीड़ित दुकानदार ने दबंगों के खिलाफ थाने में दी तहरीर

# वक्फ संशोधन बिल पास होने पर मुसलमान करेंगे स्वागतः शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचारः** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि अगर आने वाले दिनों में वक्फ संशोधन बिल पास होता है, तो मुसलमान उसका स्वागत करेंगे।

उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल से वक्फ की जमीन जायदाद सुरक्षित होगी और वक्फ भू माफिया पर शिकंजा कसा जाएगा। हमारे बुजुर्गों ने जमीनें इसलिए वक्फ की थीं कि गरीब, कमजोर, लाचार मुसलमानों की मदद की जाए मगर ये सब न होकर वक्फ बोर्ड के लोग भू माफिया से मिलकर और साठगांठ करके वक्फ की जमीनों को बेचने का काम करने लगे। जिसकी वजह से अरबों रुपए की संपत्ति बर्बाद हो गई, इससे गरीब मुसलमानों को कोई लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल का हम इसलिए समर्थन करते हैं क्योंकि अगर यह कानून लागू हो जाता है तो गरीब मुसलमानों और यतीम बच्चों का भला होगा। वक्फ भू माफिया से छुटकारा मिलेगा। वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम लगेगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
7302532226, 9758044442

## सार-संक्षेप

### जीआरपी ने नशा नहीं करने के लिए किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली जंक्शन पर जीआरपी इंस्पेक्टर ने अपनी टीम के साथ रविवार को नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया। टीम ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट बरेली के साथ मिलकर एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत जंक्शन के प्लेटफार्म, सर्क्युलेटिंग एरिया, टिकट विंडो, पार्किंग एरिया, वेटिंग हाल आदि में नशा न करने और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया।

### हर फ्रंटल संगठन के जिलाध्यक्ष कार्यकारिणी बनाएं



**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय लोकदल की जिला स्तरीय बैठक रविवार को सिंचाई विभाग के गेट हाउस में हुई। जिलाध्यक्ष मो. मतलूब की अध्यक्षता में बरेली कॉलेज के कर्मचारी नेता जितेंद्र मिश्रा समेत अन्य ने पार्टी की सदस्यता ली। वरिष्ठ नेता सर्वेश पाठक ने पार्टी का झंडा और पटका भेंट किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हर पदाधिकारी को मासिक बैठक में आना अनिवार्य है। हर महीने फ्रंटल संगठनों की भी बैठक होगी। पार्टी को आगे ले जाने के लिए जयंत चौधरी के हाथ मजबूत करें। हर फ्रंटल संगठन के जिलाध्यक्ष अपनी-अपनी कार्यकारिणी दो माह में बना लें। किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजवीर उपाध्याय, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष गीता सिन्हा, शाहनबाज खान आदि ने विचार रखे। महानगर अध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना ने संचालन किया। इस अवसर पर तौफीक मंसूरी, चांद बाबू, गीता सिन्हा, बिजेंद्र सिंह चौहान, रामपाल सिंह, चौधरी बिजेंद्र सिंह, राजीव चौधरी, चंद्र शेखर, निर्मल बिनती, शाकिर मंसूरी, मो बाहिद, बीरेंद्र पाल गंगवार, अथर अली, सुशील पोल आदि उपस्थित रहे।

### इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में फ्रेशर्स पार्टी की धूम



**बरेली, अमृत विचार** : इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में एग्रीकल्चर और फार्मेसी विभाग की ओर से ऑडिटोरियम हॉल में 'जेनेसिस गाला द मोड ऑफ ओरिजिन' थीम पर फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। नवागंतुक छात्रों ने रैंपवॉक किया। इसके बाद टैलेंट राउंड और परफॉर्मेंस के साथ-साथ सवाल जवाब किए गए। निर्णायक मंडली ने एग्रीकल्चर विभाग के प्रथम वर्ष के बीएससी एग्रीकल्चर के हरमीत और बवनीत, एमएससी एग्रीकल्चर के सुमित और आयुषी, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी से वैभव और भावना और फार्मेसी विभाग के बीफार्मा के वैभव और मरियम, डीफार्मा के जिकरम और वंशिका को मिस्टर और मिस फ्रेशर चुना। कुलाधिपति एवं मेयर डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के निर्देशन में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या रहे। उन्होंने कहा कि इस पार्टी का उद्देश्य नए छात्रों का स्वागत करना और उनके कॉलेज जीवन की शुरुआत को यादगार बनाना है। डीन इंजीनियरिंग प्रो. आरके शुक्ला, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग डीन डॉ. राजेश शर्मा, कुलानुशासक प्रो. केके दुबे, डीन साइंस प्रो. पीपी सिंह, फार्मेसी विभागाध्यक्ष सुरभि शर्मा, एग्रीकल्चर विभागाध्यक्ष डॉ. देवराज सिंह, डॉ. अवधेश शर्मा, राजीव सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को नसीहत, नशे से दूर रहें



**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान की ओर से नशा मुक्ति को लेकर 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' कार्यक्रम महात्मा गांधी हायर सेकेंडरी स्कूल निकट सिटी मंडी में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु ने बताया कि युवा पीढ़ी नशे के मकड़जाल में फंसती जा रही है। उसको अपना भविष्य अंधकार में होता भी नहीं दिख रहा है। युवाओं को नशे से दूर रखने की जरूरत है। राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र पाल ने बच्चों को दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि नशे से किसी को आज तक कोई सम्मान नहीं मिला। नशा लड़ाई-झगड़े कराता है। महानगर अध्यक्ष बबली गुप्ता, स्कूल के प्रधानाचार्य विवेक मोहन सिंह, रामेश्वर दयाल, राहुल गुप्ता, अमरदीप सिंह, शांति पाल सिंह, जेठालाल गंगवार, प्रवीण कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### साइबर टीम ने महिला के खाते वापस कराई रकम

**देवरनियां, अमृत विचार** : देवरनियां कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क ने गलती से दूसरे के खाते में गई रकम को वापस करा दिया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह के अनुसार कस्बा रिछा के वार्ड 11 निवासी जुल्फिकार की पत्नी निवासी सूफिया ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी कि पैसे भेजते समय 49 हजार रुपये गलत खाते में चले गए। शिकायत के बाद थाने स्तर पर एसएसआई नवदीप सिंह के नेतृत्व में गठित साइबर हेल्प डेस्क टीम ने प्रकरण को संज्ञान लेकर साइबर क्राइम सेल से समन्वय कर दूसरे के खाते में गाई 49 हजार की धनराशि को पीड़िता के खाते में वापस कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने साइबर हेल्प डेस्क टीम को बधाई दी है। टीम ने किसी अनजान से अपना सीवीवी, खाता संख्या, ओटीपी, पिन साझा न करने और जालसाजों की से बचने की अपील की।

### स्वास्थ्य मेले में आए 10 गंभीर मरीजों को किया रेफर

**बरेली, अमृत विचार** : मौसम में लगातार बदलाव की वजह से लोग बुखार, त्वचा समेत अन्य रोगों की चपेट में आ रहे हैं। जिले में 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मेले में चार हजार मरीज पहुंचे, जिनमें पांच सौ बुखार के थे। इसके अलावा त्वचा, हाइपरटेंशन, नेत्र रोग, एएनसी, हड्डी आदि रोगों के भी मरीज पहुंचे थे। गंभीर हालत मिलने पर 10 से अधिक मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया गया।

# विश्वविद्यालय में तैयार होगा क्रिकेट ग्राउंड

## शासन ने 50 लाख रुपये किए आवंटित, छात्रावास के पास तैयार की गई पिच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में छात्रावास के पास क्रिकेट ग्राउंड तैयार किया जा रहा है। इसके लिए शासन ने 50 लाख रुपये आवंटित कर दिए हैं। परिसर में खड़े पेड़ों को काटने की अनुमति मिल गई है और जल्द ही ग्राउंड तैयार किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के क्रीड़ा विभाग में एक दर्जन से अधिक खेलों का संचालन किया जा रहा है। अब इसमें क्रिकेट भी शामिल होने वाला है। क्रिकेट ग्राउंड के लिए छात्रावास के सामने की जगह को चिह्नित किया गया है। अभी छात्र पिच बनाकर अभ्यास कर रहे हैं। ग्राउंड तैयार होने के बाद यहां पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जाएगा। क्रीड़ा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पेड़ों के कटान की अनुमति मिल गई है। जल्द ही ग्राउंड तैयार किया जाएगा।



### ऑल इंडिया ग्रैपलिंग की मिली मेजबानी

रुहेलखंड विवि को इस बार ग्रैपलिंग पुरुष और महिला की ऑल इंडिया प्रतियोगिता की जिम्मेदारी मिली है। प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति प्रो. केपी सिंह के निर्देशन में प्रतियोगिता के सभी मानकों के अनुरूप व्यवस्था संचालित की जाएगी।

### 13 महाविद्यालयों ने प्रतियोगिता की तिथि जारी की

रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध 13 महाविद्यालयों ने अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं की तिथियां निर्धारित कर दी है। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय की टीम में किया जाएगा और यह खिलाड़ी जोन और ऑल इंडिया प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। 9-10 अक्टूबर को बैडमिंटन पुरुष एसएस कॉलेज शाहजहांपुर में, 14 अक्टूबर को एमएच पीजी कॉलेज मुरादाबाद में बास्केटबॉल पुरुष, 15 अक्टूबर को वर्द्धमान कालेज में बास्केटबॉल महिला, 19 अक्टूबर को हल्दौर डिग्री कॉलेज बिजनौर में बेस्ट फिजिक पुरुष, 22 अक्टूबर को एमजीएमसी संभल में महिला क्रिकेट, 19 अक्टूबर को एमएच पीजी कॉलेज मुरादाबाद में हॉकी महिला और पुरुष, 17 अक्टूबर को जेएसएच पीजी कॉलेज अमरोहा में कबड्डी पुरुष, 5 अक्टूबर को वर्धमान कॉलेज बिजनौर में कबड्डी महिला, 19 अक्टूबर को हल्दौर डिग्री कॉलेज बिजनौर में पावरलिफ्टिंग पुरुष, 23 अक्टूबर को विवेकानंद कॉलेज दरबारा बिजनौर में वालीबॉल पुरुष, 8 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में वालीबॉल महिला, 19 अक्टूबर को हल्दौर डिग्री कॉलेज बिजनौर में वेटलिफ्टिंग पुरुष अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिताएं होंगी।

# गरीब लड़कियों के कराए जाएंगे सामूहिक निकाह



उर्स-ए-सकलैनी के आयोजन के बारे में जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● बिशप मंडल कॉलेज में 3 अक्टूबर की शाम 5 बजे होगा कार्यक्रम

**अमृत विचार:** उर्स-ए-सकलैनी के मौके पर गरीब लड़कियों के सामूहिक निकाह कराए जाएंगे। शाह सकलैन एकेडमी के महासचिव हमजा सकलैनी ने रविवार को शाहबाद में प्रेसवार्ता में बताया कि 5 से 9 अक्टूबर तक उर्स-ए-सकलैनी मनाया जाएगा।

इससे पहले सामूहिक निकाह का कार्यक्रम 3 अक्टूबर को शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक बिशप मंडल इंटर कॉलेज के मैदान में किया जाएगा। इस मौके पर उलमा-ए-कराम का सूफी प्रवचन होगा। कार्यक्रम की सरपरस्ती खानकाह-ए-सकलैनिया के सज्जादानशीन शाह गाजी मियां सकलैनी करेंगे। सचिव हाजी लतीफ सकलैनी ने बताया कि अब तक बरेली और मुरादाबाद मंडल के 35 जोड़ों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। सभी जोड़ों को जरूरत का सामान भी दिया जाएगा। मंडल अध्यक्ष मेराज हुसैन सकलैनी ने बताया कि एकेडमी की ओर से पूरे देश में हर साल 500 से 600 जोड़ों के निकाह कराए जाते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में हाजी लतीफ कुरैशी, मुख्तार सकलैनी, हाजी इंतजार सकलैनी, मुन्ना सकलैनी, मेराज सकलैनी, अबरार हुसैन, अकरम सकलैनी, जाहिद सकलैनी, खुर्रम सकलैनी, फैसल सकलैनी, सय्यद आमिर, सय्यद राशिद, शावेज सकलैनी, जमील सकलैनी आदि मौजूद रहे।

### खानकाह-ए-नियाजिया में सजी कव्वाली की महफिल

**बरेली, अमृत विचार** : खानकाह-ए-नियाजिया के सूफी बुजुर्ग शाह मोहिउद्दीन का सालाना उर्स रविवार से शुरू हुआ। सबसे पहले कुरानख्वानी हुई और लोगों को लंगर बांटा गया। उर्स में आए जायरीन ने मजार शरीफ पर गुलपोशी और चादरपोशी की। रात में खानकाह-ए-नियाजिया पर सूफियाना कव्वाली की महफिल सजी। रात में सज्जादानशीन मेहंदी मियां मसनद पर तशरीफ लाए। उसके बाद हजरत शाह मोहम्मद ताकि उर्फ अजीज मियां का कुल शरीफ हुआ। सज्जादानशीन मेहंदी मियां ने उर्स में आए हुए जायरीन और देश में अमन चैन की दुआ की। खानकाह के नए प्रबंधक जुनैदी मियां नियाजी ने उर्स के इंतजाम का जायजा लिया। मौलाना कासिम नियाजी ने बताया कि उर्स 1 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

### ससुर ने 40 लोगों के साथ मिलकर दामाद के घर में घुसकर की तोड़फोड़

**बरेली, अमृत विचार** : नाराज ससुर ने 40 लोगों के साथ दामाद के घर में घुसकर मारपीट की और बेटी और घर में रखे 80 हजार रुपये ले गया। दामाद की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कालीबाड़ी निवासी प्रियांक साहू ने बताया कि उनकी ससुराल मिलक के मोहल्ला अस्लादपुर में है। शनिवार को दोपहर 2 बजे उनका ससुर अनिल, पत्नी का मामा संतोष, आलमगीरीगंज निवासी राजकुमार, शहामतगंज निवासी अमन गुप्ता और 35 अज्ञात लोगों के साथ घर में घुस आया और मारपीट शुरू कर दी और जबरन उनकी गर्भवती पत्नी को साथ ले गए। आरोप है कि घर में रखे 80 हजार रुपये भी ससुर ले गया। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके घर पर काम करने वाले युवक का मोबाइल तोड़ दिया और उसके साथ मारपीट की।

# जिले के चार ब्लॉकों में योजनाओं की जमीनी हकीकत परखेगी केंद्रीय टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● दिल्ली से आज आएगी टीम एक सप्ताह तक निरीक्षण कर लाभार्थियों से लेगी फीडबैक

**अमृत विचार** : जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत देखने के लिए दिल्ली से सोमवार को केंद्रीय टीम आएगी। टीम एक सप्ताह तक चिह्नित किए गए चार ब्लॉकों के अलग-अलग गांवों में निरीक्षण करेगी और लोगों से भी फीडबैक लेगी। इसके बाद टीम रिपोर्ट तैयार कर ग्रामीण विकास मंत्रालय को सौंपेगी। टीम के आने से पहले जिले के अधिकारियों ने भी तैयारियां की हैं।

केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा, आवास, पेंशन, पंचायती राज विभाग, कौशल विकास, दीन दयाल उपाध्याय, एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व समेत तमाम अन्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं का पात्रों को कितना लाभ मिला है या मिल रहा है, योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति क्या है, इसे जानने के लिए फरीदपुर, नवाबगंज, बहेड़ी और मीरगंज के चार ब्लॉकों को ग्रामीण विकास मंत्रालय ने चिह्नित किया है। सोमवार को नेशनल लेबल मॉनीटर डॉ. आशीष श्रीवास्तव टीम के साथ जिले में आएंगे। कार्ययोजना के अनुसार चारों ब्लॉकों के अलग-अलग गांवों में टीम अलग-अलग दिन जाएगी और तय पैरामीटर पर जांच करेगी। योजनाओं के लाभार्थियों से भी बात की जाएगी।

केंद्रीय टीम को किस क्षेत्र में कब जाना है और किस लाभार्थी से बात करनी है, यह वह खुद तय करेगी। बताया जाता है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय इसलिए निरीक्षण कर रही है ताकि पता चल सके कि केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लाभार्थी क्या सोचते हैं। लोग योजनाओं से मिलने वाले लाभ से कितना संतुष्ट हैं।

# खेल का सामान समिति की निगरानी में खरीदा जाएगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● विद्यालय स्तरीय समिति में प्रधानाध्यापक, खेलकूद शिक्षक और तीन अन्य शिक्षक होंगे

**अमृत विचार** : समग्र शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में खेल सामग्री के लिए शासन ने धनराशि भेज दी है। इस बार सामग्री के चयन के लिए विद्यालय स्तरीय समिति का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं।

उच्च प्राथमिक स्कूलों को 10 हजार और प्राथमिक स्कूलों को 5 हजार का बजट दिया गया है।विद्यालय स्तरीय समिति के अध्यक्ष प्रधानाध्यापक, खेलकूद शिक्षक सदस्य सचिव और तीन अलग-अलग विषयों के शिक्षक सदस्य होंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि समिति की निगरानी में ही खेल सामग्री का क्रय होगा। सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी होने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। इस बार प्रमुख रूप से स्थानीय स्तर पर सर्वाधिक खेले जाने वाले खेलों को ध्यान में रखते हुए सामग्री का चयन होगा। इसके अलावा खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वालीबॉल, हैंडबॉल के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। खेल समिति की ओर से विशिष्ट श्रेणी के शारीरिक रूप से दिव्यांग और दृष्टिबाधित छात्रों को भी खेलों के लिए प्रेरित किया जाएगा। इन छात्रों के लिए शतरंज, कैमर, क्रिकेट, बैडमिंटन, एथलेटिक्स आदि सुरक्षित गतिविधियां प्रशिक्षक की निगरानी में कराई जाएंगी।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की होगी कल से शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार:** जिले में मलेरिया का प्रकोप चरम पर है। शासन ने स्वास्थ्य विभाग को प्रशासन के सहयोग से 1 से 31 अक्टूबर तक जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने का आदेश दिया है। मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने शनिवार को बैठक में भी अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं।

नगरीय क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग करने, कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों पर लाउडस्पीकर से प्रचार-प्रसार, मोहल्ला निगरानी समिति के माध्यम से प्रचार-प्रसार, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता कराने, नालियों की साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई और शौचालयों का इस्तेमाल करने के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

# भारतीय संस्कृति की मातृ शक्ति जैसा भाव किसी भी देश में नहीं: डॉ. कल्पना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● महिला सुरक्षा संगोष्ठी में कहा कुछ षडयंत्रकारी बहन-बेटियों को फंसाकर कर रहे विवाह

**अमृत विचार:** नाथ नगरी सुरक्षा समिति की ओर से केशव कृपा भवन में महिला सुरक्षा और जागरूकता पर आयोजित गोष्ठी में रविवार को मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. कल्पना आचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं का क्या स्थान है और उसे संजोकर रखने का निरंतर काम किया जा रहा है।

आज मातृ शक्ति के रूप में जब हम अपने इतिहास को उठाते हैं तो रानी लक्ष्मीबाई, मां जीजाबाई, रानी अवंतीबाई, हांडी रानी, रानी अहिल्याबाई जैसे हजारों किरदार हमारे सामने आते हैं, जिन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए तन, मन, धन से अपना जीवन अर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति का भारत के इतिहास में बड़ा योगदान है, जो विश्व में अन्य जगहों पर नहीं मिलता है। मान सम्मान की रक्षा के लिए जो भाव भारतीय संस्कृति की मातृ शक्ति में है, वह भाव किसी भी देश की संस्कृति में नहीं है।



संगोष्ठी में बोलती प्रो. कल्पना आचार्य।

कुछ षडयंत्रकारी साजिश रच कर बहन-बेटियों को फंसा कर विवाह कर रहे हैं। अपने प्रेम जाल में फंसा कर 35 टुकड़े करनी जैसी घटना तक सामने आ रही हैं। आज हमारे समाज की महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। बरेली कालेज की प्रो. वंदना शर्मा ने कहा कि महिला सम्मान और सुरक्षा को लेकर सरकार बहुत सजग है, पर महिलाओं को भी सजगता को लेकर गंभीर होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमा अग्रवाल ने की। इस अवसर आरएसएस के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, दुर्गेश गुप्ता, चंद्र प्रभा, मुक्त अग्रवाल, चेतना गोस्वामी, सीमा पाल, उमा शर्मा, शालू, संगीता, प्रीति, नंदा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, तरुण कपूर, डॉ. शालिनी आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने घेरकर युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** धारदार हथियार से हमला करने के आरोप में पीड़ित ने रविवार को कैंट थाने में 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

थाना क्षेत्र के मोहनपुर नई बस्ती नूरी मस्जिद के पास रहने वाले अबरार ने बताया कि इश्तियाक, मुस्तयाक, जाफर, मुक्तइन, जाफर की पत्नी और लड़की निवासी मोहनपुर थाना कैंट ने शनिवार की रात 8 बजे रास्ते में घेरकर उन्हें जमकर पीटा। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। जिन्होंने बीच बचाव कराया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कैंट पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीसी रोड डालने पर विवाद ,ग्रामीण को पीटा

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : एक ग्रामीण के खेत में जबरन सीसी रोड डालने को लेकर विवाद हो गया। दबंगों ने ग्रामीण मुरारी लाल को लाठी डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने इलाज कराकर लौटे पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव कुआंडांडा पूर्वी निवासी मुरारी लाल के खेत में गांव के कुछ लोग सीसी रोड डलवा रहे थे, जिसका उसने विरोध किया। सीसी रोड की चौड़ाई बढ़ाने के चक्कर में कुछ लोग शुक्रवार को जबरन उसके खेत में सीसी रोड डालने लगे। विवाद के बाद गांव के सोमपाल, जयराम, ग्रीस और अरविंद ने लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी।परिजन गंभीर हालत में भोजीपुरा थाने ले गए।

### मारपीट में सात लोग घायल, पांच पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार** : पड़ोसियों के बीच चले लाठी-डंडे में दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाकर तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजकर एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।आंवला के मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी अजयवीर सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम 6 बजे वह दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान योगेश, प्रवेश शर्मा, चन्द्रभान शर्मा, कुसुमलता, वंदना, लाठी डंडे लेकर उसकी ओर आये। वह बचने के लिए घर में घुस गया। उन लोगों ने उसे पीटा, उसे बचाने उसकी पत्नी सरिता और बेटा अमित आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के प्रवेश कुमार शर्मा ने बताया कि बीती शाम उसका छोटा भाई पशु शाला में गाय और भैंस का दूध निकालने गया था। इसी दौरान उसके घर के सामने रहने वाले परिवार ने लाठी-डंडों और लोहे के पाइप से हमला कर दिया। चीखने पर वह और उसकी बहन वंदना, उसके पिता चन्द्रभान योगेश को बचाने गए। उन लोगों ने उन्हें भी मारापीटा। पुलिस ने एक पक्ष के अजयवीर सिंह की ओर से योगेश, प्रवेश शर्मा, चन्द्रभान शर्मा, कुसुमलता, वंदना, के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बात करने पर पड़ोसी ने किया हमला

**बरेली, अमृत विचार** : इज्जतनगर के तुलाशेर निवासी मिथुन ने अपने गांव के ही छेदालाल समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मिथुन ने बताया कि 23 सितंबर को छोटी विहार में दावत खाने के लिए गया था। वहीं पर गांव का छेदालाल मिल गया। उससे घर चलने को कहा तो वह गालीगलौज करने लगा। घर पहुंचने के कुछ देर बाद छेदालाल, उसका बेटा मनोज, विनोद, निर्मल और अर्जुन लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस आए और हमला कर दिया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड
बरेली 243006

# सांसदों के खातों में पहुंच चुकी निधि, मगर प्रस्ताव अभी बाकी

अनुपम सिंह, बरेली

● एक माह पहले ही आ चुके हैं सांसद निधि के पांच-पांच करोड़ रुपये

● जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कर चुका पत्राचार, फिर भी प्रस्ताव नहीं

**अमृत विचार** : संसदीय क्षेत्रों में विकास कार्य कराकर जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सांसदों के खाते में एक माह पहले निधि की धनराशि भेजी जा चुकी है, मगर अभी तक विकास कार्यों के नाम पर एक रुपया भी खर्च नहीं हो सका है। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की ओर से सांसदों से पत्राचार कर प्रस्ताव मांगे गए हैं पर अभी तक प्रस्ताव तैयार नहीं हो सके हैं। ऐसी स्थिति में पहली बार सांसद बनने वालों के क्षेत्र में विकास के कार्य देर से शुरू होंगे।

जिले में विकास के कार्य कराने के लिए सांसदों को हर वित्तीय वर्ष में सांसद निधि दी जाती है, जिससे वे जनता की जरूरत के हिसाब से प्राथमिकता वाले कार्यों में निधि खर्च करें। बरेली संसदीय क्षेत्र से भाजपा के छत्रपाल गंगवार और आंवला से सपा के नीरज मौर्य पहली बार सांसद बने हैं। दोनों सांसदों की निधि दिल्ली में बने निधि सेंट्रल नोडल एकाउंट में आ चुकी है। हालांकि, पहले जिले में निधि का पैसा आता था, मगर इस बार से व्यवस्था में बदलाव हो गया है। अब प्रस्तावों की मंजूरी के बाद डोंगल लगाकर दिल्ली से निधि का पैसा भेजा जाएगा, जहां से प्रस्तावों पर स्वीकृति किए बजट के हिसाब से धनराशि जारी की जाएगी।

16 अगस्त को नोडल एकाउंट में दोनों सांसदों के पांच-पांच करोड़ रुपये आ गए थे। बताया जाता है कि, इसके बाद जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की ओर से पत्राचार कर सांसदों से प्रस्ताव मांगे गए थे, मगर अभी तक सांसदों की ओर से प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, इससे कार्य कराने की रूपरेखा तैयार नहीं हो सकी है।

### दिशा की बैठक में भी मांगा गया था प्रस्ताव

पिछले दिनों विकास भवन सभागार में हुई दिशा की बैठक में भी सांसदों से विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव देने के लिए कहा गया था। इसके अलावा भी कई बार प्रस्ताव देने के लिए कहा जा चुका है, लेकिन अभी तक प्रस्ताव नहीं आने के पीछे कहा जा रहा है कि क्षेत्र में कौन-कौन से कार्य कराने हैं, इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। प्रस्ताव तैयार होते ही भेजे जाएंगे।

### आंवला सांसद ने बदायूं को बनाया नोडल, अब वहीं जाएंगे प्रस्ताव

आंवला संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में जिले से ही प्रस्ताव मंजूर किए जाते थे, लेकिन नीरज मौर्य के सांसद बनने के बाद व्यवस्था में बदलाव हो गया है। अब उनका नोडल बदायूं जिले को बनाया गया है। आंवला संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्रों में आंवला, बिथरी चैनपुर, फरीदपुर जिले में है, जबकि दातागंज और शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र बदायूं जिले में आते हैं। ऐसे में आंवला क्षेत्र की तीन विधानसभा क्षेत्रों में कार्य कराने के लिए पहले बदायूं को प्रस्ताव जाएंगे। इसके बाद अब वहीं से प्रस्ताव जिले को आएंगे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अख़बार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र राजेन्द्र कश्यप एवं उसकी पत्नी सुशीला देवी व उसके पुत्र मुकेश को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।
**तोताराम पुत्र बिहारी लाल निवासी ग्राम भिंडारा थाना न्यूरिया, जिला पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### चोरी के सामान समेत दो गिरफ्तार, जेल भेजा

**भुता, अमृत विचार :** पुलिस ने छापा मारकर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके पास से चोरी के टिल्लू पंप, साइकिल, बैटरी ठेली सहित हजारों का सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके चोरों को जेल भेज दिया है। पकड़े गए चोरों की पहचान ग्राम मल्हपुर निवासी तस्लीम और सोहनलाल के रुप में हुई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

### पराली को जलाएं नहीं बल्कि सड़ाएं: एसडीएम

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एसडीएम सदर गोविंद मौर्य की अध्यक्षता में ब्लॉक परिसर में पराली प्रबंधन पर ग्राम स्तरीय निगरानी समिति की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने खेतों में पराली न जलाए जाने के लिए किसानों से अपील की। उन्होंने जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया, साथ ही सलाह दी कि पराली जलाने की जगह में सड़ाए जिससे उच्च गुणवत्ता की खाद प्राप्त होगी। एसडीएम ने चेतावनी दी कि यदि किसी ने भी पराली जलाई तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### सदर बाजार में आज शुरू होगा रामलीला का मंचन

**कैंट, अमृत विचार :** दशहरा मेला के उपलक्ष्य में श्री रामलीला नाटक समाज (रजि0) कमेटी के बैनर तले 15 दिवसीय रामलीला के मंचन का आरंभ सोमवार से होगा। कमेटी के अध्यक्ष प्रवेश पाराशर ने बताया कि कैंट के सदर बाजार स्थित धोपेश्वर नाथ मंदिर के पास रामलीला स्थल पर मंचन पारंगत कलाकारों की ओर से किया जाएगा, जिसका 14 अक्टूबर को समापन होगा।

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** भाजपा के पदाधिकारियों ने मण्डल फतेहगंज पश्चिमी के बूथ पर एकत्र होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनी। बूथ नंबर 374, 353 पर भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष धर्म विजय गंगवार एवं मण्डल अध्यक्ष कुलवीर सिंह के साथ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात को सुना। इस मौके पर सौरभ पाठक, धीरेन्द्र सिंह, राजेश राजपूत, निरंकार, रंजीत मौर्य, हरीश कातिब सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दहेज लोभियों ने पीटकर महिला को घर से निकाला

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। मोहल्ला अंसारी निवासी रुकसाना ने बताया की मेरी शादी समीर निवासी वारसी कॉलोनी राजपुरा हल्द्वानी जिला नैनीताल से हुई थी। निकाह में परिजनों ने हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। उसे दहेज में कार और दो लाख रुपये के लिए प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर घर से निकाल दिया। पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

### राजू फिर बने वाल्मीकि जयंती समिति के अध्यक्ष

**मीरगंज, अमृत विचार :** वाल्मीकि मंदिर बनइया में वाल्मीकि जयंती समिति गठित की गई, जिसमें सर्व सम्मति से भाजपा नेता राजू भारती को अध्यक्ष चुना गया। समिति ने 17 अक्टूबर को होने वाली जयंती के लिए बैठकर रणनीति बनाई। रविवार को समिति की बैठक हुई, जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष राजू भारती को चुना गया। इसके अलावा संजीव और सचिन वाल्मीकि महामंत्री, संजू, प्रेमपाल, रतनलाल, अनमोल, सोहन लाल को उपाध्यक्ष, सर्वेश, रमेश, राम किशोर, जितेंद, अशोक, राकेश, रमेश वाल्मीकि मंत्री, प्रेमपाल वाल्मीकि कोषाध्यक्ष, अशोक और राम स्वरुप संरक्षक चुने गए।

### कोर्ट के आदेश पर मारपीट और तोड़फोड़ की रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर रविवार को पुलिस ने डेढ़ माह पहले घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली। गांव तिलमाची निवासी शिकायत कर्ता राहुल सिंह ने बताया कि 14 अगस्त को वह घर में बैठा था। उसी दौरान गांव के ही रहने वाले दो भाई प्रेम पाल और सोमपाल चार बेटों राहुल, सुमित, विकास व रावेंद्र के साथ रंजिशन उसके घर में लाठी-डंडे व तमंचे के साथ घुस आए और गाली देते हुए मारपीट की, तमंचे से फायर कर दिया। गोली की आवाज सुनकर जुटे लोगों ने उसे बचाया। पीड़ित के अनुसार उसकी जब पुलिस ने नहीं सुनी तो उसने कोर्ट की शरण ली। बहेड़ी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### किशोरी के अपहरण की केस

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने उत्तराखंड के एक गांव में रहने वाले दो युवकों पर नाबालिग बेटी का घर से अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाया है। लड़की के पिता ने पुत्री के साथ किसी भी अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित पिता का कहना है कि उसकी नाबालिग बेटी को रंजीत और करन बहकाकर भगा ले गए।

# दहेज के लिए पीटा, थाने में दर्द से छटपटाते हुए पहुंचीं गर्भवती

## गंभीर हालत देख पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी में कराया भर्ती

संवाददाता, फरीदपुर

- बहू के मायके वालों से भी की जमकर मारपीट, पति समेत पांच के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार:** दहेज में कार और नकदी की मांग पूरी नहीं होते देख ससुरालियों ने गर्भवती को जमकर पीटा, पेट में लात मारकर घर से निकाल दिया। मायके वालों के साथ 108 एंबुलेंस से दर्द से छटपटाती पीड़िता थाने पहुंचीं और पति समेत पांच ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला की गंभीर हालत देखकर उसे सीएचसी में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

बरेली के थाना बरादरी राम गंगानगर कॉलोनी निवासी दिनेश ने बेटी हंसा की शादी 19 फरवरी 24 को बीसलपुर रोड के गांव ढकनी रजपुरी निवासी सचिन सक्सेना से की थी। शादी के बाद से ससुराल वाले एक लाख की नकदी और कार की मांग कर उसे यातनाएं देने लगे, सात माह की गर्भवती ने रविवार को ससुराल में मायकों वालों को


थाना परिसर में लेटी गर्भवती।

समझाने के लिए बुलाया तो उसके ससुराल वालों ने कार और नकदी की मांग दोहराई, उन्होंने असमर्थता जताई तो उनके साथ भी मारपीट की जिससे उन्हें गंभीर चोटे आई हैं।

तहेरी नंद ने गर्भवती के पेट में लात मारकर घर से धक्के देकर निकाल दिया, दर्द से तड़पती गर्भवती मायके वालों के साथ थाने पहुंचीं और पति सचिन सक्सेना व ननंद समेत पांच के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला की हालत नाजुक देखकर सर्वप्रथम एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां डॉक्टर इलाज कर रहे हैं।

### पड़ोसियों की पिटाई से गर्भवती की तबीयत बिगड़ी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** दबंग पड़ोसियों ने घर में घुसकर गर्भवती और उसकी सास को बुरी तरह से पीटा, इससे बहू की तबीयत बिगड़ गई, पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव आनंदपुर में मामूली कहासुनी के बाद दबंग पड़ोसी ने घर में घुसकर गर्भवती महिला, पति और सास की पिटाई कर दी। गर्भवती ने बताया कि आरोपियों ने उसके पेट में लात मारा, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई है।

# धरना स्थल पर किसानों ने किया बुद्धि-शुद्धि यज्ञ



गन्ना समिति के चुनाव में धांधली के आरोप में धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, मीरगंज

- गन्ना समिति के चुनाव में बेवजह नामांकन खारिज करने का आरोप

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति के डेलीगेट के चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए तहसील गेट पर दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। दूसरे दिन किसानों ने तहसील गेट पर बुद्धि-शुद्धि हवन करने के साथ ही नारेबाजी की।

बसपा नेता कुंवर भानु प्रताप सिंह, सपा के पूर्व विधायक सुल्तान बेग ने भी किसानों को समर्थन दिया। किसानों ने तहसील का मुख्य गेट बंद रखा जिस कारण तहसील में रहने वाले कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव नथपुरा निवासी राहुल कुमार गंगवार के नेतृत्व में शनिवार को गन्ना समिति चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन शुरू हुआ था। राहुल कुमार गंगवार ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन ने जानबूझकर बिना उचित जांच के ही कई लोगों के नामांकन खारिज कर दिया। एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता ने बताया कि सोमवार को किसान आकर देख लें, किस वजह से उनका नामांकन निरस्त हुए हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान रवि गंगवार, सुभाष गंगवार, भूरा सिंह, विजय, विकास, पूरन लाल, पवन गंगवार, उमेश, संतोष गंगवार, राज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# तमंचा लेकर गुंडई करने वाले दो किशोरों समेत चार पर रिपोर्ट

भोजीपुरा, संवाददाता

- गांव में गाली देने पर ग्रामीणों ने खंभे से बाधकर की थी मारपीट

**अमृत विचार:** गांव बिलवा में तमंचा लहराते हुए गुंडई करने वाले दो किशोरों समेत चार के खिलाफ मारपीट और शस्त्र अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने नाबालिगों को थाने से जमानत पर छोड़ दिया। एक को शस्त्र अधिनियम और एक को शान्ति भंग में गिरफ्तार किया है।

बिलवा गांव में शनिवार को चार युवक दो बाइकों से आए और मोबाइल पर एक युवक किसी से गालियां देकर बात कर रहा था। रास्ते से महिलाएं और लड़कियां गुजर रही थीं, गांव के सुनील ने टोका तो एक युवक आकाश विश्वास ने तमंचा निकालकर लोगों धमकाया। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने चारों युवकों को पकड़ लिया। इनके साथ दो और युवक थे, जो मौका पाकर भाग गए। ग्रामीणों ने चारों को खंभे से बांधकर पिटाई की।

सूचना पर भोजीपुरा पुलिस पहुंची और चारों को थाने ले आई। आकाश विश्वास के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और दो बाइक बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी


आरोपियों को जेल भेजती पुलिस।

ने बताया कि वह लोग अपने साथी विनय कश्यप के मामा जयप्रकाश कश्यप के घर रिठौरा गए थे।

जयप्रकाश की रिठौरा में बाइक सर्विस की दुकान है, वहां से सर्विसिंग के बाद चारों विनय कश्यप के पिता के ममेरे भाई पिपरिया निवासी सुनील कश्यप के घर जा रहे थे। बिलवा में रेत पर बाइक फिसल गई, जिसे वह कपड़े से साफ कर रहे थे। इसी दौरान इन्हीं में से एक युवक मोबाइल पर किसी से बात करते गालियां दे रहा था। गांव वालों विरोध किया तो युवकों के साथी ने तमंचा निकाल लिया। ग्रामीणों ने चारों को पोल से बांध कर पीट दिया।

# तमंचे के जोर पर पैसे ट्रांसफर कराने वाले पर केस

संवाददाता, भदपुरा

- पुलिस ने छह माह बाद तीन लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जनसेवा केंद्र संचालक से बदमाश ने छह माह पहले धमकाकर 70 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। केंद्र संचालक ने बाइक नंबर के आधार पर आरोपी के घर तक पहुंचकर जुटाई जानकारी, इसके बाद शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई।

क्योलड़िया के गांव बहर जागीर निवासी रविंद्र पाल की गांव में फोटो स्टेट और जनसेवा केंद्र है। छह माह पहले वह दुकान पर बैठा था, तभी एक बाइक सवार आया और कहा की उसे एक बैंक खाते में 70 हजार रुपये ट्रांसफर कराना है। दुकानदार ने उस युवक से बैंक अकाउंट लेकर 70 हजार रुपये भेजने को तैयार हो गया, जब उसने युवक से पहले 70 हजार रुपये देने को कहा तो उसने जेब से तमंचा निकाला और उसकी कनपटी पर लगाते हुए धमकाया। जिसके बाद जनसेवा केंद्र संचालक ने रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद बाइक सवार भाग गया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पुलिस ने छह माह बाद रिपोर्ट दर्ज की। बाइक के नंबर से पीड़ित ठग विपिन कुमार के घर हरदोई जिले के एक गांव में जा पहुंचा। ठग के परिवार वालों ने कहा कि वह कई जगह से ठगी कर चुका है, इसलिए हमारा उससे कोई रिश्ता नहीं है। बार-बार मना करने पर भी वह बाज नही आया। जांच के बाद पुलिस ने तीन के खिलाफ शनिवार को रिपोर्ट दर्ज की।

### पुलिस से अभद्रता का वीडियो वायरल

**शीशगढ़, अमृत विचार :** मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस से एक युवक ने अभद्रता की, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है, पुलिस का कहना है कि आरोपी मंदबुद्धि है। पुलिस से अभद्रता करने वाले युवक की पिछले दिनों शादी हुई थी, उसने चार दिन पहले कस्बे के एक व्यापारी से दावत के लिए 11 हजार रुपये का मुर्गा खरीदा था, जिसके 10 हजार रुपये बकाया था, रविवार को व्यापारी उधारी लेने गया तो आरोपी युवक ने उसके साथ मारपीट करने लगा। सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोपी ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि युवक मंदबुद्धि है, उसका इलाज चल रहा है।

# महिला सभासद से युवक ने की अभद्रता

- सभासद के पति ने दर्ज कराई आरोपी पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** भाजपा महिला सभासद से एक युवक ने अभद्रता की, सभासद के पति ने विरोध किया तो वह मारपीट करने पर आमादा हो गया।

सभासद पति ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पक्का कटरा महाराज वाली गली निवासी भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि वह नगरपालिका परिषद आंवला में लगातार तीन बार सभासद रहा है। इस बार महिला सीट होने पर उसकी पत्नी सपना अग्रवाल सभासद है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहल्ले का अनुराग अग्रवाल उससे चुनावी रंजिश मानता है। 25 सितंबर की दोपहर 12 बजे वह अपनी पत्नी के साथ मोहल्ले में ही एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने गया था। वहां अनुराग अग्रवाल आ गया और उसकी पत्नी से अभद्रता करने लगा। उसके विरोध करने पर वह मारपीट पर आमादा हो गया। मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे बचाया। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। वह पहले भी इस प्रकार हरकत कई बार कर चुका है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पंचायत घर में घुसे चोर को पकड़ा

संवाददाता, भुता

- इको कार से पंचायत घर में चोरी करने आए थे चार चोर
- मंदिर पर कीर्तन कर रहे ग्रामीणों ने आहट होने पर घेरकर पकड़ा

**अमृत विचार:** ग्राम खटेली के पंचायत घर में चोरी करने घुसे चोर को ग्रामीणों ने एक को पकड़कर किया पुलिस के हवाले किया, वहीं उसके तीन साथी ग्रामीणों को चकमा देकर भाग गए।

थाना क्षेत्र के ग्राम खटेली में रविवार देर रात 11:00 बजे इको गाड़ी से आए बदमाश चोरी करने के लिए पंचायत घर में घुस गए। बराबर में ही मंदिर पर ग्रामीण कीर्तन कर रहे थे। आहट होने पर ग्रामीणों ने देखा की ईको गाड़ी से उतर कर बदमाश पंचायत घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास कर रहे हैं, ग्रामीणों ने शोर मचाया और चारों तरफ से घेराबंदी कर एक को दबोच लिया। अन्य चोर गाड़ी लेकर भागने में सफल रहे। पकड़े गए बदमाश की ग्रामीणों ने पिटाई करने बाद इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने पकड़े गए बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस बदमाश को हिरासत में लेकर थाने आई और उससे पूछताछ कर हरी है।

# खस्ताहाल सड़क से लोग परेशान

संवाददाता, शीशगढ़

**अमृत विचार :** शेरगढ़ ब्लॉक के गांव जाफरपुर के ग्रामीणों ने बताया कि शीशगढ़ धनेटा रोड से गांव की नदी पर बनी पटरी तक जाने वाली लगभग 600 मीटर लंबी सड़क दशकों से खराब पड़ी है।

गांव के लोगों के खेत नदी के पार है, सड़क खराब होने से लोगों को आने- जाने में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने इस सड़क को बनवाने के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और अफसरों स गुहार लगाई, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिम्मेदारों


गांव जाफरपुर में कीचड़ से पटी कच्ची सड़क। ● अमृत विचार

की लापरवाही से दस हजार कल आबादी परेशान हो रही है। इस सड़क से बल्ली, हसनपुर, नगला, गुलरिया, लखीमपुर, ढकिया, शीशगढ़, गिरधरपुर, बिल्सा आदि गांवों के लोगों का आना-जाना होता है। ग्रामीणों की समस्या की ओर प्रधान भी ध्यान नहीं दे रहा है।

# अब तक नहीं पकड़ा जा सका सियार

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

- हमले के डर से किसान समूह में खेतों में जा रहे काम करने

**अमृत विचार :** दहशत का पर्याय बना सियार रविवार को कही दिखाई नहीं दिया, इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण खेतों में अकेले जाने से डर रहे है। वन विभाग की ओर से अमृता के जंगल में अभी तक पिंजड़ा भी नहीं लगाया गया। वहीं बरगवां में एक गाय के हिंसक हो जाने से ग्रामीणों में डर का माहौल है।

सियार ने दो दिन पहले गल्थुआ गांव में दो लोगों पर हमला करके घायल कर दिया था, वन विभाग ने सियार को पकड़ने यहां पिंजड़ा लगाया है। गल्थुआ के बाद सियार बाकरगंज में शुक्रवार को दिखाई दिया तो यहां पर भी लोग दहशत में आ गए। बाकरगंज के बाद शनिवार को सियार ग्राम अमृता में दिखाई दिया, जिसने एक घर में घुसकर तीन बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। ग्रामीण अकेले खेतों में काम करने नहीं जा रहे हैं, वह समूह बनाकर अलग-अलग खेतों में काम कर रहे है। वन विभाग ने अभी जंगल में सियार को पकड़ने के लिए पिंजड़ा भी नहीं लगाया है। वहीं ग्राम बरगवां के प्रधान रामवीर सिंह ने बताया कि गांव में घूमने वाली एक गाय हिंसक हो गई है जो लोगों पर हमला कर रही है। प्रधान ने बताया अब तक गाय ने एक दर्जन लोगों पर हमला कर दिया है।

### अजगर दिखने से फैली दहशत, पकड़ने की मांग



**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** फौजी पड़ाव के जंगल में विशाल अजगर दिखाई देने से रविवार को हड़कंप मच गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। फतेहगंज पूर्वी नेशनल हाईवे किनारे खाली पड़ी फौजी पड़ाव की जमीन पर कुछ वर्ष पहले सेना ने पौधरोपण कराया था, जो अब जंगल का रूप ले चुका है। रविवार को शाम हाईवे से निकल रहे लोगों एक बड़ा अजगर दिखाई दिया, जिसे देखने भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने बताया अजगर ने एक बकरी को निवाला बना चुका है। जानकारी होने पर चेयरमैन ने वन विभाग की टीम को अजगर के रेस्क्यू करने के लिए सूचना दी है, और आसपास के लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, लोगों ने बताया कि अजगर की लंबाई लगभग पांच फुट है।

# अधेड़ की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- पत्नी के कहने पर पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम

**अमृत विचार:** सालों से झाले पर नौकर के साथ रह रहे रह एक अधेड़ की शनिवार को अचानक घर में ही गिरने से मौत हो गई। रविवार को झाले पर पहुंची पत्नी ने पुलिस को सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए कहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

देवेंद्र मालिक (50) शामली के रहने वाले थे, परिजनों के अनुसार, वह 28 साल से सैदुपुर कुर्मियान गांव में जेल के सामने फार्म हाउस (झाले) पर रह रहे थे। उनकी पत्नी उर्मिला और दो बच्चे चंडीगढ़ में रहते हैं। परिजनों ने बताया कि शनिवार को दिन में 2 से 3 बजे के बीच उनकी बात पत्नी उर्मिला से फोन पर हुई थी। बात होने के आधे घंटे बाद पत्नी के पास साथ में रह रहे नौकर हेमपाल ने फोन कर सूचना दी कि देवेंद्र की गिरने से मौत हो गई है। जिसके बाद वह चंडीगढ़ से रविवार सुबह 6 बजे अन्य परिजनों के साथ यहां पहुंचीं। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस को प्रथम दृष्टता बीमारी से मौत होना लग रहा है। इंस्पेक्टर आदेश कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाने पर पुलिस ने विसरा को सुरक्षित करा लिया।

## सार-संक्षेप

### मथुरा से आई टीम ने जाल लगाकर 19 बंदर पकड़े



**शीशगढ़, अमृत विचार :** कस्बे के लोगों को बंदरों से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत शीशगढ़ ने मथुरा से टीम बुलाकर नगर के चार स्थानों पर जाल लगवाए हैं। चार दिन में कुल 19 बंदर पकड़े जा चुके हैं, जिनको टीम उत्तराखंड के जंगल में ले जाकर छोड़ेगी। ईओ दुर्गेश कुमार ने बताया कि बंदर पकड़ने को मथुरा से फुरकान अल्वी के नेतृत्व में टीम आई है, जो एक सप्ताह तक नगर में जाल लगाकर बंदर पकड़ने का काम करेगी। अभी कस्बे में थाने की छत, भमसेन, दर्जी चौक और अगवाड़ा मोहल्ला कुल चार जगह जाल लगे हुए हैं। चार दिन में 19 बंदर पकड़े जा चुके हैं। फुरकान अल्वी ने बताया कि पकड़े गए बंदरों को उत्तराखंड के जंगल में छोड़ा जाएगा।

### शिक्षक स्कूलों में कराएंगे बच्चों को तनावरहित पढ़ाई



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सीएचसी फतेहगंज पश्चिमी पर शिक्षकों की चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें शिक्षकों को विद्यालय के बच्चों में चल रहे सामाजिक और शारीरिक परिवर्तनों को समझने एवं मानसिक तनाव के कारकों को दूर करने और बच्चों के प्रति होने वाली किसी भी तरह की हिंसा के समय अपनी बात को माता-पिता, शिक्षक एवं अपने बड़े और भरोसेमंद अभिभावकों और साथियों के साथ शेयर करने जैसी गतिविधियों पर चर्चा की गई। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संचित शर्मा ने किसी भी आपात स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर एवं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों के सकारात्मक उपयोग की बात कही। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। प्रशिक्षण डॉ. सुमित, काउंसलर सरिता और प्रशिक्षक मनोज शर्मा के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में विनोद चौधरी, दिव्या कुशवाहा, राहुल यदुवंशी, पूनम रस्तोगी, रश्मि, गौरव कुमार सिंह, अखिलेश, शाहजी आरा, राजकुमार सिंह, मो. उवैस, महावीर, अमित, दीप्ति, दानिश जैदी तारिक खां, भावना पांडेय आदि सहित ब्लॉक के दर्जनों शिक्षक सम्मिलित रहे।

### भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए डीएम को पत्र

**बहेड़ी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव रोहनिया निवासी सोमवती ने जिलाधिकारी को लिखे शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही एक दबंग ने उसकी भूमि पर कब्जा कर रखा है। उसने कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिलाधिकारी को लिखे शिकायती पत्र में उसने बताया कि उसकी भूमि गाटा संख्या 12 रकवा 0.2400 हेक्टेयर ग्राम रोहनिया परगना रिछा तहसील बहेड़ी में स्थित है। उसकी भूमि पर पड़ोसी ने मकान बनवा रखा है। जब वह अपनी जमीन से कब्जा हटाने को कहती है तो वह गाली गलौज करता है। उसके पास उस भूमि के अलावा अन्य कोई भूमि नहीं है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से राजस्व निरीक्षक टीम व तहसीलदार से जांच कराकर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

### करणी सेना की मासिक बैठक में विस्तार पर चर्चा



**कैंट, अमृत विचार :** चौबारी स्थित जिला कार्यालय पर रविवार को करणी सेना के स्थापना दिवस पर मासिक बैठक हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष ठाकुर कौशल सिंह ने बैठक में जुटे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूती देने के लिए उसका विस्तार जरूरी है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को ईमानदारी, सच्चाई और निष्ठावान होकर गरीबों और कमजोर लोगों की हरसंभव मदद के लिए समर्पित रहने के लिए एकजुट होने का आवाहन किया है। बैठक में जिला सरंक्षक राकेश चौहान, युवा जिलाध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष महिला शक्ति सुनीता सिंह, जिला मंत्री ठाकुर अनूप सिंह, ठाकुर अरविंद तोमर, अर्जुन चौहान, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर पंकज सिंह, युवा जिला महामंत्री उदित सिंह चौहान, आईटी प्रभारी पंडित संदेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने किया मेला स्थल का निरीक्षण

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नगर के रामलीला दशहरा मेले को लेकर चल रहे विवाद के समापन के बाद रविवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला मैदान का निरीक्षण किया। एसडीएम और सीओ के साथ ही कोतवाल फोर्स के साथ मेला स्थल पहुंचे और आयोजन की जानकारी लेने के साथ ही मैदान का निरीक्षण कर आयोजकों को सुरक्षात्मक निर्देश दिए। मेलाध्यक्ष रविन्द्र पाल गंगवार और पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर के अलावा कमेटी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### सफाई में योगदान करने वालों को मिला सम्मान




**शेरगढ़, अमृत विचार :** "स्वच्छता ही सेवा है" कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान में ब्रांड एंबेसडर शेखर गुप्ता समेत सराहनीय योगदान देने वाले नगर वासियों को नगर पंचायत प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, कान्हा गौशाला में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य ने "स्वच्छता ही सेवा है" कार्यक्रम को लेकर नगर वासियों को जागरूक किया। उन्होंने नगर वासियों को सूखा एवं गीला कूड़ा कलेक्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जब भी आपके द्वार कूड़ा एकत्र करने को वाहन पहुंचे तो अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए गीला कूड़ा हरे एवं सूखा कूड़ा नीले बॉक्स में व्यवस्थित करने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर लिपिक धर्मवीर गंगवार, मोहम्मद आरिश, अमित कुमार, श्याम बाबू, जितेंद्र कुमार आदि समेत नगर वासी मौजूद रहे।

### रावण जन्म और देवताओं पर अत्याचार का मंचन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मेला श्रीराम लीला में अयोध्या से आए नाट्य कलाकारों ने रावण और कुंभकर्ण के जन्म और असुरों के देवताओं पर अत्याचार किए जाने की लीला का मंचन किया गया। शाम चार बजे से शुरू की गई लीला का मंचन देखने कस्बे तथा आसपास के गांवों के सैकड़ों दर्शक पहुंचे और आनंद लिया।

### मामा का हत्यारोपी भांजा गिरफ्तार, जेल भेजा

**आंवला, अमृत विचार :** भांजों ने मामा की बेल्ट से पीटकर 10 दिन पहले हत्या कर दी थी, मृतक के बेटे ने एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को पुलिस ने एक भांजे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भूरीपुर गांव निवासी वृद्ध बृजपाल को 19 सितंबर की शाम उनके चचेरे भांजों ने बेल्ट से पीटा था, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक के बेटे भगवान स्वरूप ने 24 को रंजिशन भूरीपुर गांव निवासी सोनम पत्नी प्रमोद, जरावन बिल्सी बदायूं निवासी सोनू, भतरी गोवर्धन वजीरगंज बदायूं निवासी गौरव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रविवार को सोनू को रामनगर रोड के भूरीपुर गांव की मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बेल्ट बरामद की है।

**प्राथमिक विद्यालय कादरगंज वि.खं. फरीदपुर, बरेली**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं.-एस.एस.ए./निर्माण/ 2886-94/ 2024-25 दिनांक 26.09.2024 के अनुपालन में प्रा. वि. कादरगंज के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 03.10.2024 दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 10 बजे प्रांगण में की जायेगी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी न होने पर स्थिति में नीलामी पुन: दिनांक 05.10.2024 तथा 07.10.2024 को प्रात: 10 बजे से की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड व कुछ राशि जमानत राशि के रूप में जमा करनी होगी। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रात: 9:00 से 10:00 बजे तक होगी। नीलामी की शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।

गीता देवी
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्रा.वि. कादरगंज वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली।

हेमाली
ऐंग्रेवर

राजेन्द्र कुमार
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्रा.वि. कादरगंज
वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली।
मो. 7037042710

# बहू ने लगाया भाजपा नेता और बेटे पर प्रताड़ित करने का आरोप

## राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं भाजपा नेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता और उनके बेटे आशीष कुमार कश्यप पर बहू ने गंभीर आरोप लगाए हैं। फिल्म निर्देशक बेटे पर उसकी पत्नी ने आरोप अभिनेत्री बनाने का झांसा देकर युवतियों की अश्लील वीडियो बनाने, उसकी आड़ में गलत काम करने का भी आरोप लगाया है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वहीं, दहेज प्रताड़ना का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने महिला थाने में तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

महोबा की मूल निवासी भाजपा नेता की बहू ने हजरतगंज महिला थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी 2010 में इंदिरानगर निवासी आशीष कश्यप से हुई थी। कुछ दिन बाद पति, सास, ससुर, ननद और देवर प्रताड़ित करने लगे।

दहेज में चार पहिया वाहन और पांच लाख रुपये की मांग की। भाई ने कई बार में 5 लाख रुपये नकद और बैंक खाते में भेजे। बेटी होने पर पूरे परिवार ने बातचीत बंद कर दी थी। आरोप लगाया कि 27 सितंबर को जान से मारने की कोशिश करने के साथ भाइयों को फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित अभिनेत्री ने जून में गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस बक्त इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

### फिल्म में रोल दिलाने के नाम पर करते हैं शोषण

भाजपा नेता की बहू ने बताया कि पति आशीष फिल्म निर्देशक हैं। वह लखनऊ से मुंबई तक नेटवर्क फैलाए हैं। आरोप है कि आशीष फिल्म में युवतियों और महिलाओं को रोल दिलाने के नाम पर उनकी अश्लील वीडियो और फोटो बनाते हैं। इसकी आड़ में युवतियों और महिलाओं का शोषण करते हैं। बेटी संग मुझे मुंबई लेकर गए। वहां अक्सर एक-एक महीने काम के बहाने से गायब रहते थे। विरोध किया तो धमकी दी। जब थाने में शिकायत करने की बात कही तो ट्रेन से कटकर जान देने की धमकी देने लगे। पति की हरकतों की शिकायत ससुर से की तो उन्होंने मुंह बंद रखने के लिए कहा। पति के कंप्यूटर में 100 से अधिक महिलाओं और युवतियों की अश्लील वीडियो और फोटो हैं। आरोप है कि वह अश्लील फिल्म बनाते हैं।

# कमिश्नर व शासन को कल तक भेज दी जाएगी रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बीसलपुर-शाहजहांपुर प्रस्तावित हाईवे के भूमि अधिग्रहण में हुए खेल का मामला शासन स्तर तक पहुंचने से खलबली मची है। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद जिला प्रशासन की ओर से गठित पांच सदस्यीय टीम ने जांच पूरी कर ली है। अब इसमें डीएम संयुक्त रिपोर्ट लगाएंगे। माना जा रहा है कि मंगलवार तक स्ट्रक्चर को लेकर कराई गई इस जांच रिपोर्ट को कमिश्नर व शासन को भेज दिया जाएगा। करीब 47 किमी लंबे प्रस्तावित बीसलपुर-शाहजहांपुर हाईवे के भूमि अधिग्रहण में खेल कर दिया गया। लखनऊ, बरेली, उत्तराखंड के लोगों ने किसानों को लालच देकर हाईवे के एलाइनमेंट की जमीन खरीद ली। मोटा मुआवजा हड़पने की नियत से खरीदी गई जमीनों पर बिना नक्शा पास कराए बड़े गोदाम व अन्य भवन बनवा दिए गए।

# नहीं सुधरे अधिकारी तो जनता से पिटवाऊंगा: सोम



मुख्य अतिथि संगीत सोम को तलवार भेंटकर स्वागत करते क्षत्रिय समाज के लोग।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हमेशा से अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाले भाजपा के पूर्व विधायक व फायर ब्रांड नेता संगीत सोम ने रविवार को क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में खुले मंच से अधिकारियों को पब्लिक व जूतों से पिटवाने की चेतावनी दे डाली।

उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी कानून के दायरे में और सही से काम नहीं करेंगे तो वह उन्हें पब्लिक से जूतों से पिटवाएंगे।पूर्व विधायक संगीत सोम मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा क्षत्रिय स्वाभिमान और हित चिंतन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे।

### संगठित नहीं हुए तो विलुप्त हो जाएगा समाज

मुरादाबाद। अगर इसी तरह बंटते रहे और संगठित नहीं हुए तो एक दिन ऐसा आएगा कि क्षत्रिय समाज विलुप्त हो जाएगा। आप लोग पहले की तरह संगठित हो गए तो एक बार फिर से अखंड भारत पर क्षत्रियों का राज होगा। यह बातें भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने मंच से कहीं।

## सार-संक्षेप

### समाज को जातियों में बांटने का काम कर रही भाजपा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीडीए सम्मेलन में शामिल होने आए सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भाजपा सरकार पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने जातीय जनगणना को जरूरी बताकर भाजपा पर जातियों को बांटने का काम करने का तंज कसा। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। शहर से सटे चंदोई गांव स्थित एक बरात घर में रविवार को समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। उन्होंने कहा कि जब तक जातीय जनगणना नहीं होगी, तब तक सभी लोगों को समान अधिकार मिलना संभव नहीं है। उन्होंने भाजपा पर जाति के आधार पर समाज का बंटवारा करने का आरोप लगाया।

### अतिक्रमण तोड़ते समय गिरा छज्जा, महिला की मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** थाना कलान के गांव चौरा बगरखेत निवासी विद्यावती( 50 ) पत्नी अजुद्धीलाल रविवार को अपनी भाभी मदनपुर के गांव केशवपुर गौंटिया निवासी रीता देवी के भतीजे गौरव के बेटे के नामकरण में शामिल होने जा रही थीं। पैदल गांव डभौरा में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के पास सर्विस रोड से गुजर रहीं थीं। इसी सर्विस रोड पर सेतु निगम द्वारा अवैध निर्माणढहाने के लिए लाल निशान लगाए गए थे। किराना व्यापारी प्रदीप गुप्ता दूसरी मंजिल पर बनी दुकान के छज्जे को मजदूरों से तुड़वा रहा था। विद्यावती ने ध्यान नहीं दिया। वह दुकान के सामने से गुजरी तभी पूरा छज्जा नीचे आ गिरा, जिसकी चपेट में आकर विद्यावती की मौत हो गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। किराना व्यापारी और मजदूर भाग गए।

### चार बच्चों के साथ कुकर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**उझानी, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र गांव निवासी युवक पर दो गांवों के चार बच्चों के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोप लगाया गया कि गांव निवासी रियासत तीन दिन में 10 से 11 साल के चार बच्चों के साथ गलत काम किया। इनमें तीनों बच्चों को गांव के पास एकांत जगह पर ले गया और कुकर्म किया। एक ग्रामीण ने तहरीर में कहा कि रियासत ने उनके बच्चे को 25 सितंबर को गांव के पास जंगल में ले जाकर कुकर्म किया। दूसरे बच्चे के साथ शनिवार और तीसरे बच्चे के साथ रविवार को घटना हुई। परिजनों ने आरोपी को फटकारा तो वह बोला कि उसने कुकर्म करने का वीडियो बना लिया है। पुलिस से शिकायत की तो वायरल कर देगा। निरीक्षक अपराध राहुल चौहान ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया

### बच्चे से रेकी कराकर चोरी करते थे बाइक, 3 गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** पुलिस ने शनिवार की देर रात बाइक चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर ईट भट्टे के खंडहर से चोरी की 15 बाइकें बरामद और मास्टर चाभी बरामद की है। पूछताछ में एक चोर ऐसा भी पकड़ा गया है जो अपने सात साल के बेटे से रेकी कराता था और फिर घटना को अंजाम देता था। तीनों ने अपना नाम जिला अलीगढ़ के थाना गंगीरी क्षेत्र के गांव हसनपुर और वर्तमान में बिल्सी निवासी नरेश , अलीगढ़ के गांव गौसपुर के प्रमोद और जिला कासगंज के थाना सहावर क्षेत्र के गांव रोशननगर निवासी दीप सिंह बताया।

### कुत्ते की टांग पकड़कर लहराकर फेंका, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** पशुओं पर क्रूरता के खिलाफ कार्रवाई के बाद भी सुधार नहीं आ पा रहा है। अब कुत्ते की टांग पकड़कर लहराकर दूर फेंकने के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसका वीडियो भी सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी नेत्रपाल पुत्र राधेश्याम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके गांव निवासी कुलदीप पुत्र राजेंद्र दबंग प्रवृत्ति का है। 21 सितंबर को सुबह 11 बजे कुलदीप ने अपनी आइडी से सोशल साइट्स पर अपना एक वीडियो वायरल किया था। जिसमें वह एक कुत्ते की एक टांग पकड़कर चारों ओर लहरा रहा है और फिर दूर फेंक दिया। कुत्ते को चोट आई। वह लड़खड़ाता हुआ भाग गया। कुलदीप ने कुत्ते के साथ क्रूरतापूर्वक व्यवहार किया है। नेत्रपाल ने पुलिस को कुलदीप की वह वीडियो भी दिखाई है।

### आयुष पीजी की काउंसिलिंग आज से

**अमृत विचार,लखनऊ :** आयुष कॉलेज में परास्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए यूपी आयुष पीजी की सोमवार 30 सितंबर से ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। 3 अक्टूबर तक पंजीकरण क साथ ही शुल्क व दस्तावेज जमा करने होंगे। यूनानी विभाग के निदेशक एवं नोडल अधिकारी प्रो . जमाल अख्तर ने बताया कि 04 अक्टूबर को मेरिट सूची जारी होगी। अभ्यर्थियों को 07 अक्टूबर तक कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होगी। उसी दिन रात को सीट आवंटन सूची जारी होगी और अगले दिन से नोडल सेंटर पर मूल दस्तावेज जमा कर कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया 16 अक्टूबर तक पूरी करनी होगी।

### आयुष यूजी में प्रथम चरण काउंसिलिंग में मेरिट सूची जारी

यूपी आयुष यूजी की पहले चरण की मेरिट सूची रविवार देर शाम जारी कर दी गई है। होम्योपैथिक निदेशक एवं काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी डॉ .अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि इन्हें कल से मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होगी। इसके बाद कॉलेजों में शुल्क जमाकर दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। स्नातक की 7,414 सीटों के लिए करीब नौ हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

# नहीं दिया संपत्ति का ब्योरा तो रोक दिया जाएगा वेतन, आज अंतिम दिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 60 हजार कर्मियों ने नहीं दिया संपत्ति का विवरण

**अमृत विचार:** चल-अचल संपत्ति का विवरण न देने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए सोमवार का दिन निर्णायक होने वाला है। दरअसल, राज्य में लगभग 60,000 कर्मचारियों ने मानव संपदा पोर्टल पर अब तक अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण नहीं दिया है।

इसका संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी विभागों के प्रमुखों को हिदायत दी है कि अगर उन्होंने अपनी संपत्ति का विवरण 30 सितंबर तक नहीं दिया तो उनको सितंबर माह का वेतन नहीं दिया जाएगा न केवल ऐसे कर्मचारी बल्कि उनके प्रभारी का वेतन भी रोकने का आदेश दिया गया है। ऐसे में 20 लाख में से इन 60,000 लापरवाह कर्मचारियों के सिर पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। माना जा रहा है कि जो कर्मचारी अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं देंगे, उनके खिलाफ आगे चलकर सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। केवल लोक निर्माण और बिजली विभाग का ही उदाहरण दिया जाए तो पूरे राज्य से क्रमशः 4 हजार और 7500 कर्मचारी ऐसे हैं जिन्होंने मानव संपदा पोर्टल पर अब तक अपनी चल-अचल संपत्ति नहीं बताई है।

# अधिवक्ताओं का हड़ताल करना चिंताजनकः हाईकोर्ट

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अधिवक्ताओं की हड़ताल को अवैध घोषित करने के बावजूद प्रदेश की जिला अदालतों के अधिवक्ताओं द्वारा आए दिन हड़ताल पर जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि अदालतें पहले ही मुकदमों के भारी बोझ से दबी हैं। हड़ताल करके इसे और बढ़ाने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने सभी जिला जजों को निर्देश दिया है कि बार एसोसिएशन के हड़ताल के प्रस्ताव को अन्य जजों में सर्कुलेट न करें और बार एसोसिएशनों से उम्मीद जताई है कि वे अदालती कामकाज को सुचारू ढंग से संचालित करने में सहयोग दें।

# कोर्ट में पेश करें त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास

विनय सिंह, लखनऊ

- सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद डीजीपी ने फिर जारी की गाइड लाइन, अफसरों को लिखा पत्र

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद उप्र पुलिस ने अभियुक्तों का त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास न्यायालयों के समक्ष उपलब्ध कराने को लेकर डीजीपी ने गाइडलाइन जारी की है। डीजीपी ने एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी को पत्र लिखते हुए कहा कि 2015 से 2024 तक इस सिलसिले में कई दिशानिर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। डीजीपी ने यह गाइडलाइन सुप्रीम कोर्ट में डीएसपी के व्यक्तिगत रूप से तलब होकर माफी मांगने बाद लिखा।

बता दें कि विशेष अनुज्ञा याचिका अश्वनी कुमार बनाम उप्र राज्य मामले में अभियुक्त अश्वनी कुमार के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुलिस द्वारा 05 आपराधिक प्रकरण दर्शाते हुए आपराधिक इतिहास प्रस्तुत किया गया था। इसमें उल्लिखित चार अभियोगों में पुलिस द्वारा ही अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनमें अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी हो, को आपराधिक इतिहास के रूप में कैसे प्रस्तुत किया जा सकता है? नाराजगी के बाद संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर माफी मांगनी पड़ी।

न्यायालय ने मौखिक रूप से देखा कि उप्र. के कई मामलों में पुलिस अधिकारियों द्वारा राज्य के हलफनामे पर वर्तमान स्थिति का खुलासा किए बिना आपराधिक पृष्ठभूमि दे दी गई है। न्यायालय ने राज्य से सवाल पूछा था, कि क्या यूपी राज्य द्वारा बनाए गए डिजिटल रिकॉर्ड में किसी अपराधी के आपराधिक इतिहास को दिखाने की व्यवस्था है ?

राज्य पोर्टल पर ऐसे अपराधों की स्थिति नियमित रूप से अपडेट की जाती है अथवा नहीं ? क्या पुलिस स्टेशनों को कोई निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत किसी भी मामले में न्यायालयों के समक्ष कोई हलफनामा दाखिल करने वाले अधिकारियों को अद्यतन स्थिति के साथ अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को रिकॉर्ड पर रखा गया हो।

# बालिकाओं की सुरक्षा सशक्त करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार अक्टूबर 2024 से मिशन शक्ति के पांचवें चरण की शुरुआत करने जा रही है। मई 2025 तक चलने वाले इस चरण में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण मिलेगा। पीएम श्री योजना के तहत चयनित 167 विद्यालयों में में करियर काउंसलिंग के सत्र भी चलेंगे। इतना ही नहीं, योगी सरकार के निर्देश पर होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित कर उनके स्वास्थ्य और विद्यालय पहुंचकर नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने की राह आसान की जाएगी।

### गुड-टच बैड-टच से परिचित होंगी बेटियां

प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के नेतृत्व में 3 से 10 अक्टूबर तक विद्यालयों में बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, यौन शोषण, छेड़छाड़ और गुड-टच, बैड-टच जैसे मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।इसके साथ ही रैलियों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर और बाल विवाह के खतरों की जानकारी भी दी जाएगी।

### जलवायु परिवर्तन के बारे में किया जाएगा जागरूक

बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक किया जाएगा। केजीबीवी की 79,000 बालिकाओं के लिए जलवायु परिवर्तन पर विशेष सत्र आयोजित होंगे और 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित किए जाएंगे। अप्रैल-मई 2025 के दौरान बच्चों को से शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# बीजेपी विधायक ने एक्स पर मांगी बिजली

**गोंडा, अमृत विचार :** बिजली आपूर्ति की बहाली को लेकर योगी सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री के एक ट्वीट पर बवाल मच गया है। पूर्व मंत्री के ट्वीट पर चुटकी लेते हुए सपा प्रवक्ता ने ऊर्जा मंत्री पर निशाना साधा है। सपा प्रवक्ता ने पूर्व मंत्री के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा है कि कई जिलों से बिजली नदारद है। ऊर्जा रील मंत्री आईएएस अफसर हैं और स्मार्ट मीटर लगाकर यूपी को लूट रहे हैं। दरअसल जिले के नवाबगंज इलाके में 48 घंटे से बिजली गुल है। खुद बीजेपी विधायक रमापति शास्त्री के घर पर 48 घंटे से बिजली नहीं है।

# अब उत्तराखंड में अपनाया जाएगा पीलीभीत का बाघ मित्र मॉडल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बाघों की सुरक्षा व निगरानी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र मॉडल की धूम अब दूसरे राज्यों तक भी पहुंच गई है। अब पीटीआर के बाघमित्र उत्तराखंड में वालंटियर्स को वन्यजीव और इंसानी टकराव रोकने के तरीके सिखाने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी करेंगे। रविवार को 11 बाघ मित्रों की टीम नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के लिए गई।

जनपद में साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने 2019 में बाघ मित्र योजना की शुरुआत की थी। इसमें जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले युवाओं को शामिल किया। विशेषज्ञों ने इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पग चिह्न और उनके व्यवहार को लेकर प्रशिक्षित किया। 2020 आते-आते सभी वालंटियर्स ने जिम्मेदारी संभाल ली। वर्तमान में यहां 100 से अधिक बाघ मित्र हैं। बाघ मित्रों की सक्रियता का परिणाम है कि जंगल सीमा से सटे लोग अब बाघ या तेंदुआ दिखने पर हिंसक होने के बजाय वन्य जीवों के व्यवहार को समझकर प्रतिक्रिया देने लगे हैं।

## उत्तराखंड

# जालसाजों को सिम उपलब्ध कराने का पर्दाफाश

ब्यूरो, देहरादून

- आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर बायोमेट्रिक लेकर सिम कार्ड जालसाजों को बेचती थीं
- एसटीएफ ने नागपुर से गिरोह की दो महिलाओं को पकड़ा ट्रेडिंग के लिए करते थे घपला

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने जालसाजों को सिम उपलब्ध कराने के काले कारोबार का पर्दाफाश करते हुए नागपुर से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों महिलाएं सोशल मीडिया साइट्स में विज्ञापनों के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग कर अधिक मुनाफे का लालच देने वाले गिरोह के सदस्यों को बड़े स्तर पर सिम कार्ड उपलब्ध करवाती थी।

आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर उनके बायोमेट्रिक लेकर सिम कार्ड एक्टिवेट करवाकर जालसाजों को ऊंचे दामों पर बेचे जाते थे। देहरादून निवासी पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि उसने टेलीग्राम में ऑनलाइन ट्रेडिंग बिजनेस का विज्ञापन देखा और एक लिंक पर क्लिक किया, जिसके बाद उसे एक अज्ञात वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। पीड़ित ने ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए आरोपियों द्वारा अधिक मुनाफे का प्रलोभव देकर व्हाटसप के माध्यम से उपलब्ध कराए गए अलग-अलग बैंक खातों में लगभग 23 लाख रुपये की धनराशि जमा करा दी। संबंधित बैंक खातों और मोबाइल नंबरों के सत्यापन के बाद साइबर पुलिस ने तकनीकी और डिजिटल साक्ष्य एकत्र कर मामले में शामिल दो महिला आरोपी पुष्पा बारापत्रे और यदम्मा सुल्तान को चिन्हित किया। पता चला कि दोनों महिला विदेशी साइबर अपराधियों के लगातार संपर्क में हैं और एक आरोपी महिला यदम्मू सुल्तान का बेटा राजू सुल्तान फिलिपींस में रहता है ,जो कि इस गिरोह का मास्टर माइंड है। एसटीएफ ने दोनों महिलाओं को नागपुर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार कर लिया। दोनों महिला सिम एक्टिवेट करवाकर राजू सुल्तान को कोरियर के माध्यम से फिलीपींस भेजती थी। इसके एवज में एक मोटी धनराशि दोनों महिलाओं को मिलती थी। आरोपी महिलाओं द्वारा बताया गया कि वे 4 से 5 हजार सिम कार्ड राजू सुल्तान को भेज चुकी हैं। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि दोनों महिलाओं ने आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर लोगों के बायोमेट्रिक लेकर कई हजार सिम कार्ड एक्टिवेट किए हैं।

यहां अपराधी यह भी विशेष रूप से ध्यान देते थे, कि इन खातों की विड्रॉल लिमिट कितनी है अधिक लिमिट वाले खाते इनकी प्राथमिकता में होते थे।

# गांजा तस्करी में दो लोगों को दस-दस साल की कैद

**अल्मोड़ा,अमृत विचार :** गांजा तस्करी के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दो आरोपियों को दस-दस साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि वर्ष 2021 में सल्ट पुलिस ने नैल कमान तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान राजू, निवासी हरथला थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद और सुरेंद्र, निवासी शेरवा धरमपुर, सिविल लाइन मुरादाबाद के कब्जे से 37 किलो गांजा बरामद हुआ।

# राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने पर मिलेगा एक लाख का इनाम

ब्यूरो, देहरादून



खेल मंत्री रेखा आर्या

**अमृत विचार :** राज्य में चार अक्टूबर से खेल महाकुंभ शुरू हो रहा है। युवा कल्याण एवं खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि खेल महाकुंभ में जो खिलाड़ी राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ेंगे, उन्हें एक लाख का इनाम मिलेगा।

जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक के बाद युवा कल्याण एवं खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस बार जिला स्तर पर खिलाड़ियों और जिलाधिकारियों को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी देने की शुरुआत की जा रही है। खेल महाकुंभ में जिस जिले को सबसे ज्यादा पदक मिलेंगे, उसके जिलाधिकारी को मुख्य ट्रॉफी से प्रदान की जाएगी। यह मुख्यमंत्री उदीयमान और मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के लाभार्थी खिलाड़ियों के लिए भी सुनहरा अवसर है। खेल मंत्री ने बताया कि खेल महाकुंभ का आगाज अल्मोड़ा से होने जा रहा है। प्रतियोगिताओं में 14 से 23 वर्ष के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

# 18वें दिन खुला राष्ट्रीय राजमार्ग

**टनकपुर,अमृत विचार :** 18वें दिन टनकपुर-चम्पावत हाईवे पर स्वाला के पास मार्ग सुचारू हुआ। यहां सैकड़ों फंसे वाहनों को निकाला गया। कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने रविवार को टनकपुर-चम्पावत एनएच 09 स्वाला का स्थलीय निरीक्षण कर यहां हो रहे भूधसाव के स्थाई समाधान के लिए तैयार किये जा रहे प्रस्तावों के बारे में एनएच एवं टीएचडीसी के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एनएच के मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता को कुछ दिन चम्पावत में ही कैंप करने के निर्देश दिए।

# पटेल भवन में छात्रों को दी एक्स्पायरी फ्रूटी, हड़कंप

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** पटेल भवन के कैंटीन संचालक ने शनिवार को छात्रों के भोजन में एक्स्पायरी डेट की फ्रूटी परोस दी, जिससे छात्र आक्रोशित हो उठे। छात्रों की शिकायत पर डीएसडब्ल्यू ने तत्काल फ्रूटी की पेटी नष्ट करवाकर मेस संचालक को जमकर फटकार लगाई और संबंधित व्यापारी से खाद्य आपूर्ति बंद करवा दी।

पंतनगर विवि में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को रहने के लिए परिसर में 22 छात्रावास बनवाए गए हैं। साथ ही भोजन व्यवस्था के लिए छात्रावासों में ही कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है। जिनका संचालन निजी संस्थाओं या व्यक्तियों को अनुबंध के आधार पर दिया जाता है। वर्तमान में प्रति छात्र प्रतिदिन (सुबह की चाय से शाम के भोजन तक) 120 रुपये शुल्क निर्धारित है। एक सप्ताह पूर्व महिला छात्रावासों (सुभाष और सरोजिनी भवन) में छात्राओं को परोसे गए भोजन में कीड़े निकलने का मामला सुर्खियां बना था। जिसकी गाज डीएसडब्ल्यू, वार्डन, प्रबंधक सहित छह लोगों पर गिरी थी।

# वन विभाग ने पकड़े आतंक बने बंदर

**टनकपुर :** पूर्णागिरि मार्ग से लगे गांव उचौलीगोठ में आतंक का पर्याय बन चुके करीब 50 बंदरों को वन विभाग की टीम द्वारा पिंजरे में कैद कर रानीबाग भेजा गया है। हल्द्वानी वन प्रभाग शारदा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी पीसी जोशी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने गांव उचौलीगोठ में पिंजरा लगाकर लगभग पचास बंदरों को पकड़कर रानीबाग भेजा गया जहां बंदरों का विशेष आधुनिक मशीन द्वारा बधियाकरण किया जाएगा। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पिंजरा लगा कर बंदरों को पकड़ा जा रहा है जिसके बाद उन्हें काठगोदाम रानीबाग सेंटर में भेजा जाता है।

# भाजयुमो नेता समेत 200 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पुलिस ने बलवा, तोड़फोड़ और आगजनी समेत अन्य गंभीर धाराओं में कार्रवाई की

**अमृत विचार :** अकेली युवती के घर में घुसने का आरोप लगाकर नूर मोहम्मद को बुरी तरह पीटा गया। उसके घर पर उपद्रव कर लोगों ने मोटर साइकिलों को आग लगा दी।

इस मामले में पुलिस ने नूर मोहम्मद की पत्नी रेहाना की तहरीर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विपिन पांडे समेत 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। देवगंगा विहार छड़ायल नायक गैस गोदाम रोड निवासी रेहाना पत्नी नूर मोहम्मद ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि देवगंगा विहार में उनके पति नूर मोहम्मद की मॉड्यूलर किचन की दुकान है। 26 सितंबर को उसके पति अपनी दुकान पर काम करने वाली लड़की के घर किसी काम से गये थे। लड़की के घर के पास रहने वाले लोगों ने नूर मोहम्मद पर गलत आरोप लगाते हुए उसे पकड़ लिया। उसे भीड़ ने पीटा और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

# पुरानी मुद्रा खरीदने का झांसा देकर 4.63 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- सिक्कों की कीमत डेढ़ करोड़ बताकर लगाई चपत
- फेसबुक पर देखा था विज्ञापन पंजीकरण के नाम पर की ठगी

**अमृत विचार :** पुरानी मुद्रा के शौकीन को जालसाजों ने अपना शिकार बना लिया। पीड़ित के पास मौजूद पुरानी मुद्रा को बड़ी कीमत पर खरीदने का झांसा देकर जालसाजों ने उनसे चार लाख 63 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने साइबर थाना पंतनगर में मुकदमा दर्ज कराया। अब इस मामले की जांच हल्द्वानी कोतवाली पुलिस कर रही है।

सिविल लाइंस भोटियापड़ाव निवासी हरप्रीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि इसी माह पांच सितंबर को उन्होंने फेसबुक पर पुरानी मुद्रा खरीदने का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए नंबर पर उन्होंने फोन किया और बताया कि उनके पास पुरानी मुद्रा है, जिसे वह बेचना चाहते हैं। जालसाज ने हरप्रीत से उनके पास मौजूद मुद्रा की फोटो भेजने को कहा। हरप्रीत ने ऐसा ही किया। जालसाज ने फोटो देखने के बाद हरप्रीत से कहा कि वह उनके पास मौजूद पुरानी मुद्रा के बदले डेढ़ करोड़ रुपये दे सकते हैं। इतनी बड़ी रकम सुनकर हरप्रीत खुश हो गए। इसके बाद जालसाज जो कहता गया, हरप्रीत करते गए। जालसाज ने हरप्रीत से पंजीकरण कराया। छह सितंबर को पंजीकरण के नाम पर पहला ट्रांजेक्शन कराया। इसके बाद अलग-अलग तरह के टैक्स बताकर 14 सितंबर तक 4,63,000 रुपये ठग लिए। जालसाज ने जब और पैसे मांगे तो हरप्रीत ने अपने दोस्त से उधार मांगे। दोस्त ने वजह पूछी तो ठगी का खुलासा हुआ। मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय :पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम् ॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता। जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दूध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है ।

## संपादकीय

# सुधारों की ओर

मेक इन इंडिया अभियान से देश की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हो रही है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए इस पहल ने ऐतिहासिक दशक पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अभियान जनांदोलन बना है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगातार बढ़ना भी हमारे मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है। वास्तव में देश को मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का केंद्र बनाना देशवासियों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और विदेशी निवेश को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान की सफलता में देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। अभियान के तहत अब जिन दो चीजों पर फोकस किया जा रहा है, उसमें पहला गुणवत्ता यानि देश में बनी चीजें वैश्विक मानकों की हों। दूसरा है 'वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। विभिन्न क्षेत्रों पर मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक प्रभाव नजर आते हैं। विश्व बैंक की ईज आफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट में वर्ष 2014 में 142वें स्थान से वर्ष 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचने से व्यापार की स्थिति में सुधार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। अभियान का ही असर है कि पिछले दस साल में भारत में हर घंटे एक स्टार्टअप लांच हुआ। सरकार के निरंतर प्रयासों से 30 जून तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे 15.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। 2014 से 2024 तक 667.4 अरब अमेरिकी डॉलर का संचयी प्रवाह आकर्षित किया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 119 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले एक दशक में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 165.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 69 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें 97.7 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रवाह देखा गया था। भारत लगातार सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। परंतु देश में निर्मित वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि जैसी चुनौतियों के चलते अभियान के तहत सफलता के साथ ही कुछ कमियां भी देखी गईं। अभियान का उद्देश्य आयात को कम करके निर्यात को बढ़ावा देना था, लेकिन निर्यात को बढ़ावा देने में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। इसके लिए देश में व्यापार के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण जरूरी है।

# जन भागीदारी से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। हाल के अमेरिका दौरे में भी प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को दोहराया है। देश का सपना एक विकसित राष्ट्र बनने का है और इसके लिए चलाए जा रहे अभियान के पीछे भारत की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति को तेज गति देने का उद्देश्य निहित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकसित भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की समग्र प्रगति को सुनिश्चित करना है, जिससे सभी नागरिकों को समान अवसर और सुविधाएं मिल मिलना संभव हो सके। अभियान के तहत बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री बार-बार भारत को विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या देश की जनता इस सपने को साकार करने में मन से जुड़ी हुई है? सरकार की कोशिश अपनी जगह है, पर हम लोग इस सपने को साकार करने के लिए क्या योगदान दे रहे हैं? क्या सचमुच इस अभियान से हमारा उतना जुड़ाव है, जिसकी जरूरत महसूस की जा रही है? इन सवालों पर गहन चिंतन करने की जरूरत है। कोई भी काम जनता की भागीदारी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। हमारे लिए विकसित भारत का सपना केवल सिर्फ आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस सपने को तभी साकार किया जा सकता है, जब इसमें जन-जन का जुड़ाव हो।

विकसित भारत के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। जन आंदोलन बनने पर ही इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित कर पाना संभव है। अगर हम अतीत पर नजर डालते हैं तो हमें जन भागीदारी के सफल उदाहरण दिखाई पड़ते हैं। एक समय ऐसा था, जब हमारे देश में लोगों का पेट भरने के लिए भी अनाज उत्पादन नहीं होता था। देशवासियों का पेट भरने के लिए अनाज का आयात अपरिहार्य था, मगर याद कीजिए, जब देश ने अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ठान ली तो जन-जन की भागीदारी इसमें हुई तो वह सपना साकार होने में देर न लगी। दुग्ध क्रांति का सपना

विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी।

भी ऐसा ही एक उदाहरण है। अन्न व दूध उत्पादन में सफलता के पीछे व्यापक जन जुड़ाव रहा है। देश को विकसित बनाने के लिए जन-जन को जागरूक करना ही होगा। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी। इसके साथ-साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समानता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार की दरकार है ताकि सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। रोजगार के अवसरों को बढ़ाना भी उतना ही जरूरी होगा। शिक्षा प्रत्येक देश के विकास का आधार होती है, लेकिन भारत की शिक्षा प्रणाली में अभी बहुत से सुधारों की दरकार है। हालांकि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाकर इस दिशा में काम शुरू किया है, मगर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा का असंतुलन, उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों की कमी और बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसका समाधान करने की जरूरत है। वहीं, स्कूली शिक्षा के साथ ही व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तथा श्रम शक्ति के कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार करना सबसे जरूरी काम है, जिसे विशेष अभियान के रूप में लिया जाना चाहिए। विकसित भारत के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में पर्यावरण को भी देखना चाहिए। औद्योगिक क्रांति के बिना विकसित भारत की कल्पना कर पाना बेहद मुश्किल है। अब छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए कदम बढ़ाने होंगे। आधुनिक तकनीक का सही उपयोग विकसित भारत की भावना को मजबूत करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और शहरी क्षेत्रों में बेहतर सेवाओं की ऊंची कीमतें एक बड़ी समस्या है। भारत की बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एक चुनौती है।

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है। एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी ढांचा आवश्यक है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में अभी भी काफी पीछे है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश के प्रशासनिक ढांचे में भी सुधार अपेक्षित है, क्योंकि भ्रष्टाचार, नौकरशाही और निर्णय लेने में देरी से विकास परियोजनाओं में बाधाएं आती हैं। सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन न होने से भी विकास दर पर असर पड़ता है। अगर राजनीतिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जाए तो यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारे देश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित बनाना होगा कि किसानों की आय को बढ़ाया और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस किया जाए। कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण विकास को गति देना भी उतना ही जरूरी है।

भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश के विकास के समक्ष एक प्रमुख चुनौती और बाधा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। वर्तमान में देश की जनसंख्या 140 करोड़ है, यूनाइटेड नेशन के अनुसार, जिसके 2050 में 167 करोड़ हो जाने का अनुमान है। इसके विपरीत चीन की जनसंख्या 130 करोड़ रह जाएगी, क्योंकि चीन अपनी जनसंख्या पर तेजी से नियंत्रण कर रहा है। इसके विपरीत हम जनसंख्या के मुकाबले में चीन को पीछे छोड़ आए हैं। जनसंख्या के दबाव में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग में वृद्धि हो रही है, लेकिन उपलब्ध संसाधन बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं। जनसंख्या के दबाव के कारण हमें अनेक समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। किसी भी विकसित देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमारे देश की जीडीपी अभी पांच ट्रिलियन भी नहीं है, जबकि अमेरिका की 30 ट्रिलियन और चीन की 20 ट्रिलियन है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 77 हजार डॉलर और चीन में 13 हजार डॉलर है जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2400 डॉलर यानी करीब नब्बे हजार रुपये ही है। आने वाले सालों में भारत में प्रति व्यक्ति आय 15 से 20 हजार डॉलर हो, तभी हम स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की बात कर सकते हैं। अभी तो हमारे यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ कमजोर है। स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग नहीं है। ह्यूमन डवलपमेंट इंडेक्स में 193 देशों में भारत 134 वें नंबर पर है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो हम कभी भी विकसित भारत नहीं बन पाएंगे।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारी जीडीपी में आठ से नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी आवश्यक है। पिछले दस सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने में सफलता मिली है, लेकिन अभी बहुत बड़ी तादाद में लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। विकसित भारत बनने की राह में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर करना होगा। नीतिगत सुधार जरूरी हों, वहां सरकार को आगे आना होगा, जहां जनता के काम करने की जरूरत हो, वहां जनता को स्वतः स्फूर्त खड़ा होना होगा। ऐसा होने पर ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेगा। विकसित भारत का सपना भारत के लोगों द्वारा भारत के लोगों के लिए ही देखा जा रहा है, यह अहसास हर किसी को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# वेश्याएं : हेय नहीं प्रेय भी

सामान्यतया समाज में वेश्याएं हेय मानी जाती हैं, लेकिन आदि काल से हर सभ्यता में इनका अस्तित्व रहा है। हम अपने देश और समाज की ही बात करते हैं। यह वर्ग पूरी तरह हेय या घृणास्पद नहीं था। इनका सम्मान भी होता रहा है।

वैदिक काल में इन्हें सद्वर्णी कहते थे और ये लाल रंग के परिधान और आभूषण धारण करती थीं। इन्हें शुल्क वसूल करके जीविकोपार्जन की अनुमति थी, उसके पहले इनका विवाह देवता से कर दिया जाता था। ये देव दासियां भी कही गईं। शुल्क लेकर रति न करने पर दोगुना अर्थ दंड देना होता था और ऐसा ही पुरुष के बारे में भी था। यदि वह रमणोत्तर शुल्क न दे, तो दूना अर्थदंड देय होता था। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम की वन से अयोध्या वापसी पर भरत ने शत्रुघ्न को उनके स्वागतार्थ पुर वासियों को एकत्र करने का निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि 'सूत, बैताल, राज महिषियां, गणिकाएं, ब्राह्मण आदि एकत्र किए जाएं। यही भरत जब वन में राम को मनाने के लिए गए और भारद्वाज आश्रम पर दल-बल के साथ रुके, तो ऋषि ने ब्रह्मा और कुबेर से कहकर बड़ी संख्या में सुंदरियां वहां बुलवाईं और चार रूपसियां सिर्फ भरत की सेवा में लगाईं, जिन्होंने नाच-गान आदि से उन्हें प्रसन्न किया। गणिकाओं के संघ भी थे। महाभारत में युद्ध के पहले जब श्रीकृष्ण समझौता प्रयास हेतु हस्तिनापुर गए तो कौरव पक्ष ने उनके स्वागतार्थ बहुत सी वेश्याएं भी भेजीं। उद्योग पर्व में युधिष्ठिर ने कौरवों को जो संदेश भेजा उसमें वेश्याओं के लिए भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गांधारी के दीर्घकालिक गर्भ धारण काल में धृतराष्ट्र की सेवा एक वेश्या ने की, जिससे युयुत्सु नामक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। उसका पालन-पोषण शिक्षा अन्य कौरवों की भांति ही रहा। वह धर्मात्मा भी था। पुराणों में भगवान द्वारा एक गणिका के उद्धार की भी कथा है। बौद्धकाल में वैशाली की आम्रपाली वेश्या जितनी श्लाघनीय थी, उतनी ही सम्मानिता भी। तथागत भी उसे 'आर्या अम्बा' कहते थे। तत्सयय स्त्रियों को भिक्षुणी न बनाने का प्रचलन था, किंतु भगवान बुद्ध ने उसे बनाया। शारदीय नवरात्र निकट हैं और दुर्गा जी की मूर्तियां निर्मित करने के लिए वेश्यालय की मिट्टी का भी समावेश किया जाएगा।

# बिना वर्दी की नौकरी बनाम वर्दी वाली नौकरी

प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह निर्णय लिया है कि राजस्व विभाग के लेखपाल, भूलेख निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार अब निर्धारित पोशाक पहनेंगे ताकि भीड़ के मध्य उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अवैध कब्जा अतिक्रमण आदि हटाने जैसे राजस्व कार्यों के निर्वहन के दौरान घटाने वाली अप्रिय घटनाओं में उनका बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यूं तो प्रत्येक काल में वर्दी वाली सेवा के प्रति राज्य के नागरिकों में विशेष लगाव रहा है, परंतु बिना वर्दी के राज्य की सेवा करने और वर्दी पहन कर राज्य की सेवा करने की परिस्थियां सर्वथा भिन्न होती हैं। सामन्यतः वर्दी वाले सेवाओं में आम आदमी का सबका पुलिस की वर्दी वाली सेवा से अधिक पड़ता है। हालांकि देश के कुछ राज्यों में सेना और अर्धसैनिक बलों वाली वर्दी के व्यवहार आदि से भी आम नागरिक परिचित होते रहे हैं।

यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के बाद भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में जाने का सौभाग्य जिन्हें मिला उन्हें आईएएस के रूप में बिना वर्दी की सर्वोच्च सेवा में शामिल होने का अवसर मिलता है। इसी परीक्षा के माध्यम से जिन्हें आईपीएस अथवा आईआरएस के रूप तैनाती मिलती है, वह वर्दी वाली सेवा होती है। ठीक इसी प्रकार राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को राज्य प्रशासनिक सेवा पीसीएस के रूप में बिना वर्दी की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है तथा इसी परीक्षा के माध्यम से पीपीएस, एआरटीओ, एक्साइज आदि विभाग की वर्दी के साथ सेवा का अवसर प्राप्त होता है। अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्याधीन सेवाओं में वर्दी और बिना वर्दी की सेवा के रूप में विभाजन तत्कालीन नीति नियंताओं की दूरदर्शिता



डॉ .अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है।

का परिणाम था। पौराणिक काल का संदर्भ लें तो राजा रामचंद्र से लेकर अनेक शासकों के द्वारा अपना राजसी चोला उतारकर आम नागरिक के रूप में जनता के बीच पहुंचकर उनके दुख दर्द जानने के अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं। यह उदाहरण इस तथ्य को समझने के लिए पर्याप्त हैं कि आमजन शासन की पहचान धारित करने वाली पोशाक की तुलना में सामान्य वेशभूषा में उनसे मिलने वालों के प्रति अधिक सहज अनुभव करते रहे हैं।

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है। उत्तर प्रदेश एक ऐसे राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसमें आजादी के बाद रियासतों के विलय के उपरांत नवाबों और जमींदारों के अधिकार में विद्यमान भूमि के अधिकारों को बिना किसी रक्तिम क्रांति के अत्यंत सहजता के साथ नागरिकों के मध्य स्वामित्व स्थानांतरण के रूप में जमीदारी कानून बनाकर लागू कर दिया गया। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में संत विनोबा द्वारा समूचे प्रदेश में की गई भूदान यात्रा के द्वारा दस्यु हृदय परिवर्तन और भूदान हेतु बनाए गए वातावरण की महती भूमिका रही है । कालांतर में भूदान के अंतर्गत दान में प्राप्त समस्त भूमि को ग्राम सभा के नियंत्रण में देकर स्वयं ग्राम सभा द्वारा उसके व्यवस्थापन की नीति बनाई गई। स्थानीय भूमि के व्यवस्थापन की इस नई नीति ने लेखपाल को ग्राम भूमि प्रबंधक समिति के सचिव के रूप में प्रतिष्ठा प्रदान की तो उसके पर्यवेक्षक अधिकारी भूलेख निरीक्षक और नायब तहसीलदार को ग्राम सभा की भूमि के समुचित व्यक्तियों के मध्य वितरण और उचित प्रबंधन की धुरी में स्थापित किया।

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के अनुरूप विकास की धुरी ग्राम में केंद्रित रखने की मुहिम के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाने वाले प्रदेश में बढ़ती हुई आबादी और सीमित भूमि की उपलब्धता के साथ स्थानीय राजनैतिक स्वार्थों के मध्य राजस्व विभाग के मुलाजिमों को ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया कि उनकी निष्ठाएं ग्राम स्वराज और शासन के प्रति न होकर सत्ताधारी राजनैतिक दलों के अनुरूप होती चली गई। कदाचित इसी परिस्थिति के चलते राजस्व विभाग के कर्मचारी जनता से कटते चले गए और आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि गांव के लेखपाल को अपने तैनाती स्थल पर जाकर भूमि की नाप जैसे मूलभूत कार्य करने के दौरान भी विरोध का सामना करना पड़ता है ।

ऐसे में शासन का यह निर्णय इस विभाग के कार्मिकों के लिए एक नई पहचान स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। बशर्ते कार्मिक पोशाक की गरिमा को बरकरार रखकर सावधानी और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे अन्यथा कई अन्य बदनाम वर्दियों में एक और नई वर्दी का नाम भी शामिल हो सकता है।

## सोशल फोरम

# संक्षिप्तीकरण के संकट

आजकल एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग अक्सर दिखता है। जब कोई घटना होती है, जैसे हवाई दुर्घटना या पायलटों की हड़ताल, तब वही एआई एयर इंडिया हो जाता है। एआई के जमाने में एआई ने खबरों में धमाका कर दिया।

अमेरिका जाने वाली उड़ान में खाने के पैक में कॉकरोच निकला। इतना कार्रवाई के लिए काफी था, क्योंकि यह लापरवाही की हद है, लेकिन शिकायतकर्ता ने भी नाटक में दृश्य जोड़ दिया कि खाने से बच्चा बीमार हो गया। यह सब तो जांच से मालूम होगा कि कॉकरोच पहले दिखा या थोड़ा बहुत खाने के बाद, लेकिन एक घटना याद आती है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

एक दमा का मरीज गंभीर हालत में वैद्य जी के पास गया। पल भर भी खांसी रुक नहीं रही थी। वैद्य जी अंदर घर में गए। वैद्य जी ने पत्नी से थोड़ा-सा गुड़ मांगा, हथेली पर रखकर उसे चूरा किया। कपड़ों वाला लकड़ी का बड़ा संदूक खोला। उसमें से तीन-चार कॉकरोच पकड़े, उनके पंख उखाड़कर फेंके और कॉकरोचों को गुड़ में मिलाकर मसल दिया। उस सामग्री से चार-पांच छोटी-छोटी

आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

गोलियां बनाईं। बाहर आए और एक-एक करके दस-पंद्रह मिनट के फासले से मरीज को वे गोलियां खिला दीं। आधा घंटा बीतते-बीतते मरीज की खांसी के साथ बलगम निकलने लगा। घंटे भर में उसे राहत मिल गई और उसके परिजन उसे लेकर वापस चले गए।

एक ओर गांव से बनारस तक की यात्रा में कॉकरोच की वजह बीमार आदमी को राहत मिल गई और दिल्ली से न्यूयॉर्क तक की यात्रा में कॉकरोच से बच्चा बीमार हो गया। तब सोशल मीडिया नहीं था। वैद्य जी के जादुई असर का व्यापक प्रचार नहीं हुआ। आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

– फेसबुक वॉल से

# माइक्रोप्लास्टिक : पर्यावरण से मानव मस्तिष्क तक

हाल ही में मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक के मौजूद होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ की ओर से प्रस्तुत किए गए एक शोध के अनुसार इंसानी दिमाग के ऊतकों में शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस गुना अधिक माइक्रोप्लास्टिक पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको, ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी एवं न्यू मैक्सिको ऑफिस ऑफ द मेडिकल इन्वेस्टिगेटर से जुड़े शोधकर्ताओं के द्वारा किया गया है। मानव शरीर में प्लास्टिक की मौजूदगी निस्संदेह गंभीर चिंता का विषय है।

आखिरकार हमारे शरीर में प्लास्टिक का प्रवेश कैसे संभव हुआ? इसका सीधा सा उत्तर है कि हमारे द्वारा अंतर्ग्रहण की जाने वाली वस्तुओं के माध्यम से ही प्लास्टिक का जहर हमारे भीतरी अंगों तक पहुंचा है। अब इन पदार्थों में भोजन, पानी एवं हवा तीनों शामिल हैं। शोध में यह पाया गया कि वर्ष 2016 एवं 2024 के बीच उपलब्ध नमूनों में समय के साथ माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा में तीव्र दर से वृद्धि हुई है। ऐसा पाया गया है कि वर्ष 2024 के नमूनों में वर्ष 2016 के नमूनों की तुलना में पचास प्रतिशत तक अधिक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी पाई गई। स्पष्ट है कि समय के साथ मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि मानव शरीर के अन्य अंगों जैसे रक्त, नसों, फेफड़े, किडनी, लीवर, अस्थि मज्जा, घुटने एवं कोहनी के जोड़ तथा प्रजनन अंगों में भी माइक्रोप्लास्टिक की



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर शाहजहांपुर

प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है।

मौजूदगी के सबूत मिल चुके हैं। हालिया शोध में मनुष्य के मूत्र, वीर्य एवं स्तन के दूध तक में भी माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को प्रमाणित किया गया है। सर्वाधिक चिंताजनक बात यह है कि मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस प्रतिशत तक अधिक पाई गई है। इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।

हम अपने दैनिक जीवन पर गौर करें तो यह पाएंगे कि शायद ही कोई क्षेत्र अथवा पहलू ऐसा हो जो प्लास्टिक से अछूता रह गया हो। खाने-पीने, लिखने-पढ़ने, उठने-बैठने से लेकर घूमने-फिरने तक प्रत्येक गतिविधि में किसी न किसी रूप में प्लास्टिक शामिल है, बल्कि अगर यह कहा जाए कि हमारा जीवन ही प्लास्टिकयुक्त हो चुका है तो इसमें कुछ भी गलत न होगा। प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है। प्लास्टिक आज के समय में भूमि, जल एवं वायु को प्रदूषित करने वाला सबसे बड़ा कारक है। महासागरों की सतह पर भी प्लास्टिक का ढेर जमा हो चुका है। भूमि पर तो जहां-तहां प्लास्टिक बिखरा ही हुआ है। मानव के द्वारा निष्कासित कचरे की कुल मात्रा का लगभग दस प्रतिशत प्लास्टिक कचरा है। प्लास्टिक का यह कचरा पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र एवं अंतिम रूप से मानव शरीर के लिए पूर्णतया घातक है। वर्तमान में माइक्रोप्लास्टिक की समस्या एक वैश्विक संकट का रूप ले चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के द्वारा वर्ष 2011 में प्लास्टिक का श्रेणी विभाजन किया गया था। इसमें 20 मिलीमीटर से अधिक आकार वाले प्लास्टिक को मैक्रोप्लास्टिक, 5 से 20 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक को मध्यम प्लास्टिक एवं 5 मिलीमीटर से कम आकार वाले प्लास्टिक को माइक्रोप्लास्टिक के अंतर्गत रखा गया है। आकार की सूक्ष्मता ही माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को और अधिक गंभीर रूप दे देती है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक के कण हवा, भोजन एवं पानी के माध्यम से बेहद सरलतापूर्वक मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। शरीर के अंदर पहुंचकर ये कण रक्त के माध्यम से मानव मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। शरीर में पहुंचने के उपरांत माइक्रोप्लास्टिक कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित करता है। नतीजतन कैंसर जैसे रोग शरीर पर बड़ी तेजी से आक्रमण करते हैं। आज माइक्रोप्लास्टिक के कण विश्व में हर जगह मौजूद हैं। आखिरकार इस विकट समस्या का समाधान क्या है? इतना तो निश्चित है कि यदि समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निवारण पर विचार न किया गया तो भविष्य में यह समस्या मानव शरीर के लिए एक नितांत खतरनाक संकट उत्पन्न करेगी। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष अनेकों मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक महासागरों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इसमें से अधिकांश मात्रा सूक्ष्म प्लास्टिक की होती है। महासागरों में दिन प्रतिदिन लगने वाला माइक्रोप्लास्टिक का ढेर महासागरीय तापमान में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है।

माइक्रोप्लास्टिक के कारण जन्म लेती समस्याओं एवं चुनौतियों के निस्तारण हेतु व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर ठोस सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने की महती आवश्यकता है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक जीवन की लगभग सभी प्रक्रियाओं से उत्पन्न हो रहा है। कपड़े धोने, गाड़ी चलाने से लेकर जटिल औद्योगिक गतिविधियों एवं प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग तक से माइक्रोप्लास्टिक के कणों का जन्म हो रहा है। समुद्र की गहराइयों से लेकर पर्वत की चोटियों तक माइक्रोप्लास्टिक के कण पहुंच चुके हैं। यदि हम सब ने अभी से इस समस्या के निवारण हेतु ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढियों इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मानसिक तनाव मुक्त जीवन महत्वपूर्ण

जो खोल लेते दिल अपना यारों के साथ/ तो आज खोलना न पड़ता औजारों के साथ। एक ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर के बाहर लिखी हुई ये पंक्तियां हृदय के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कारक की ओर संकेत करती हैं। ये बताती हैं कि एक मानसिक तनाव-मुक्त जीवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है। यदि हम मित्रों के साथ हंसते-बोलते रहेंगे, अपनी मानसिक परेशानियों को ऐसे लोगों के साथ साझा करते रहेंगे जो उन्हें समझ सकते हैं और हमें कुछ राहत पहुंचा सकते हैं, तो हमारा मानसिक तनाव कम रहेगा और इस बात का अच्छा प्रभाव हमारे हृदय पर पड़ेगा।





डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

मानसिक तनाव से मुक्त रहने पर हमारा रक्तचाप कम रहता है। रक्तचाप कम रहने से हमारे दिल पर बोझ कम पड़ता है। अधिक रक्तचाप का अर्थ होता है - खून की नलियों का प्रतिरोध अधिक है और हृदय को अधिक दबाव के साथ खून को आगे फेंकना पड़ रहा है। लंबे समय तक ऐसा होने पर हृदय ढीला हो कर बढ़ जाता है और अपना कार्य अच्छी तरह से नहीं कर पता है। तब कन्जेस्टिव हार्ट फैलियर नामक बीमारी हो सकती है। रक्तचाप बढ़ने से दिमाग, आंखों, फेफड़ों अथवा किसी अन्य महत्वपूर्ण स्थान की नस फट सकती है और व्यक्ति को गंभीर हानि पहुंच सकती है।

विश्व हृदय दिवस पर मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हम स्वास्थ्य के सामान्य नियमों का पालन करते रहें, हम अपने मन में क्षोभ, क्रोध, असंतोष, हठ न रखें, हम अपने मन में प्रेम-भाव रखें। जीवन बहुत छोटा है यह प्रेम बांटने के लिए ही पर्याप्त नहीं है तो फिर हम मन की खराब भावनाओं के लिए समय कैसे निकाल सकते हैं? हमें नहीं मालूम है कि हमारी इस जीवन-यात्रा में हमारा पड़ाव कब आ जाए।

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ मेडिकल कॉलेज के मुझसे अनेक वर्ष जूनियर -जो अब एसजीपीजीआई में हृदय रोग विशेषज्ञ थे - की मृत्यु हो गई। क्या हम जानते हैं कि हम यहां पर कब तक के लिए हैं? तो हम यहां जब तक के लिए हैं, तब तक प्रेम, स्नेह और सेवा जैसे भावों से मन को आप्यायित रखें। जहां यह चीज अन्य लोगों को सुख पहुंचाएगी, वहीं यह हमारे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक होगी। जीवन में जहां अन्य अनेक बातें महत्वपूर्ण हैं, वहीं ये बातें भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में इस बात को ऐसे कहा गया है ...क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः/ स्मृतिभ्रंशाद बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।

# अब ट्रैक पर मिला फायर सेफ्टी सिलेंडर

## कानपुर में पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी

- झांसी रूट पर भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर पड़ा मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** साबरमती, कालिंदी और प्रेमपुर स्टेशन की घटना में जांच अभी चल ही रही है कि रविवार तड़के झांसी रूट पर भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर रेलवे का सेफ्टी सिलेंडर पड़ा मिला। लाइन पर कुछ पड़ा देख मुंबई से लखनऊ जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट एके भसीन ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। नीचे उतरकर सेफ्टी सिलेंडर उठाकर कंट्रोल रूम को सूचना दी।

सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि सिलेंडर पर कैरिज एंड वैगन विभाग गोरखपुर लिखा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सिलेंडर गिरा या गिराया गया, इसकी जांच की जा रही है। छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से लखनऊ जंक्शन जा रही पुष्पक एक्सप्रेस 12534 रविवार तड़के 4.03 बजे भीमसेन से गोविंदपुरी की ओर जा रही थी। ट्रेन होल्डिंग लाइन से होकर सेंट्रल की ओर बढ़ रही थी।



छानबीन करती जीआरपी की टीम।





ट्रैक पर मिला सिलेंडर ।

### क्या होती है होल्डिंग लाइन

**कानपुर।** जब कोई ट्रेन आउटर पर पहुंचती है तो उसे सिग्नल का इंतजार करना पड़ता है। अगर सिग्नल मिला तो ट्रेन आगे बढ़ जाती है। सिग्नल नहीं है तो ट्रेन को आउटर व प्लेटफार्म के बीच स्थित होल्डिंग लाइन में होल्ड करा दिया जाता है। इसी बीच अन्य ट्रेनें गुजारने के बाद उस ट्रेन को प्लेटफार्म पर लिया जाता है। जहां ट्रेन को होल्ड किया जाता है वह होल्डिंग लाइन कहलाती है।

होल्डिंग लाइन पर चलने के कारण ट्रेन की स्पीड काफी कम थी। भीमसेन से करीब पांच किमी आगे लोको पायलट एके भसीन को होल्डिंग लाइन पर सिलेंडर पड़ा दिखा।

इस पर उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। नीचे उतरकर देखा तो सिलेंडर पर रेलवे की पर्ची लगी थी। इस पर कंट्रोल को सूचना दी और 4.19 बजे सिलेंडर लेकर सेंट्रल रवाना हुए। सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर सिलेंडर आरपीएफ के सुपुर्द किया। यहां जांच में पता चला कि गोरखपुर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने यह फायर सेफ्टी सिलेंडर जारी किया था। यह सिलेंडर कुशीनगर एक्सप्रेस का है। ट्रैक पर सिलेंडर मिलने से कुछ समय पहले ही गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस वहां से गुजरी थी। डिप्टी सीटीएम आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे के कैरिज एंड वैगन विभाग को मामले की जांच सौंपी गई है।

### बलिया में रेल पलटाने की साजिश की जांच करेगी एटीएस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में पटरियों के बीच पत्थर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश की जांच बलिया पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस के साथ अब एटीएस भी करेगी। एटीएस के पास कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच भी है। बतादें कि शनिवार को बलिया जिले के बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशन के बीच पत्थर के बड़े टुकड़े से लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस का इंजन टकराया था। हालांकि लोको पायलट की सूझबूझ हादसा टल गया।

## यूपी बार काउंसिल ने सीजेआई को भेजा पत्र

- न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा के स्थानांतरण की मांग

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा के विरुद्ध 27 सितम्बर को आपराधिक अवमानना की कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए मामला मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित करने के बाद प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। यूपी बार काउंसिल ने रविवार को बैठक कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है जिसमें मुख्य न्यायमूर्ति (सीजेआई) से मांग की गयी है कि न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा का किसी दूसरे राज्य में स्थानांतरण किया जाए। कहा गया कि जब तक उनका स्थानांतरण दूसरे राज्य में नहीं हो जाता है तब तक उन्हें किसी भी प्रकार का न्यायिक कार्य न दिया जाए। काउंसिल ने अपने प्रस्ताव की प्रति सुप्रीम कोर्ट के महानिबंधक के जरिये सीजेआई को प्रेषित की है। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने 27 सितंबर को एक मामले की सुनवायी के दौरान सतीश चंद्र मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना का केस चलाने के लिए प्रकरण को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित किया है।


# प्रदेश में मंडल और जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे ट्रेड शो

- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 का हुआ रंगारंग समापन
- 5.5 लाख विजिटर्स का बना रिकॉर्ड उद्यमियों को करोड़ों के आर्डर

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 की सफलता से खुश राज्य सरकार अब मंडल और जिला स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगी। इंडिया एक्सपो मार्ट में रविवार को ट्रेड शो के रंगारंग समापन समारोह में एमएसएमई (माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइज), खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार जीतने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कहा कि यह ट्रेड शो न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है। पिछले साल के 3 लाख के मुकाबले इस साल ट्रेड शो में साढ़े 5 लाख से अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर नया रिकॉर्ड बनाया। देशी और विदेशी बायर्स से मिले करोड़ों के ऑर्डर और बिक्री ने सरकार और उद्यमियों दोनों का उत्साह बढ़ाया। अगले वर्ष एक बार फिर 25 से 29 सितंबर को इसके तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। ट्रेड शो के आखिरी दिन हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रीति तिवारी ने कत्थक नृत्य नाटिका, जितेंद्र चौरसिया व टीम ने बुंदेली लोक गायन, देवेन्द्री शर्मा मंगलामुखी ने कथक नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया।



ट्रेड शो में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की संचालिका को सम्मानित करते एमएसएमई मंत्री।

### बरेली की अंजू की हैंडीक्राफ्ट को विदेश से मिले आर्डर

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** बरेली की अंजू की शिल्पकारी से सजे हैंडीक्राफ्ट और अपनी बुआ और बेटे के साथ लखनऊ से आई पल्लवी शर्मा की चिकनकारी विदेशियों को भा गई। ये पहली बार किसी ट्रेड शो में स्टाल लगाने आईं और उन्हें भूटान, श्रीलंका और दुबई से आर्डर मिल गए। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) में गली ब्वाय से ग्लोबल होने की कहानी सिर्फ अंजू व पल्लवी की नहीं है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के सपनों को नई उड़ान मिली है। बांस बरेली की पहचान को कायम रखने वाली बरेली की पिंकी दूसरी बार भी विदेशी खरीदार मिले हैं, लखनऊ के मो. फहीम और अकील की चिकनकारी इस बार भी विदेशियों को भाई। यही हाल पीलीभीत के के रिजवान की बांसुरी की रही, संभल के सहादत हुसैन का होर्न क्राफ्ट खूब पसंद आया। 2500 एग्जीबिटर्स और 350 विदेशी बायर्स के साथ ट्रेड शो में आए करीब पांच लाख आगंतुकों ने पांच दिनों में सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के काम को न सिर्फ सराहा, बल्कि खरीदारी से उत्साह भी बढ़ाया। मुरादाबाद के कारोबारी वीरेश गोस्वामी कहते हैं कि उनका होम डिकोर और फर्नीचर का कारोबार को ट्रेड शो में आने से बहुत फायदा हुआ। 6 लाख तक के ऑर्डर मिल चुके हैं। 15 लाख तक की बुकिंग हुई है, जिसे आगे चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा। फिरोजाबाद के ग्लास वेयर उद्यमी प्रतीश कुमार को पिछले ट्रेड शो के मुकाबले इस बार अधिक ऑर्डर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं है। कहते हैं कि पांच दिनों में स्टॉल पर देशी-विदेशी कारोबारी आए। ऑर्डर बहुत ज्यादा मिला है, जबकि हमारा प्रोडक्शन उतना नहीं है। इस वजह से डिलीवरी में भी देरी होने की संभावना है। पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आईं ग्रेटर नोएडा की उद्यमी गुरिंदर कौर ने बताया कि एक ही छत के नीचे उत्पाद बेचने की जगह तो मिली ही देशी-विदेशी कारोबारियों संग साझेदारी का भी मौका मिला।

### सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को दिया गया पुरस्कार

अंतिम दिन इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रत्येक हॉल में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में अमेजन क्राफ्ट (संभल), मुगल ओवरसीज़ (मुरादाबाद), आरोग्य (गौतमबुद्ध नगर) प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों की नवाचार भावना को और भी उजागर किया। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने इवेंट को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# कोचिंग में छात्रा से छेड़खानी शिक्षक को किया गिरफ्तार

- कोचिंग संचालक ने काकादेव थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट
- संचालक बोले- हिंदू छात्राओं को बनाता था शिकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** काकादेव में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ कोचिंग में छेड़खानी करने वाले बायोलॉजी के टीचर को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना का सीसीटीवी वायरल होने के बाद कोचिंग संचालक ने आरोपी टीचर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी टीचर 10 मिनट तक बाथरूम में छात्रा के साथ रहा था। कोचिंग संचालक ने आरोप लगाया कि मुस्लिम टीचर हिंदू छात्राओं को ही टारगेट कर अश्लीलता करता था। पुलिस जांच कर रही है।

काकादेव स्थित आई एंड आई कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव ने तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले कोचिंग के ऑफिस में उनके नाम से बंद लिफाफा पड़ा मिला था। उसमें एक पेन ड्राइव थी। पेन ड्राइव को लैपटॉप में लगाकर देखा गया तो उसमें एक सीसीटीवी दिखा। सीसीटीवी में कोचिंग में बायोलॉजी पढ़ाने वाला शिक्षक साहिल सिद्दीकी एक छात्रा के साथ कोचिंग परिसर में गलत कार्य कर रहा था। कोचिंग संचालक ने बताया कि साहिल से जानकारी करने पर वह उनके ऊपर भड़क गया और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाने लगा। बताया कि साहिल का एक अश्लील वीडियो पहले भी सामने आ चुका है। काकादेव पुलिस ने आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि जांच में शिक्षक के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं। आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छात्रा को भी बयान दर्ज कराने के लिए उसके परिजनों को बुलाया गया है।

# महायोजना में भू-उपयोग रजिस्ट्री में न लिखने पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

## मुरादाबाद निवासी अधिवक्ता इम्तियाज ने दाखिल की है याचिका

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महायोजना के अनुसार सार्वजनिक उपयोगिता के लिए रजिस्ट्री में प्रस्तावित भूमि का भू-उपयोग न लिखे जाने के मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार व प्रयागराज विकास प्राधिकरण से जवाब मांगा है। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता इम्तियाज हुसैन की जनहित याचिका पर विचार करते हुए पारित किया।



याचिका में बताया गया है कि देश सरकार द्वारा महायोजना के अनुसार पार्क, खुले क्षेत्र, हरित पट्टिका व क्रीड़ा स्थल के लिए प्रस्तावित भू-उपयोग का रजिस्ट्री में उल्लेख किए जाने संबंधी शासनादेश जारी किये गये थे, जिससे जमीन के क्रेता को प्रस्तावित भू-उपयोग की जानकारी हो सके और अवैध निर्माण की दशा में ध्वस्तीकरण सहित समस्त विधिक प्रक्रिया की जिम्मेदारी क्रेता की हो, लेकिन राजस्व विभाग के सजरा मानचित्र पर महायोजना के प्रस्तावित भू-उपयोग को सुपर इंपोज ही नहीं किया गया है और न ही स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा रजिस्ट्री के दौरान इसकी जांच की जाती है।

मूल रूप से जनपद मुरादाबाद निवासी व वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता इम्तियाज ने इस मुद्दे की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए याचिका दाखिल की, जिससे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के सभी जनपद स्तरीय रजिस्ट्री व स्टांप विभाग को निर्देशित किया जाए, जिससे महायोजना के अनुसार प्रस्तावित भू-उपयोग पर अवैध निर्माण की रोकथाम हो सके।

याची ने समान आवेदन मुरादाबाद में भी दाखिल किया था, जिस पर लेखपाल ने स्पष्ट रूप से बताया था कि अभिलेख पर सुपरइंपोज्ड मानचित्र उपलब्ध नहीं है और याची के अनुसार ऐसी स्थिति प्रयागराज सहित समूचे उत्तर प्रदेश में है। याचिका में यह भी तर्क दिया गया कि प्रस्तावित योजनाएं यानी मास्टरप्लान तथा किसी जोन के लिए क्षेत्रीय विकास योजना इस प्रकार उपलब्ध कराई जाए, जिससे कोई व्यक्ति उसे समझ सके। मामले की अगली सुनवाई आगामी 18 नवंबर को सुनिश्चित की गई है।

## सार-संक्षेप

### मथुरा में पेड़ों की कटाई मामले में 33 और गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसी।** मथुरा जिले की पुलिस ने 18 और 19 सितंबर की रात ताज ट्रेपेजियम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डालमिया फार्म में 450 से अधिक पेड़ों की कटाई में शामिल 33 और लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 33 आरोपियों को शनिवार को गुरु कृपा कुटीर से गिरफ्तार किया गया, जहां वे छिपे हुए थे। पुलिस ने बताया कि 450 से अधिक पेड़ों की कटाई करने के सरगना शिव शंकर सेठ उर्फ शंकर सेठ सहित छह आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि अब तक 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें से 33 को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। इस बीच, उप-पंजीयक अजय त्रिपाठी ने कहा कि जिस 35 एकड़ भूमि पर पेड़ काटे गए हैं, उसके लिए न तो कोई पंजीकृत डीड बनाई गई है और न ही बिक्री के लिए कोई समझौता किया गया है।

### गाजियाबाद में खड़े ट्रक से टकराई स्कूटी, 3 की मौत

**गाजियाबाद, एजेंसी :** मसूरी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक से टकराने की घटना में तेज रफ्तार स्कूटी सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मसूरी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 3 बजे हुई, जब तीनों युवक स्कूटी पर सवार होकर दिल्ली से मेरठ की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जब वे मसूरी थाना क्षेत्र में पहुंचे तो उनकी स्कूटी खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान बिट्टू, अंशु उर्फ मनमोहन (30) और विपिन भट्ट के रूप में हुई है। तीनों दिल्ली निवासी थे।

### आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से रहें सावधान

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आरक्षण का विरोध करती रही है। बसपा प्रमुख हरियाणा के करनाल में 30 सितंबर को चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि हरियाणा में हो रहे विधानसभा आम चुनाव के दौरान कांग्रेस की ओर से अनुसूचित वर्ग की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित होता है कि इस पार्टी में जब अभी सब कुछ ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा। ऐसे में अनुसूचित वर्ग कांग्रेस व भाजपा को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। जम्मू-कश्मीर में भी मतदाताओं को कांग्रेस, भाजपा व अन्य गठबंधन के मिथ्या वादे व बहकावे आदि में नहीं आना चाहिए।



# चारबाग स्टेशन पर पकड़े गए 1.97 लाख के नकली नोट

- आंवला का रहने वाला आमिर पकड़ा गया

**लखनऊ, अमृत विचार:** जीआरपी की टीम ने रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर नकली नोट के गिरोह के सक्रिय सदस्य को दबोचा। उसके पास से 1.97 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए। सभी नोट 500-500 रुपये के हैं। टीम का दावा है कि पश्चिम बंगाल से संचालित गिरोह के सदस्य वहीं से नकली नोट लाकर बरेली में सप्लाई करते हैं।

जीआरपी के सीओ विकास पांडेय ने बताया कि आरोपी आमिर खान को स्टेशन पर पकड़ा गया है। मूलरूप से बरेली के आंवला सुनहरी मस्जिद के पास मोहल्ला खेड़ा निवासी आमिर दिल्ली के मदनपुर खादर सरिता बिहार में किराए पर रहता है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि सरिता बिहार में जूते की दुकान पर काम करता है। करीब डेढ़ महीने पहले दोस्त आफताब अपने मामा नज मूलहक उर्फ राजन खान को दुकान पर लेकर आया। उसके बाद से उसके मामा दुकान पर मिलने आने लगे। 11 सितंबर को शादी में शामिल होने बरेली आया, तो घर पर ही रुक गया। एक दिन आफताब के मामा का फोन आया। उन्होंने बरेली में मिलने के लिए पूछा तो उन्हें अपने गांव बुला लिया। मिलने पर उन्होंने बताया कि हम मालदा पश्चिम बंगाल से जाली नोट का काम करते हैं।

इंस्पेक्टर संजय खरवार ने बताया कि पूछताछ में आमिर ने कुबूल किया कि एक पैकेट जाली नोट पहुंचाने पर 5 से 10 हजार रुपए देने वादा किया गया । इसके बाद आरोपी मालदा राजन खान के घर चला गया।

## वर्ग पहेली-207

**बाएं से दाएं**

2. 1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा; क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।

3. 1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।

4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।

6. 1. नायक 2. गणेश।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।

2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।

4. 1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।

5. 1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता।



### वर्ग पहेली -206 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ड़ | | | 2 वि | |
| | | 3 ह | ठ | यो | ग |
| 4 पा | | | | ज | |
| 5 षा | ण् | 6 मा | सि | क | |
| ण | | ल | | | 7 रे |
| म | | 8 वि | ला | य | त |
| णि | | का | | | ना |

## सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 4 | 1 | | | |
| | 3 | | | | 2 | | 7 | 4 |
| | | | | 3 | | 8 | | |
| | 9 | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 3 |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 3 | | 6 | | | | |
| 5 | 1 | | 7 | | | | 9 | |
| | | | 4 | 1 | | 3 | 2 | 7 |

### सुडोकू - 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19 .06 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** — आज आप दोस्तों के साथ गेम्स में काफी रुचि ले सकते हैं। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ के मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिंता दूर होगी।

**वृष** — आज अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वायदा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

**मिथुन** — आज व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। समाज सेवा में आप काफी सहभागी रहेंगे। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है।

**कर्क** — आज आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती है। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें।

**सिंह** — आज अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बहुत बड़ी सफलता मिल सकती है। परिवार को भी आप पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों और मंत्र आदि में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कन्या** — आज अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय दुखी होगा। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**तुला** — आज नई पॉलिसी में धन निवेशित कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की संभावना है। नौकरी में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक** — आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव दूर होगा। समाज और कार्यक्षेत्र में लोग आपका काफी सम्मान करेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**धनु** — आज सरकारी अधिकारियों के लिए सुकून दायक हो सकता है। आपके सुझावों से बांकी लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। बच्चों के साथ खेलकूद का आनंद लेंगे। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे।

**मकर** — आज अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम नहीं हो रहे हैं।

**कुंभ** — आज शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**मीन** — आज जॉब में आपके ऊपर जिम्मेदारी का दबाव बढ़ेगा,लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आपकी आलोचना कर सकते हैं। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 06 .19 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
कुदरत का कानून — सुबह : 09 .55
सर्कस — रात : 07 .45

**&pictures**
खूंखार — सुबह : 11 .06
वेलकम बैक — रात : 08 .00

**SONY PIX**
रैमपेज — दोपहर : 12 .01
वंडर वूमैन — रात : 08 .45

**ZEE CINEMA**
एनकाउंटर शंकर — सुबह : 11 .29
दबंग — रात : 08 .00

**ZEE ACTION**
खिलाड़ी — सुबह : 10 .54
विश्वात्मा — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया।
पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

## एक नजर

### आईटी कंपनी के कर्मी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आईटी कंपनी के कर्मचारी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस दौरान हुआ जब कर्मचारी शौचालय गया था। मृतक की पहचान एचसीएल टेक्नोलॉजीस के वरिष्ठ विश्लेषक नितिन एडविन माइकल के रूप में हुई है। सोनेगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि नितिन मिहान इलाके में स्थित कंपनी के कार्यालय के शौचालय में शाम सात बजे गया था, लेकिन वह वहां बेहोश पाया गया। सहकर्मी उसे नागपुर स्थित एम्स ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### गुरमीत राम रहीम ने 20 दिन की मांगी पैरोल

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और दुष्कर्म के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल का अनुरोध किया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह अनुरोध पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले किया गया है। आचार संहिता लागू होने से डेरा प्रमुख का पैरोल का आवेदन निर्वाचन कार्यालय भेज दिया गया है, जिसने जेल विभाग से अनुरोध के पीछे ऐसे आकस्मिक और आवश्यक कारण बताने को कहा है, जो चुनाव के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करने को उचित ठहराते हों। डेरा प्रमुख ने पैरोल अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने की बात कही है।

### वेल्डिंग मशीन में विस्फोट एक की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के भरथल गांव में रविवार सुबह वेल्डिंग मशीन में विस्फोट होने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक बिजवासन इलाके के माया राम है। घायलों में राकेश, फैयाज, समीर है। घायलों का सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें द्वारका के सेक्टर 25 के पास भरथल गांव में तेल टैंकर में काम करते समय वेल्डिंग मशीन में विस्फोट से कुछ लोगों के घायल होने की कॉल प्राप्त हुई थी।

### शराब माफिया के हमले में छह पुलिसकर्मी घायल

**बेगूसराय।** लाखो थाना क्षेत्र में देसी शराब बनाने में शामिल लोगों के समर्थकों द्वारा किए हमले में थानाध्यक्ष (एसओ) और एक उपनिरीक्षक (एसआई) समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह घटना तब हुई, जब लाखो थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में टीम शनिवार रात 11 बजे बहादपुर मुसहरी टोला में देसी शराब बनाने में शामिल लोगों के घर पर छापा मारने गई थी। पुलिस कर्मी जब वहां पहुंचे, तब अवैध शराब बनाने वालों के समर्थकों ने पुलिस दल पर पथराव कर दिया। घटना में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# पूर्व सरकारों की कार्य संस्कृति को किया खत्म

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**पुणे, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती सरकारों पर शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए योजना और दूरदृष्टि की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर वही पुरानी कार्य संस्कृति होती तो पुणे मेट्रो परियोजना का काम आगे नहीं बढ़ पाता। मोदी ने कहा कि उन्होंने इस पुरानी कार्य संस्कृति को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान ये बातें कहीं।

मोदी का 26 सितंबर को निर्धारित पुणे दौरा शहर में भारी बारिश के कारण रद कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो खंड का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया और मेट्रो को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कहा कि पुणे मेट्रो के प्रथम चरण के पूरा होने से शहर में लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तरह अगर सोचने का वही पुराना तरीका होता तो पुणे मेट्रो का काम पूरा नहीं हो पाता। मोदी ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण शहर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी क्षमता बढ़नी चाहिए। यह तभी संभव है, जब सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाए। यही महायुति सरकार (महाराष्ट्र में) का दृष्टिकोण है।

प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से भिड़ेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के पहले बालिका विद्यालय स्मारक की आधारशिला रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ विरासत को भी संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का आधुनिकीकरण हो, लेकिन यह हमारे मौलिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। सावित्रीबाई फुले द्वारा शुरू किए गए स्कूल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश ने देखा है कि जब महिलाएं सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी लेती हैं तो क्या प्रभाव पड़ता है। अगर महाराष्ट्र विकास करता है तो देश भी उसका अनुसरण करेगा।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### भगवान विट्ठल के भक्तों को मिला विशेष उपहार

प्रधानमंत्री मोदी ने पुणे शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है। मोदी ने बताया कि टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे से व्यवसाय, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हिमाचल व कर्नाटक में राहुल की गारंटी हो गई विफल : शाह

**चंडीगढ़, एजेंसी**



- हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राहुल गांधी की चुनावी गारंटियां हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में विफल हो गई हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। शाह ने गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करती है लेकिन हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में गांधी की गारंटियां असफल हो गईं।

शाह ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई वादा नहीं करती जिसे पूरा न किया जा सके। राहुल बाबा एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती और डबल इंजन वाली सरकार ही राज्य का विकास करेगी। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को गरीब, दलित, युवा और किसान विरोधी करार दिया। चूंकि भाजपा के कुछ बागी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए शाह ने इंद्री में लोगों से कहा कि वे वोट कमल पर डालें। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर शाह ने बादशाहपुर की रैली में कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा विधान से समस्या है हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि केंद्र के वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है और कहा था कि वे इसका विरोध करेंगे। शाह ने कहा कि सेना में हर 10वां सैनिक हरियाणा से होता है। इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक ने वन रैंक वन पेंशन की मांग पूरी नहीं की और वह मोदी सरकार थी जिसने 2015 में यह लागू किया।

# कांग्रेस ने प्राथमिकी पर वित्त मंत्री से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विपक्षी दल ने चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई

कांग्रेस ने रद हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के संबंध में शिकायत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रविवार को भाजपा पर हमला बोला और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दल ने पूरे चुनावी बॉण्ड योजना की विशेष जांच दल (एसआईटी) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी के साथ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड की साजिश से पैसे ऐंठने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल हुआ। इसके तहत प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के माध्यम से वसूली हुई। वित्त मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह राजनीतिक, कानूनी और नैतिक रूप से दोषी हैं। रमेश ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश पर दर्ज की गई। कांग्रेस चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर रही है और वह इस मांग को दोहराती है। सिंघवी ने भाजपा पर लोकतंत्र कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

### निर्मला सीतारमण दे इस्तीफा: प्रियांक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए कथित तौर पर पैसा मांगने के लिए अदालत के आदेश पर निर्मला सीतारमण के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उनसे इस्तीफा देने की मांग की। प्रियांक ने आरोप लगाया कि कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए भाजपा को चंदा दिया और अदालत ने वैध आधार पर पुलिस को सीतारमण व अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

### लिंग निर्धारण सर्जरी से पहले मनोचिकित्सक की अनुमति जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार प्री-हार्मोनल थेरेपी या लिंग निर्धारण सर्जरी के इच्छुक ट्रांसजेंडरों को मनोचिकितसक से अनुमति लेना जरूरी है। एसओपी में कहा गया है कि जहां तक स्त्री रोग विशेषज्ञों का सवाल है तो उन्हें यह पूछना चाहिए कि रोगी को नाम और सर्वनाम के संदर्भ में किस तरह से संबोधित किया जाना चाहिए, और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिन शब्दों का उपयोग करें वे सुरक्षा, गरिमा व सम्मान के सिद्धांतों के अनुरूप हों। एसओपी दस्तावेज में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्तमान प्रणाली के मुताबिक लैंगिक असंगति का मूल्यांकन और प्रमाणन करना होगा। लैंगिक असंगति का मतलब किसी के अनुभव किए लिंग और निर्धारित लिंग में फर्क होना होता है।

### सेंथिल बालाजी सहित तीन अन्य ने ली शपथ

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने रविवार को द्रमुक नेता वी सेंथिल बालाजी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। बालाजी को कुछ दिन पहले नशोधन के मामले में जमानत मिली थी। द्रमुक के तीन अन्य विधायकों आर राजेंद्रन (सेलम-उत्तर), गोवी चेझियान (तिरुविदाईमारुदुर) और एस एम नासर (अवाडी) ने भी रापद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि भी मौजूद थे, जो पहले ही उपमुख्यमंत्री बनाए जा चुके हैं।

### उत्तर बंगाल में बाढ़ चिंताजनक केंद्र मदद नहीं कर रहा : ममता

**कोलकाता/सिलीगुड़ी।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को खतरनाक बताया। उन्होंने दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा कि कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। कोसी नदी क्षेत्रों में बारिश से, बिहार के कई स्थान और बंगाल के मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले के पास भविष्य में प्रभावित होंगे। केंद्र पर राज्य की मदद नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि याद दिलाने के बावजूद केंद्र ने फरक्का बैराज का रखरखाव कार्य नहीं किया और इसकी जल-धारण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है।



### उद्योगपति ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने रविवार को प्रसिद्ध उद्योगपति श्रीपॉल ओसवाल से सात करोड़ ठगने वाले अंतर्राज्यीय साइबर जालसाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.25 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। गिरोह के सात अन्य सदस्यों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गिरोह के सभी नौ सदस्य असम और बंगाल के हैं। जालसाजों ने वर्धमान समूह के मालिक एसपी ओसवाल के बैंक खातों से सात करोड़ निकाले। उनमें से एक ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और उद्योगपति को फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया तथा डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी दी।

- आरोपियों के पास से 5.25 करोड़ रुपये किए गए बरामद

# दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आजीवन सहायता का किया आह्वान राज्यों को दिए सुझाव

सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति की अध्यक्ष जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बच्चों के लिए दिव्यांगता सहायता प्रणालियों में सुधार का आह्वान किया है, जिसमें आंकड़ों का सटीक संग्रह, आजीवन वित्तीय सहायता और शिक्षा में समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा विषय पर कार्यक्रम में नागरत्ना ने दिव्यांग बच्चों के समर्थन में होने वाले प्रयासों के अंतराल को रेखांकित किया और इस मुद्दे के समाधान के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों की सुरक्षा के लिए एक राज्य कार्य योजना विकसित करें, जिसकी समीक्षा और निगरानी राज्यों और उच्च न्यायालयों की किशोर न्याय समितियों द्वारा की जाएगी।

### आचार संहिता का उल्लंघन 23 अधिकारी निलंबित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने पर 23 सरकारी अधिकारियों को निलंबित और छह तदर्थ एवं अस्थाई कर्मियों की सेवाएं समाप्त की गईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोल ने कहा कि चुनाव प्रचार में सरकारी कर्मचारियों की भागीदारी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर 23 अधिकारियों को निलंबित और छह संविदा एवं तदर्थ कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की गई हैं। शिकायतों पर 20 और कर्मियों को अन्य तहसीलों या जिलों में स्थानांतरित किया गया है।

### महिलाओं की भागीदारी के बिना समानता मुमकिन नहीं

**नई दिल्ली।** सही मायने में समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वास्तविक परिवर्तन लाने को उत्साहित आधी आबादी से रविवार को शक्ति अभियान में शामिल होने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं के हितों के लिए समान अवसर उपलब्ध करना है। राहुल ने एक्स पर कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज, यह पहल महिला नेतृत्व के सशक्त कारवां में बदल चुकी है।



### दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने मनमोहन

**नई दिल्ली।** जस्टिस मनमोहन ने रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज निवास में हुए समारोह में शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई लोग उपस्थित रहे। सतीश चंद्र शर्मा को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने के बाद मनमोहन को 9 नवंबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। मनमोहन प्रख्यात नौकरशाह-राजनेता, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और दिल्ली के उपराज्यपाल रहे जगमोहन के बेटे हैं।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### जमा वृद्धि को नए उत्पाद लाने की तैयारी में एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा है कि जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नए उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है। अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ, ग्राहक वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे हैं, और उन्होंने नवीन निवेश साधनों की तलाश शुरू कर दी है। शेट्टी ने कहा कि आज ग्राहक मूल्य प्रस्ताव पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है और परिसंपत्ति आवंटन की अवधारणा को अधिक महत्व मिलेगा।

### आईबीए को 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) को शुरू हो रहे नवीकरणीय ऊर्जा भारत एक्सपो (आरईआई) 2024 के दौरान 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। बायोगैस परिचालकों, विनिर्माताओं और संयंत्र योजनाकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला अग्रणी निकाय आईबीए इस उच्चस्तरीय आयोजन से मिलने वाले अवसरों के प्रति आशान्वित है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा कि आरईआई-2024 में बायोगैस क्षेत्र में 1,600 करोड़ के निवेश की घोषणा होने की उम्मीद है। एक्सपो में गत वर्ष की तुलना में 20% अधिक भागीदारी होने की उम्मीद है।

### भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है : मंत्री

**औरंगाबाद।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। दुबे ने कहा कि थर्मल पावर प्लांटों के पास अभी 20 से 25 दिनों का कोयले का स्टॉक है। भारत में अभी कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। 2023-24 में कोयला का अब तक का सबसे ज्यादा 997 मिलियन टन उत्पादन हुआ और 2024-25 में हम इस लक्ष्य को पार करने का प्रयास कर रहे हैं। विद्युत क्षेत्र के लिए निर्बाध कोयला आपूर्ति की गई है और सर्वे में नई कोयला खदानों का पता चल रहा है।

# शेयर बाजार में एफपीआई ने किए 57,359 करोड़ रुपये निवेश

## फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी

- इस वर्ष एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ के आंकड़े को किया पार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये निवेश किए हैं, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।

डिपॉजिटरी के अनुसार इस साल 2024 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। शोध विश्लेषक कंपनी गोलफाई के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक एवं सीईओ रॉबिन आर्य ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद से एफपीआई दांव लगा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है।

### शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.21 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270.83 करोड़ रुपये का उछाल आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 53,652.92 करोड़ बढ़कर 20,65,197.60 करोड़, एसबीआई 18,518.57 करोड़ बढ़कर 7,16,333.98 करोड़, भारती एयरटेल 13,094.52 करोड़ बढ़कर 9,87,904.63 करोड़, आईटीसी 9,927.3 करोड़ बढ़कर 6,53,834.72 करोड़, टीसीएस 8,592.96 करोड़ बढ़कर 15,59,052 करोड़, एचडीएफसी बैंक 8,581.64 करोड़ बढ़कर 13,37,186.93 करोड़, एलआईसी 8,443.87 करोड़ बढ़कर 6,47,616.51 करोड़, इन्फोसिस 459.05 करोड़ बढ़कर 7,91,897.44 करोड़ रुपये रहा।

# निश्चित आय : वित्तीय दुनिया के महत्वपूर्ण हिस्से

निश्चित आय और ऋण बाजार निवेश का क्षेत्र आज की वित्तीय दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बढ़ती ब्याज दरें और मुद्रास्फीति ने निवेशकों के लिए कई चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं, लेकिन इसके साथ ही नए अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। व्हार्टन स्कूल का यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को फिक्स्ड-इनकम निवेश और जोखिम प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। आइये इस पर नजर डालें...

**मुद्रा कारोबार कोष :** ये बॉण्ड विभिन्न ऋण उपकरणों में निवेश करते हैं और नियमित रूप से निश्चित ब्याज रिटर्न देते हैं।

**डेट म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड सरकारी और कॉर्पोरेट बांड, वाणिज्यिक पत्र, मुद्रा बाजार उपकरणों आदि में निवेश करते हैं।

**बांड :** कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं और निश्चित ब्याज दर के साथ लौटाए जाते हैं।

**मुद्रा बाजार उपकरण :** जैसे ट्रेजरी बिल्स, वाणिज्यिक पत्र। ये अल्पकालिक निवेश होते हैं, जिनकी परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है।

**बैंक जमा :** सुरक्षित निवेश विकल्प, जिसमें छोटी और लंबी अवधि दोनों के लिए ब्याज मिलता है।

**सरकारी योजनाएं :** जैसे सामान्य भविष्य निधि और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना जो कर छूट और स्थिर ब्याज दर प्रदान करती हैं।

### निवेशकों के लिए लाभ

**स्थिरता :** यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो सुरक्षित और स्थिर रिटर्न चाहते हैं।

**कम जोखिम :** खासकर वृद्ध निवेशक और जोखिम से बचने वाले निवेशक इन प्रतिभूतियों को पसंद करते हैं।

**नियमित आय :** रिटायरमेंट के बाद नियमित आय प्राप्त करने के लिए ये योजनाएं अच्छी मानी जाती हैं।



### ध्यान देने योग्य बातें

**मुद्रास्फीति जोखिम :** मुद्रास्फीति के बढ़ने पर इनके वास्तविक रिटर्न में कमी आ सकती है।

**ब्याज दर जोखिम :** ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं।

**कराधान :** इन प्रतिभूतियों से प्राप्त आय पर कर का भुगतान करना होता है और दीर्घकालिक -अल्पकालिक कर लाभ नियम अलग होते हैं।



**सुरक्षा :** आमतौर पर, सरकारी बांड अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।

**स्थिरता :** निश्चित आय उपकरणों से नियमित आय सुनिश्चित होती है।

**कम जोखिम :** शेयर बाजार की तुलना में कम उतार-चढ़ाव होता है।

**ऋण बाजार :** ऋण बाजार वह जगह है जहां निवेशक विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरण खरीदते और बेचते हैं। कॉर्पोरेट बांड, नगरपालिका बांड, और अन्य ऋण साधन। इसमें दीर्घकालिक और लघुकालिक ऋण उपकरण शामिल होते हैं।

**उपयोग :** कंपनियां और सरकारें पूंजी जुटाने के लिए ऋण बाजार का उपयोग करती हैं।

**ब्याज दरें :** ऋण बाजार की ब्याज दरें बाजार की मौजूदा आर्थिक स्थिति के आधार पर बदलती हैं।

# आयकर अधिनियम समीक्षा : सरकार अगले महीने उद्योग से सुझाव करेगी आमंत्रित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उद्योग मंडलों की गत बैठक में सरकार ने कहा था- आयकर पोर्टल में ऐसी सुविधा बनाएंगे, जिसमें सुझाव दिए जा सकेंगे

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने पर सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने को नहीं है। पुराने प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

### 60,000 करोड़ जुटाने की तैयारी में कई कंपनियां

**नई दिल्ली।** दो माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां 60,000 करोड़ जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन भी आईपीओ ला रही हैं। इक्विरास के प्रबंध निदेशक मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे।

# 7% की वृद्धि के साथ रोजगार का सृजन नहीं कर रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा- सरकार को श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 7% की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

राजन ने कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है।

### जीएसटीएन ने किया जीएसटी रिटर्न का आंकड़ा बहाल

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त 2017 के मासिक रिटर्न का आंकड़ा पोर्टल पर बहाल किया गया है। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे। जिन्हें अभिलेखागार (आर्काइव) में रखा जाएगा। उद्योग जगत ने इसे लागू करने से पहले समय मांगा था, ताकि वे जीएसटी पोर्टल से आंकड़े डाउनलोड कर सकें।

## एक नजर

### नॉर्थ कैरोलाइना में विमान दुर्घटना में कई की मौत

**मैंटिओ।** नार्थ कैरोलाइना के मैंटिओ में राइट ब्रदर्स नेशनल मेमोरियल्स फर्स्ट फ्लाइट एयरपोर्ट में एक इंजन वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मौत हो गई। नेशनल पार्क सर्विस ने यह जानकारी दी। नेशनल पार्क सर्विस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दुर्घटना शनिवार शाम पांच बजे हुई, उस वक्त विमान हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। किल डेविल हिल्स जिले के दमकल विभाग और अन्य स्थानीय दमकल विभागों ने आग बुझाई।

### मनीला में आग लगने से 6 लोगों की मौत, एक घायल

**मनीला।** फिलीपीन की राजधानी मनीला में रविवार सुबह होने से पहले एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें छह महीने का बच्चा और एक साल का बच्चा भी शामिल है, जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी रोडरिक एंड्रेस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 3 :50 बजे मनीला शहर के टोंडो जिले में एक चार मंजिला घर की दूसरी मंजिल पर आग लग गई।

### सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार का मिला समर्थन

**लंदन।** लेबर पार्टी द्वारा कुछ वर्ष पहले स्वीकार की गई इस्लामोफोबिया की त्रुटिपूर्ण परिभाषा को कानूनी रूप दिए जाने के खिलाफ अभियान चला रहे एक ब्रिटिश सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार के इस कदम से प्रोत्साहन मिला है कि यह प्रस्ताव ब्रिटेन के समानता अधिनियम के अनुरूप नहीं होगा। द नेटवर्क ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशंस (एनएसओ) ने इस महीने की शुरुआत में उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर और सरकार में धार्मिक मामलों के मंत्री लॉर्ड वाजिद खान को पत्र लिखकर आगाह किया था कि प्रस्तावित परिभाषा भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास के तथ्यात्मक अवलोकन को भी जोखिम में डाल देगी।

### बलूचिस्तान में पंजाब के सात मजदूरों की हत्या

**इस्लामाबाद/कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आतंकवादियों ने हमला कर पंजाब प्रांत के कम से कम सात मजदूरों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने बताया कि मुल्तान के मजदूरों की शनिवार देर रात उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वे पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादन इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में सो रहे थे।

### ताइवान ने चीन के मिसाइल परीक्षण का पता लगाया

**ताइपे।** चीन द्वारा कुछ दिनों पहले प्रशांत महासागर में सफलतापूर्वक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण करने की जानकारी देने के बाद ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसने चीन के भीतर कई मिसाइल के दागे जाने का पता लगाया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मिसाइलों का प्रक्षेपण चीन की रॉकेट फोर्स और चीनी सेना द्वारा इनर मंगोलिया के साथ-साथ गांसु और किंगहाई प्रांतों और पश्चिमी चीन के शिनजियांग क्षेत्र में किया गया।

# श्रोता ही हैं मन की बात के असली सूत्रधार, सकारात्मक बातें लोगों को पसंद: मोदी

## प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी में स्वच्छता मुहिम के प्रति किया प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रोताओं को मन की बात कार्यक्रम का असली सूत्रधार करार देते हुए रविवार को कहा कि इस रेडियो कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है और सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण उन्हें बहुत पसंद आते हैं। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी को संबोधित करते हुए मोदी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया और लोगों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया।

मन की बात की इस कड़ी के साथ ही इसके 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की लंबी यात्रा में ऐसे कई पड़ाव आए जिन्हें वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा हमारी इस यात्रा के कई ऐसे साथी हैं जिनका हमें निरंतर सहयोग मिलता रहा है। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं।



मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर एक धारणा ऐसी गढ़ी गई है कि जब तक किसी कार्यक्रम में चटपटी और नकारात्मक बातें न हों तब तक उसे ज्यादा तवज्जो नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा लेकिन मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण लोगों को बहुत पसंद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह कार्यक्रम से जुड़ी चिट्ठियों को पढ़ते हैं और पाते हैं कि देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं और उनमें देश एवं समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है तो उन्हें गर्व होता है।

मन की बात की यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर ईश्वर के दर्शन करना। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के अलावा इसके प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले मीडिया समूहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के 10 साल पूरे हो रहे हैं और हर क्षेत्र में निर्यात बढ़ रहा है तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बढ़ोतरी इसकी सफलता का प्रमाण है।

### झांसी की जल सहेली ने घुरारी नदी को दिया जीवन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण का आह्वान करते हुए उत्तर प्रदेश महिला समूह जल सहेली और मध्य प्रदेश की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि बारिश के दिनों में बचाया गया पानी जल संकट के महीनों में बहुत मदद करता है। मोदी ने कहा मुझे खुशी है कि पानी के संरक्षण को लेकर कई लोग नई पहल कर रहे हैं। ऐसा ही एक प्रयास उत्तर प्रदेश के झांसी में देखने को मिला है। आप जानते ही हैं कि झांसी के बुंदेलखंड की पहचान पानी किल्लत से जुड़ी हुई है। यहाँ कुछ महिलाओं ने घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। उन्होंने आगे कहा ये महिलाएं सेल्स हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं और उन्होनें जल सहेली बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन जल सहेलियों ने बोरियों में बालू भरकर चेकडैम तैयार किया। बारिश का पानी बर्बाद होने से रोका।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान ने अधिक संख्या में पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदें

**नई दिल्ली।** मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर फिर से सिर्फ मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदने की रविवार को अपील की। मोदी ने कहा इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान मेक इन इंडिया को 10 साल पूरे हुए हैं।


# हिजबुल्ला का शीर्ष कमांडर नबील कौक ढेर

## इजराइल के हवाई हमले में मारा गया सातवां प्रमुख सदस्य, यमन में हूतियों के ठिकानों को बनाया निशाना

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक और प्रमुख सदस्य नबील कौक को मार गिराया है। इससे पहले, शुक्रवार को बेरूत में समूह का प्रमुख नेता हसन नसरल्ला भी मारा गया था। हिजबुल्ला ने कौक की मौत की पुष्टि की है। एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

इससे पहले हिजबुल्ला ने पुष्टि की थी कि उसके एक शीर्ष कमांडर अली कराकी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। इजराइली सेना ने पहले कहा था कि कराकी की मौत हवाई हमले में हुई। इजराइल का कहना है कि हमले में कम से कम हिजबुल्ला के 20 अन्य आतंकवादी मारे गए, जिनमें नसरल्ला के दो करीबी सहयोगी भी शामिल हैं। दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के 12 से अधिक कस्बों और गांवों पर रविवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 24 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल में सैकड़ों रॉकेट और मिसाइले दागना जारी रखा है, लेकिन उनमें से ज्यादातर को हवा में ही नष्ट कर दिया गया या वे खुले क्षेत्रों में गिर गए। कौक 1980 के दशक से ही हिजबुल्ला का शीर्ष सदस्य था और इससे पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य कमांडर के रूप में काम कर चुका था। अमेरिका ने 2020 में उसके खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी। लेबनान में इजराइली हवाई हमलों में दो सप्ताह से भी कम समय में कम से कम 1,030 लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि इजराइल पर हाल ही में हुए हमले के जवाब में दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों पर हमले किए हैं।





हिजबुल्ला का मारा गया शीर्ष कमांडर नबील कौक (फाइल)। हमले के बाद बेरुत की ध्वस्त इमारतें।

### इजराइल से बात करेंगे, पश्चिम एशिया में पूर्ण युद्ध टाला जाना चाहिए : बाइडन

**डोवर (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को कहा कि वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करेंगे और उनका मानना है कि पश्चिम एशिया में पूर्ण युद्ध से बचा जाना चाहिए। वाशिंगटन के लिए एयरफोर्स वन विमान में सवार होते समय बाइडन ने कहा हमें वास्तव में इसे रोकना है। राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब रविवार को लेबनान में इजराइल के हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह नेतन्याहू से कब बात करेंगे।

### चीन ने सभी पक्षों और इजराइल से तनाव घटाने की अपील की

**बीजिंग।** इजराइली बमबारी में ईरान समर्थित हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की मौत के बाद, चीन ने रविवार को संबंधित पक्षों खासकर इजराइल से पश्चिम एशिया में संघर्ष को अनियंत्रित होने से रोकने के लिए तनाव घटाने के वास्ते तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान किया। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन इस घटना पर करीबी नजर रख रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ने से काफी चिंतित है। इसके अलावा चीन ने भी एक सलाह जारी करके अपने नागरिकों से संघर्ष तेज होने के कारण लेबनान की यात्रा न करने के लिए कहा है। चीन लेबनान की संप्रभुता और सुरक्षा के उल्लंघन का विरोध करता है, निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का विरोध और निंदा करता है।

### सीरिया में अमेरिकी हवाई हमलों में 37 आतंकवादी मारे गए

**बेरूत।** सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इसने कहा कि मृतकों में दो शीर्ष आतंकवादी थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि उसने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हमला किया, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। उन्होंने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी जिसमें उन्होंने मध्य सीरिया में एक दूरस्थ अज्ञात स्थान पर आईएस प्रशिक्षण शिविर पर बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया था।

### नसरल्ला के मारे जाने के खिलाफ कराची में पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प

**कराची।** इजराइली हमले में उग्रवादी संगठन हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्ला के मारे जाने के खिलाफ पाकिस्तान के कराची में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हिजबुल्ला नेता की हत्या का विरोध जताने के लिए अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर जा रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। कराची पुलिस ने बताया कि धार्मिक-राजनीतिक पार्टी मजलिस वहदत मुस्लिमीन ने रैली का आह्वान किया था।


# पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो बड़ा राहत पैकेज देते

श्रीनगर, एजेंसी

- रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा- जम्मू कश्मीर का वर्तमान विशेष पैकेज पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि से काफी बड़ा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि यदि पड़ोसी देश ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे होते तो भारत पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगे गए पैकेज से भी बड़ा राहत पैकेज देता। बांदीपुरा जिले के गुरेज विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के लिए घोषित प्रधानमंत्री विकास पैकेज का जिक्र किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, मोदी जी ने 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी जो अब 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह राशि पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि (राहत पैकेज के रूप में) से कहीं अधिक है। सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रसिद्ध कथन का उल्लेख किया कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, मैंने कहा, मेरे पाकिस्तानी दोस्तों, हमारे बीच तनावपूर्ण संबंध क्यों हैं, हम पड़ोसी हैं। अगर हमारे बीच अच्छे संबंध होते, तो हम आईएमएफ से अधिक धन देते। सिंह ने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर को विकास के लिए धन देता है जबकि पाकिस्तान लंबे समय से वित्तीय सहायता का दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, वह अपनी धरती पर आतंकवाद की फैक्ट्री चलाने के लिए दूसरे देशों से धन मांगता है।



बांदीपुरा में चुनावी रैली को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के खिलाफ आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने वाला पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ गया है और उसके कुछ विश्वस्त सहयोगी भी पीछे हट गए हैं। उन्होंने कहा, जब भी हमने आतंकवाद की जांच की है, तो हमें पाकिस्तान की संलिप्तता ही मिली है।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 148 मौतें

काठमांडू, एजेंसी

- पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न 64 लोग लापता कई घायल

नेपाल में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर रविवार को 148 हो गई। पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है और देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 64 लोग लापता हैं और 61 लोग घायल हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कम से कम 322 मकान और 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,626 लोगों को बचाया।

सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान अब भी जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने काठमांडू घाटी में पिछले 40-45 साल में इतनी विनाशकारी बाढ़ नहीं देखी। सशस्त्र पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। काठमांडू के पास स्थित धादिंग जिले में शनिवार को एक बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तापुर शहर में भूस्खलन में एक मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई।



### भूस्खलन में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की भी गई जान

मकवानपुर में ऑल इंडिया नेपाल एसोसिएशन द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र में भूस्खलन की घटना में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की जान चली गई और अन्य लोग बाढ़ के पानी में बह गए। मंगलवार तक बारिश जारी रहने के अनुमान के बावजूद रविवार को थोड़ी राहत मिली। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) में जलवायु और पर्यावरण विशेषज्ञ अरुण भक्ता श्रेष्ठ ने कहा मैंने काठमांडू में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ नहीं देखी। आईसीएमओडी द्वारा शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि काठमांडू की मुख्य नदी बागमती शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी तथा मध्य नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## प्रधानमंत्री स्टार्मर के नेतृत्व पर सांसद ने उठाए सवाल

**लंदन।** ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की एक सांसद ने प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। स्टार्मर के जुलाई में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनके लिए यह पहला करारा झटका है। लेबर पार्टी की ओर से केंटबरी का प्रतिनिधित्व करने वाली रोजी डफील्ड इस्तीफे के बाद अब निर्दलीय सांसद की हैसियत से हाउस ऑफ कॉमंस की सदस्य रहेगीं। डफील्ड का इस्तीफा द संडे टाइम्स में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने स्टार्मर की कठोर और अनावश्यक नीतियों को लेकर उन पर हमला बोला। डफील्ड ने दावा किया कि उनके इस्तीफे की कई वजह हैं, लेकिन मुख्य कारण सरकार की अलोकप्रिय नीतियां हैं। डफील्ड ने अपने त्यागपत्र में कहा वे (नीतियां) कठोर व अनावश्यक हैं।

# रूसी क्षेत्र में घुसे यूक्रेन के 125 ड्रोन को किया नष्ट

कीव, एजेंसी

- मॉस्को ने कहा- फरवरी 2022 के बाद बड़ी संख्या में ड्रोन देखे गए

रूसी क्षेत्र में रविवार को घुसे यूक्रेन के 125 से अधिक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। इसके चलते वन क्षेत्र और एक अपार्टमेंट के हिस्से में आग लग गई। मॉस्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद से रूसी आसमान में सबसे बड़ी संख्या में यूक्रेनी ड्रोन देखे गए हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सात क्षेत्रों में ड्रोनों को नष्ट किया। रूसी वायु रक्षा द्वारा वोल्गोग्राद क्षेत्र में सबसे अधिक 67 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया गया। गवर्नर अलेक्सांद्र गुसेव ने बताया कि वोरोनिश में 17 ड्रोन देखे गए, जिन्हें नष्ट करने के दौरान गिरे मलबे से एक अपार्टमेंट के हिस्से को नुकसान पहुंचा। तस्वीरों में एक ऊंची इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल की खिड़कियों से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं।

### कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता विनाश की ओर धकेल रही

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उप विभाग प्रमुख किम यो जोंग ने एक बयान में कहा कि कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता एक बड़ी गलती है जो दुनिया को परमाणु तबाही की ओर धकेल रही है। किम, जो उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन भी हैं। उन्होंने कहा हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन की नव-नाजी कठपुतली सरकार को 8 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता की है।

## यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित किया जाए : पोप फ्रांसिस

**ब्रसेल्स।** पोप फ्रांसिस ने यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि बिशप को पादरियों के अपराधों पर पर्दा डालना बंद करना चाहिए। फ्रांसिस की बेल्जियम यात्रा रविवार को संपन्न हो गई। इस दौरान, उन्हें यहां के यौन शोषण के मामलों को लेकर आक्रोश का सामना करना पड़ा। इन मामलों की वजह से कैथोलिक चर्च की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं। फ्रांसिस ने बेल्जियम के मुख्य खेल स्टेडियम में एकत्र 30 हजार लोगों को संबोधित करते हुए कहा बुराइयों को हर हाल में सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बुराइयों को नहीं छिपाया जाना चाहिए। फ्रांसिस (87) ने उत्पीड़न के शिकार 17 लोगों से शुक्रवार रात मुलाकात की थी।

**नकदी संकट : पाकिस्तान में छह मंत्रालय भंग**

# आईएमएफ से करार के तहत डेढ़ लाख पद किए समाप्त

इस्लामाबाद, एजेंसी

- जी20 में शामिल होने के लिए अर्थव्यवस्था में सुधार करना होगा

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से हुए करार के तहत रविवार को प्रशासनिक खर्चों को कम करने के लिए लगभग डेढ़ लाख सरकारी पदों को खत्म करने, छह मंत्रालयों को भंग करने और दो मंत्रालयों को आपस में मिलाने का ऐलान किया।

पाकिस्तान ने सात अरब अमेरिकी डॉलर के कर्ज के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ हुए करार के तहत सुधारों को अपनाने पर सहमति जताई है। आईएमएफ ने 26 सितंबर को पाकिस्तान के लिए आर्थिक सहायता पैकेज को अंततः मंजूरी दे दी थी। खर्चों में कटौती करने, सकल घरेलू उत्पाद में कर के अनुपात को बढ़ाने, कृषि और रियल स्टेट जैसे गैर-परंपरागत क्षेत्रों पर कर लगाने, कुछ राजकोषीय जिम्मेदारियों को प्रांतों को सौंपने व सब्सिडी सीमित करने के प्रति पाकिस्तान के प्रतिबद्धता जताने पर आईएमएफ ने पहले चारण के तहत एक अरब डॉलर की राशि उसके लिए जारी कर दी। अब पाकिस्तान को जी20 में शामिल होने के लिए अर्थव्यवस्था में सुधार करना होगा।

## अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान से 64 लोगों की मौत

**पेरी (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान के कारण भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में शनिवार को कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। भारी बारिश के कारण लोग फंसे हुए हैं और लाखों लोगों को बिना बिजली के अंधेरे में रहना पड़ रहा है। फ्लोरिडा के स्टीनहैची की निवासी जनालेया इंग्लैंड ने कहा कि मैंने पहले कभी इतने लोगों को बेघर होते नहीं देखा जितने मैं अब देख रही हूं। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में गुरुवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी और उस दौरान 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। इसके बाद तूफान ने जॉर्जिया की ओर रुख किया।

**तकरार** मेघालय सरकार ने नहीं दी हवाईअड्डे पर उतरने की अनुमति, गोरक्षा समूह ने पूर्वोत्तर के राज्यों में रैली, सभा और ध्वज स्थापित करने कि की थी घोषणा

# आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज

शैलेश अवस्थी, शिलांग

जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने शिलांग में गोप्रतिष्ठा रैली की घोषणा की थी, लेकिन सरकार ने अनुमति नहीं दी, तो उन्होंने हवाई यात्रा के दौरान मेघालय में आकाश मार्ग पर गोध्वज फहरा कर अपना संकल्प पूरा करने का संदेश दिया। शंकराचार्य के नेतृत्व में गोरक्षा समूह पूरे देश, खासतौर पर पूर्वोत्तर राज्यों में गोरक्षा रैली, सभा और गोध्वज फहराने की घोषणा की थी। इसके तहत गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने, देश में गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की गई है।

नागालैंड, मिजोरम और अरुणानांचल ने पहले ही गोरक्षा समूह के इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी । इसका विरोध बड़े पैमाने पर विरोध के मद्देनज़र मेघालय सरकार ने भी गोप्रतिष्ठा रैली की अनुमति देने से इंकार कर दिया था । मेघालय के दबाव समूहों ने साफ कहा कि गोमांश उनके मुख्य आहार में शामिल है और यह प्राचीन परंपरा है। यहां गोरक्षा जैसा आंदोलन किसी सूरत में नहीं चलने देंगे। गोरक्षा आंदोलन की कड़ी में शंकराचार्य पूरी टीम के साथ चार्टर्ड विमान से त्रिपुरा के अगरतला हवाईअड्डे पर उतरे, पर उन्हें वहां से बाहर निकलने और रैली करने की अनुमति नहीं दी गई । जद्दोजहद के बाद वह बीते शनिवार को शिलांग (मेघालय) के लिए उड़ान भरने को तैयार हुए, लेकिन उन्हें सूचना मिली कि वहां भी विरोध के चलते सरकार ने अनुमति नहीं दी है । शिलांग के उमरोई हवाईअड्डे पर बड़े पैमाने पर लोग विरोध के लिए एकत्र हो गए और कानून व्यवस्था के लिए समस्या खड़ी हो गई। इसके बाद गोरक्षा समूह ने शिलांग में कार्यक्रम स्थगित कर दिया और उनके विमान ने गुवाहाटी के लिए उड़ान भरी। इस बीच जैसे ही विमान आकाश मार्ग से मेघालय में बादलों के बीच पहुंचा, शंकराचार्य ने गोध्वज फहरा कर संदेश जारी किया कि हमने अपना संकल्प पूरा कर लिया है। अन्य राज्यों में धरती पर 21 फुट, तो मेघालय में 21 हज़ार फुट ऊंचाई पर आकाश में गोध्वज फहरा दिया। यह भी कहा कि वे फिर मेघालय आएंगे, समर्थकों से मिलेंगे और सार्वजनिक आयोजन भी करेंगे । गोरक्षा आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में जाने की अनुमति नहीं मिलने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। गोरक्षा को लेकर शंकराचार्य टीम सहित भारत यात्रा पर हैं। यह यात्रा 26 अक्टूबर तक चलेगी ।



जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद।

### ज़बरदस्त विरोध के कारण सरकार बैकफुट पर

मेघालय में गोरक्षा आंदोलन के खिलाफ यहां के दबाव समूहों ने बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया था, बवाल की आशंका थी । सरकार में भाजपा के दो मंत्री भी खिलाफ हो गए थे । तब मुख्य सचिव ने बैठक कर मेघालय में गोरक्षा रैली की अनुमति न देने का फैसला लिया । मेघालय में खासी छात्र समूह के महासचिव थबाह ने कहा कि मेघालय की परंपरा, संस्कृति और खानपान से छेड़छाड़ करने की आजादी किसी को नहीं दी जाएगी, जो गोमांश का विरोध करेगा, उसे साथ भी नहीं बैठने देंगे ।